# कार्यालय निदेशक
## स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, राँची

डोरंडा बाजार पानी टंकी परिसर, प्रथम तल, डोरंडा बाजार, राँची–834002 फैक्स नं.–0651–2481593

पत्र संख्या: ........512....../SBM (G) दिनांक : 31/5/16

**प्रेषकः** **राजेश कुमार शर्मा, भा.प्र.से.**
मिशन निदेशक,
स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा0)
झारखण्ड, राँची।

**सेवा में,**

Email

**सभी कार्यपालक अभियंता–सह–सदस्य सचिव**
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड।

**विषयः स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा0) के अन्तर्गत निर्माण किये जा रहे शौचालयों की गुणवत्ता को सुनिश्चित करने के लिए दिशा–निर्देश के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत कहना है कि दिनांक 3 मई 2016 को कार्यपालक अभियन्ता एवं जिला समन्वयक, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग तथा INGOs के प्रतिनिधियों के साथ गुणवत्तापूर्ण शौचालयों के निर्माण विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया था। इस कार्यशाला में शौचालय निर्माण के तकनीकी पहलुओं पर सभी के द्वारा विचार–विमर्श कर गुणवत्तापूर्ण शौचालयों के निर्माण पर सहमति बनायी गई। यह निर्णय लिया गया कि शौचालय निर्माण के तकनीकी पहलुओं पर एक दिशा–निर्देश जारी किया जाएगा। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा0) के मार्गदर्शिका में शौचालय निर्माण के संबंध में ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति तथा लाभुक द्वारा निर्णय लिये जाने की स्वतंत्रता के संबंध में दिशा–निर्देश हैं परन्तु शौचालय निर्माण के तकनीकी पहलुओं पर समरूपता तथा गुणवत्ता को सुनिश्चित करने के लिए यह दिशा–निर्देश जारी किये जा रहे हैं। आप सभी से अपेक्षा है कि निम्नलिखित पहलुओं को शौचालय निर्माण के दौरान तथा राजमिस्त्री प्रशिक्षण के दौरान सुनिश्चित किया जाय तथा यह भी सुनिश्चित किया जाय कि शौचालय का निर्माण केवल प्रशिक्षित राजमिस्त्रियों के द्वारा ही किया जाय।

शौचालय निर्माण से पूर्व उपयुक्त स्थल का चयन एवं ले–आउट लिया जाना सुनिश्चित किया जाय तथा शौचालय निर्माण का क्रम नीचे से उपर की ओर हो (लीच पीट से सुपर स्ट्रक्चर तक)। ध्यान रहे कि शौचालय को घर के नजदीक अथवा घर की दीवार से लगकर बनाया जा सकता है। यह आवश्यक नहीं कि शौचालय का निर्माण हमेशा घर से दूर ही किया जाय।

इन प्रत्येक चरणों से संबंधित निम्नलिखित तकनीकी पहलुओं का ध्यान रखा जाय।

(क) लीच पीट तथा ढक्कन का निर्माण

(ख) शौचालय क चबुतरे का निर्माण, पैन–ट्रैप को फिक्स करना तथा जंक्शन चेम्बर/वाई चेम्बर का निर्माण

(ग) शौचालय के उपरी ढाँचे, पानी की टंकी एवं छत का निर्माण

(घ) आसानी से खुलने एवं बंद होने वाले दरवाजे लगाना तथा शौचालय का रंग–रोगन।

कृ0पृ0उ0..

स्वच्छ भारत

**(क) लीच पीट तथा ढक्कन का निर्माण**

(i) प्रत्येक शौचालय में दो लीच पीट का निर्माण अनिवार्य है। दोनों लीच पीट की गहराई 3 फीट तथा लीच पीट की गोलाई का व्यास भीतर ओर 3 फीट होना अनिवार्य है तथा किसी भी हालात में लीच पीट की गहराई 3 फीट से अधिक नहीं होनी चाहिये इससे जल स्रोत दूषित हो सकता है।

(ii) लीच पीट की सतह को कच्चा रखा जाना है (प्लास्टर नहीं किया जाय) तथा नीचे का पहला रददा 10 ईंच (खड़ा ईंट) का होगा उसके बाद 5 ईंच की जोड़ाई अधिकतम 1 ईंच का अन्तर रखकर करना है।

(iii) ध्यान रहे कि यह जोड़ाई गोलाकार होनी चाहिये तथा प्रत्येक दो इंटों के मध्य आधा से एक ईंच की जालीदार जोड़ाई की जानी है।

(iv) लीच पीट के सबसे उपरी रददे की भी बिना जालीदार जोड़ाई किया जाना है। इसी रददे पर जंक्शन चेम्बर से आने वाला पाईप फिक्स करना है ताकि पाईप से नीचे लीच पीट की गहराई 3 फीट सुनिश्चित की जा सके।

(v) लीच पीट की जोड़ाई में उपयोग किये जाने वाले सिमेंट–बालू का मिश्रण 1 : 6 के अनुपात में बनाना है।

(vi) लीच पीट के लिए आर.सी.सी. रिंग का भी प्रयोग किया जा सकता है किन्तु रिंग में लीचिंग की व्यवस्था को सुनिश्चित किया जाना होगा। यह ध्यान में रखना है कि इस प्रकार के रिंग एक घन मीटर से अधिक के न हों।

(vii) किसी भी स्थिति में दोनों लीच पीट के बीच की दूरी 3 फीट से कम न हो तथा दोनों लीच पीट पेयजल स्रोत से कम से कम 10 मीटर (30 फीट) की दूरी पर हो।

(viii) लीच पीट को ढँकने के लिए बनाये जाने वाले ढक्कन को आर.सी.सी. से बनाया जाना है तथा इसकी मोटाई ढाई ईंच होना अनिवार्य है। लीच पीट के ढक्कन के निर्माण में 6 मी.मी. छड़ का प्रयोग करना है तथा प्रत्येक ढक्कन में छड़ के दो घेरों के साथ बनाना है।

**(ख) शौचालय का चबुतरे का निर्माण, पैन–ट्रैप को फिक्स करना तथा जंक्शन चेम्बर/वाई चेम्बर का निर्माण**

(i) शौचालय के चबुतरे का निर्माण लीच पीट से अधिकतम 3–4 फीट की दूरी पर किया जाना है, चबुतरे का आकार वर्गाकार होगा जिसकी लम्बाई–चौड़ाई 3.5 x 3 फीट भीतर के माप से हो।

(ii) चबुतरे का स्थान लीच पीट से न्यूनतम 9 ईंच की उँचाई पर हो तथा चबुतरे की जोड़ाई 3 रददा 10 ईंच की जोड़ाई से करनी है।

(iii) चबुतरे पर रूरल पैन, पी–ट्रैप एवं पाँवदान लगाना है। ग्रामीण पैन 17 से 19 ईंच की लम्बाई वाली होनी चाहिए।

(iv) पैन को चबुतरे की पिछली दीवार से 9 ईंच की दूरी पर तथा बाईं एवं दायीं ओर से एक–एक फीट छोड़कर मध्य में लगाना है। पी–ट्रैप से 4 ईंच गोलाई का पी.वी.सी. पाईप जंक्शन चैम्बर तक लगाना है।चबुतरे की पिछली बाहरी दीवार से सटाकर 1फीट x 1 फीट वर्गाकार जंक्शन चेम्बर बनाना है। जंक्शनचेम्बर की गहराई न्यूनतम 6 ईंच होनी आवश्यक है।

(v) जंक्शन चेम्बर से दो 4 ईंच गोलाई की पी.वी.सी. पाईप जिनकी लम्बाई 3 फीट हो उससे दोनों लीच पीट को जोड़ा जायेगा। पाईप लीच पीट के उपरी रददे में फिक्स करना है तथा पाईप के नीचे लीच पीट की गहराई 3 फीट होनी चाहिये।

(vi) जंक्शन चेम्बर के एक पाईप को कच्ची जोड़ाई कर छोड़ देना है तथा दूसरे पाईप से एक गडढे की तरण मल निकासी की व्यवस्था करनी है। जंक्शन चेम्बर का वर्गाकार ढक्कन 1 x 1 फीट आर.सी.सी. द्वारा तैयार कर ढँकना है एवं आस–पास की मिट्टी से उसे ढँक देना है। इसी प्रकार दोनों गडढों के ढक्कन को भी दोनों लीच पीट पर रखकर मिट्टी से किनारों की तरफ अच्छी तरह से ढँक देना है ताकि बाहर का पानी भीतर न जा सके।

कृ०पृ०उ०..

(vii) पैन, वाटर सील (पी–ट्रैप), जंक्शन बॉक्स को फिक्स करने से पहले पानी डालकर ढलान एवं वाटर शील की जाँच कर लें।

**(ग) शौचालय के उपरी ढाँचे, पानी की टंकी एवं छत का निर्माण**

**(घ) आसानी से खुलने एवं बंद होने वाले दरवाजे लगाना तथा शौचालय का रंग–रोगन।**

सभी कार्यपालक अभियन्ताओं को निर्देशित किया जाता है कि अपने जिले में लीच पीट वाले शौचालय के निर्माण को प्रोत्साहित करना है तथा सेप्टिक टैंक वाले शौचालय के निर्माण से बचना है। ध्यान रहे कि 12000/–रूपये शौचालय निर्माण की राशि न होकर प्रोत्साहन राशि है। अतः लाभुक यदि अतिरिक्त राशि लगाकर और बेहतर शौचालय का निर्माण करना चाहता है तो उसे प्रोत्साहित किया जाय। जल जमाव वाले क्षेत्रों में बायो डाईजेस्टर तकनीक (DRDO तकनीक अनारोबिक पद्धति युक्त) का शौचालय एक बेहतर विकल्प हो सकता है जिसे प्रोत्साहित किया जा सकता है।

विश्वासभाजन
31/5/16

**(राजेश कुमार शर्मा)**
निदेशक, SBM(G)
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

Email
ज्ञाप संख्याः SBM(G)/Mass Media-33/16 512/SBM (G) दिनांक : 31/5/16
प्रतिलिपिः श्री संजीव झा, GSF, झारखण्ड/श्री सुमन्त्रो मुखर्जी, WaterAid, झारखण्ड को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक, SBM(G)
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

Emai
ज्ञाप संख्याः SBM(G)/Mass Media-33/16 512/SBM (G) दिनांक : 31/5/16
प्रतिलिपिः श्री कुमार प्रेमचन्द, WASH Specialist, यूनिसेफ को सूचनार्थ एवं आवश्यक IEC material/ Checklist तैयार करने हेतु प्रेषित।

निदेशक, SBM(G)
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

Email
ज्ञाप संख्याः SBM(G)/Mass Media-33/16- 512/SBM (G) दिनांक : 31/5/16
प्रतिलिपिः सभी उपायुक्त–सह–अध्यक्ष, जिला जल एवं स्वच्छता समिति, झारखण्ड को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक, SBM(G)
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

Email
ज्ञाप संख्याः SBM(G)/Mass Media-33/16- 512/SBM (G) दिनांक : 31/5/16
प्रतिलिपिः प्रधान सचिव, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, राँची को सूचनार्थ समर्पित।

निदेशक, SBM(G)
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

# कार्यालय, निदेशक
## स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, रांची

डोरंडा बाजार पानी टंकी परिसर, प्रथम तल, डोरंडा, राँची.834002 फैक्स/न. 0651–2481593 email-sbmg.jhar@gmail.com

पत्र संख्याः SBM(G)-98/09(Part-II)- 546 /SBM(G) दिनांक : 10-06-16

**प्रेषकः** **राजेश कुमार शर्मा** (भा०प्र०से०)
निदेशक, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा0)
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग।

**सेवा में,**
**सभी उपायुक्त–सह–अध्यक्ष**
जिला जल एवं स्वच्छता समिति, झारखण्ड।

**विषयः** **स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत ग्राम पंचायत व प्रखण्ड स्तर पर हो रही प्रचार प्रसार व स्वच्छता मांग गतिविधियों के संचालन व शौचालय निर्माण के संबंध में।**

**प्रसंग :** **कार्यालय का पूर्व पत्रांक NBA(TSC)-98/09 (part-I) 1651/SWSM दिनांक 30.09.15**

महाशय / महाशया,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत एवं प्रासंगिक पत्र के सन्दर्भ में उल्लेख है कि झारखण्ड में शौचालय निर्माण का कार्य ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति के अलावा, अन्य विकल्पों से भी हो रहा है। इस सन्दर्भ में पूर्व में प्रेषित प्रांसगिक पत्र में स्पष्ट निर्देशित है कि –

1. पंचायत में स्थित SHG या SHG से समतुल्य Watershed group; Fisherman Group, Pacs/ Lamps Group, कृषक क्लब– नाबार्ड या अन्य जो भी ग्रुप कार्यरत हों, से करवाया जा सकता है; इसमें ग्रुप से कार्य कराते वक्त इस बात का अवश्य ध्यान रखना है कि ग्रुप कम से कम graded हो तथा बैंक के साथ कारोबार में महारथ हो तथा कम से कम एक वर्ष पुराना हो।
2. लाभार्थियों को स्वतः प्रेरित कर निर्माण कराया जाए तथा प्रोत्साहन राशि सीधे लाभुक के खाते में हस्तांतरित की जाए।

उक्त सम्बन्ध में पुनः कहना है कि लोहरदगा, देवघर इत्यादि जिलों में SHG फेडरेशन द्वारा भी प्रचार प्रसार व शौचालय निर्माण का कार्य किया जा रहा है, जिसका बेहतर परिणाम सामने आया है।

आपके जिलें में यदि इस प्रकार के SHG फेडरेशन कार्य कर रहे है तो उनको भी इस कार्य में जोड़ा जाए तथा शौचालय निर्माण के लिए प्रेरक को मिलने वाली राशि भी SHG के बैंक खाते में e-transfer भी की जाए।

विश्वासभाजन
10/6/16

**(राजेश कुमार शर्मा)**
निदेशक, SBM(G)
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग



P.T.O.

ज्ञापांकः SBM(G)-98/09(Part-II)- 546 /SBM(G) दिनांक : 10-06-16

प्रतिलिपिः सभी कार्यपालक अभियंता–सह–सदस्य सचिव, जिला जल एवं स्वच्छता मिशन प्रकल्प, झारखण्ड/सभी अधीक्षण अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, झारखण्ड को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

10/6/16

निदेशक, SBM(G)
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

ज्ञापांकः SBM(G)-98/09 (Part-II)- 546 /SBM(G) दिनांक : 10-06-16

प्रतिलिपिः सरकार के उप सचिव, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड को सूचनार्थ प्रेषित।

10/6/16

निदेशक, SBM(G)
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

# कार्यालय, निदेशक

## स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)

पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, रांची

डोरंडा बाजार पानी टंकी परिसर, प्रथम तल, डोरंडा, राँची 834002 फैक्स / नं. 0651–2481593 email-sbmg.jhar@gmail.com

पत्र संख्याः SBM(G)/राज्य यो० मद से शौ० नि०-III/16-589/SBM(G) दिनांक : 24-06-16

**प्रेषकः** **राजेश कुमार शर्मा** (भा०प्र०से०)
निदेशक, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा0)
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग।

**सेवा में,**

1. सभी उपायुक्त–सह– अध्यक्ष
   जिला जल एवं स्वच्छता समिति, झारखण्ड।
2. सभी कार्यपालक अभियंता–सह–सदस्य सचिव
   जिला जल एवं स्वच्छता मिशन प्रकल्प, झारखण्ड।

**विषयः** **क्षतिग्रस्त शौचालयों के पुनः निर्माण करने का प्रस्ताव भेजने के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत उल्लेख है कि वित्तीय वर्ष 2014–15; 2015–16 में IMIS में ODF हो चुकी ग्राम पंचायतों व इस वर्ष ODF हेतु लक्षित प्रखण्डों में, पूर्व में TSC/NBA के तहत निर्मित शौचालय जो, वर्तमान में क्षतिग्रस्त हो गए व उपयोग के लायक नहीं रहें के सम्बन्ध में स्पष्ट प्रतिवेदन व प्रस्ताव अधोहस्ताक्षरी को संलग्न प्रारूप में दिनांक 05.07.2016 तक भेजना सुनिश्चित किया जाए; जिससे उनका पुनः निर्माण करवा कर उक्त ग्राम पंचायतों को वास्तविक रूप से ODF किया जा सके।

साथ ही प्रस्ताव भेजने से पूर्व क्षतिग्रस्त शौचालयों की नामवार विस्तृत इन्ट्री SBM(G) के IMIS में पूर्ण कर ली जाए।

24-6-16

**(राजेश कुमार शर्मा)**
निदेशक, SBM(G)
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

ज्ञाप संख्या : SBM(G)/राज्य यो० मद से शौ० नि०-III/16-589, दिनांकः 24-06-16
प्रतिलिपि : सभी अधीक्षण अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, झारखण्ड को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

24-6-16

निदेशक, SBM(G)
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

ज्ञाप संख्या : SBM(G)/राज्य यो० मद से शौ० नि०-III/16-589, दिनांकः 24-06-16
प्रतिलिपि : प्रधान सचिव, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, राँची को सूचनार्थ समर्पित।

24-6-16

निदेशक, SBM(G)
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

KASHI/SBM(G)/ June

| क्र स | प्रखण्ड का नाम | ग्राम पंचायत का नाम | राजस्व ग्राम का नाम | ODF होने का वर्ष | कुल परिवार IMIS बेसलाईन सर्वे 2012 | 2 अक्टुबर 2014 के पूर्व कुल निर्मित शौचालय | क्षतिग्रस्त शौचालय की संख्या | क्षतिग्रस्त शौचालयों की IMIS Entry की संख्या | कितने IHHL म.गा. नरेगा से किए जायेंगे | कितने IHHL 14वें वित्त आयोग से किए जायेंगे | कितने IHHL विधायक निधि से किए जायेंगे | कितनी IHHL हेतु राज्य योजना से पृथक राशि की आवश्यकता है | SBM(G) अंतर्गत निर्मित शौचालय संख्या | प्राक्कलित न्यूनतम राज्य योजना से राशि | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 |
| 1 | | | | | | | | | | | | | | | |
| 2 | | | | | | | | | | | | | | | |
| 3 | | | | | | | | | | | | | | | |
| 4 | | | | | | | | | | | | | | | |
| 5 | | | | | | | | | | | | | | | |

हस्ताक्षर

कार्यपालक अभियंता

हस्ताक्षर

उपायुक्त

KASHI/SBM(G)/ June

आवश्यक कारवाई हेतु प्रेषित।

झारखण्ड सरकार

# पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

पत्र संख्याः SBM(G)/IHHL स्वतः निर्माण-114/16-712 / SBM-G, दिनाक : 25-07-16

**प्रेषकः** **अमरेन्द्र प्रताप सिंह,** (भा०प्र०से०)
प्रधान सचिव
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग।

**सेवा में,**
सभी उपायुक्त–सह–अध्यक्ष
जिला जल एवं स्वच्छता समिति, झारखण्ड।

***Email***

**विषयः** **व्यक्तिगत शौचालय निर्माण में लाभुक द्वारा स्वतः निर्माण को प्रोत्साहित करने तथा सामुदायिक सहभागिता को सुनिश्चित करने एवं प्रत्यक्ष/परोक्ष रूप से मध्यस्थ/बिचौलियों की भूमिका पूर्णतः समाप्त करने के सम्बंध में।**

**प्रसंग :**
1. **माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड सरकार की अध्यक्षता में दिनांक 4 मई 2016 को आयोजित बैठक में देय निर्देश**
2. **कार्यालय के पूर्व पत्रांक 87/P. Sec दिनांक 03.03.2016**
3. **कार्यालय का पूर्व पत्रांक SBM(G)/शिकायत(बोकारो)-61/16-470/SBM(G) दिनांक–05.05.16**

महाशय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत एवं प्रासांगिक पत्रों के माध्यम से विभाग द्वारा बारम्बार निर्देशों के बावजूद अधोहस्ताक्षरी निदेशक एवं अन्य पदाधिकारी आदि के क्षेत्र भ्रमण के दौरान, व अन्य सहयोगी संस्थाओं (Unicef/GSF/Water-Aid आदि) के पदाधिकारियों के क्षेत्र भ्रमण के दौरान एवं विधान मंडल के माननीय सदस्यों द्वारा पूछे जाने वाले प्रश्न एवं शिकायतों (मुख्यमंत्री जनसंवाद) सहित के क्रम में यह तथ्य सामने आया कि वर्तमान में कई VWSC द्वारा कथित NGO/ मध्यस्थ के माध्यम से मार्गदर्शिका के विरूद्ध कार्य कराया जा रहा है एवं भुगतान भी किया जा रहा है।

2. इस सम्बन्ध में दिनांक 4 मई 2016 को माननीय मुख्य मंत्री द्वारा भी सभी उपायुक्तों को स्पष्ट निर्देश दिया गया था। कि शौचालय निर्माण का कार्य NGO के माध्यम से नहीं होगा। यह कार्यवाही ज्ञापांक 188/P.Sc. दिनांक 06.05.16 से निर्गत है। छायाप्रति संलग्न है।

3. इस सम्बन्ध में विभाग द्वारा पूर्व में विभाग के पूर्व पत्रांक–NBA(TSC)-98/09 (Part-I)-1651/SWSM दिनांक 30.09.15 तथा पत्रांक–SBM(G)-98/2009(Part-II)-585/ SBM(G) दिनांक 22.06.16 (सभी पत्र विभागीय वेबसाईट daa.jharkhand.gov से डाउनलोड किए जा सकते है) के द्वारा स्पष्ट निर्देश निर्गत् है कि लाभार्थी द्वारा स्वयं शौचालय निर्माण करें एवं प्रोत्साहन राशि सीधे लाभार्थी के खाते में हस्तांतरित करने का विकल्प अधिक उपयोगी है। इस हेतु विभाग द्वारा एक प्रोफार्मा भी दिया गया था। इस पर कोडरमा/गिरिडीह/सरायकेला जिला द्वारा एक अच्छा प्रारूप तैयार किया गया था जो पत्र के साथ संलग्न कर आपके संज्ञान हेतु दिया जा रहा है।

कृ०पृ०उ०......

4. SBM(G) की मार्गदर्शिका कंडिका–8 एवं 9 तथा 10 में क्रमशः PRI संस्थाओं, समुदाय आधारित संगठनों / NGOs / SHGs तथा CPSUs / कारपोरेट का रोल स्पष्ट है। इसमें सभी का रोल स्पष्ट है। लाभुक को स्वतः निर्माण करना विकल्प प्राथमिक है।

5. लाभुक के चयन में गैर BPL में सीमित परिवार है, यह कंडिका 5.4.2 में स्पष्ट है, Baseline में इसका पालन हुआ प्रतीत नहीं होता है। इस कारण बेसलाईन सही करना है। विस्तृत दिशा निर्देश पत्रांक NBA(TSC)-98/2009(Part-II)-1739/SWSM दिनांक 15.10.15 एवं पत्रांक NBA Online Entry-790/13 (Part-I)224/ SBM(G) दिनांक 13.02.16 से स्पष्ट है।

6. BPL परिवार का चयन भी मानक पर हुआ प्रतीत नही होता है, इस कारण सत्यता आधारित सत्यापन आवश्यक है। शेष कंडिका–5 के अनुरूप स्पष्ट है।

7. आपको पुनः आग्राह किया जाता है कि लाभार्थी द्वारा स्वतः निर्माण को प्राथमिकता दी जाए तथा ऐसे लाभार्थियों को प्रोत्साहित करने हेतु सबसे सुन्दर शौचालय, 'Selfi with my toilet' आदि प्रतियोगिताएं प्रखण्ड व जिला स्तर पर की जा सकती है। इस सम्बन्ध में जिले के स्वच्छ भारत मिशन का ~~फेसबुक~~ Portal पेज Whatsapp नम्बर आदि को भी प्रयोग में लाकर ऐसे व्यक्तियों को आगे लाया जा सकता है। कंडिका–4 के क्रम में SHG इत्यादि को शामिल किया जाय।

ज्ञात रहे कि मध्य प्रदेश, छतीसगढ़ में रक्षा बन्धन पर 'भाई न. वन' प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें भाई बहन को शौचालय बनवाकर उपहार में देकर, उसके मान की रक्षा करता है। आप अपने स्तर से इस प्रकार के अभियान चला कर स्वतः निर्माण व सीधे खाते में राशि हस्तांतरण को प्रोत्साहित कर सकते है। सभी माताओं को अपने बच्चों के स्वस्थ एवं हित हेतु प्रेरित किया जाय।

इस सम्बन्ध में किसी प्रकार के विभागीय सहयोग की आवश्यकता होने पर आप निदेशक SBM(G) अथवा डॉ0 रवीन्द्र बोहरा, राज्य समन्वयक SBM(G) (9608614325) से भी सम्पर्क कर सकते है।

यह स्मारित रहे कि लाभार्थी द्वारा स्वतः निर्माण, आपका प्रेरक नेतृत्व व प्रभावी अनुश्रवण इस राष्ट्रीय मिशन के सफलता की मूल कुंजी है।

मा० विभागीय मन्त्री का अनुमोदन प्राप्त है।

विश्वासभाजन,

25/07/16

**(अमरेन्द्र प्रताप सिंह)**
प्रधान सचिव
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

ज्ञाप संख्याः SBM(G)/IHHL स्वतः निर्माण-114/16-712 /SBM(G) दिनांक : 25-07-16
प्रतिलिपि : UNICEF/Water-Aid/GSF/WSP को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

25/07/16
प्रधान सचिव
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

ज्ञाप संख्याः SBM(G)/IHHL स्वतः निर्माण-114/16-712/SBM(G) दिनांक : 25-07-16
प्रतिलिपि : सभी मुख्य अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड/सभी अधीक्षण अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, झारखण्ड/सभी कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता एवं स्वच्छता प्रमंडल, झारखण्ड को सूचनार्थ एवं आवश्यक प्रेषित।

Ap 25/07/16
प्रधान सचिव
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

ज्ञाप संख्याः SBM(G)/IHHL स्वतः निर्माण-114/16-712/SBM(G) दिनांक : 25-07-16
प्रतिलिपि : सभी प्रमण्डलीय आयुक्त, झारखण्ड को सूचनार्थ समर्पित।

Ap 25/07/16
प्रधान सचिव
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

ज्ञाप संख्याः SBM(G)/IHHL स्वतः निर्माण-114/16-712/SBM(G) दिनांक : 25-07-16.
प्रतिलिपि : मुख्य सचिव के आप्त सचिव, झारखण्ड को सूचनार्थ समर्पित।

Ap 25/07/16
प्रधान सचिव
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

# कार्यालय, निदेशक

## स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)

पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, राँची

डोरंडा बाजार पानी टंकी परिसर, प्रथम तल, डोरंडा बाजार, राँची–834002 फोन न.–0651–2482876 फैक्स न.–0651–2481593 Email-sbmg.jhar@gmail.com

पत्र संख्याः Sanitary Complex-469/12- 1008 / SBM-G, दिनांक : 24-08-16

**प्रेषकः** **राजेश कुमार शर्मा,** भा०प्र०से०
निदेशक, SBM(G)
स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)
झारखण्ड, राँची।

**सेवा में,**

*Email*

1. **सभी उपायुक्त–सह–अध्यक्ष,**
   जिला जल एवं स्वच्छता समिति, झारखण्ड।
2. **सभी कार्यपालक अभियंता–सह–सदस्य सचिव,**
   जिला जल एवं स्वच्छता मिशन, झारखण्ड।
3. **सभी अधीक्षण अभियंता,**
   पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, झारखण्ड।

**विषयः** **स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा०) अंतर्गत निर्माण किए जा रहे सामुदायिक शौचालय तथा व्यक्तिगत शौचालयों को दिव्यांगजनों के अनुरूप निर्माण करने के संबंध में।**

**प्रसंगः** **पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय, भारत सरकार का पत्रांक** No.-S-18020/91/2016-SBM **दिनांक 09.08.2016**

महाशय

उपरोक्त प्रासंगिक विषयक पत्र के संबंध में कहना है कि भारत सरकार के सचिवों के समूह की बैठक में लिए गए निर्णय अनुसार स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अन्तर्गत निर्मित व्यक्तिगत शौचालय (जिन परिवारों में दिव्यांगजन हो) तथा सभी सामुदायिक शौचालयों को दिव्यांगजनों के अनुकूल बनाया जाये ताकि दिव्यांगजनों को शौचालयों के उपयोग करने में असुविधा का सामना ना करना पड़े। इस संबंध में पेयजल एवं स्वचछता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा विस्तृत दिशानिर्देश *"Technical option for on-site Sanitation & handbook on accessibility of persons with disability"* नामक प्रकाशन में दिए गये है। यह Handbook मंत्रालय के निम्नलिखित लिंक पर देखी जा सकती है।

(i) http://www.mdws.gov.in/handbook-technical-options-site-sanitation

(ii) http://mdws.gov.in/handbook-assessible-household-sanitation-persons-disabilities-pwds

अतः आप सबों से आशा है कि ऐसे सभी शौचालयों में दिव्यांगजनों की सुविधा को सुनिश्चित करेंगे तथा इस परिप्रेक्ष्य में दिव्यांगजनों के अनुरूप शौचालयों के फोटोग्राफ Swachh Jharkhand के Whatapp group में अथवा sbmg.jhar@gmail.com पर अविलंब प्रेषित करना सुनिश्चित करेंगे ताकि इन फोटोग्राफ को भारत सरकार को प्रेषित किया जा सके।

विश्वासभाजन,

**(राजेश कुमार शर्मा)**
निदेशक, SBM(G)
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

S.K/Aug. **अब नहीं तो कब?**

ज्ञाप संख्या: Sanitary Complex - 469/12 - 1008 /SBM(G) दिनांक : 24-08-16
प्रतिलिपि : सभी जिला समन्वयक जिला जल एवं स्वच्छता मिशन, झारखण्ड को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

24/8/16

निदेशक, SBM(G)
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

ज्ञाप संख्या: Sanitary Complex - 469/12 - 1008 / SBM(G) दिनांक : 24-08-16
प्रतिलिपि : अवर सचिव, पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय भारत सरकार को सूचनार्थ समर्पित।

24/8/16

निदेशक, SBM(G)
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

ज्ञाप संख्या: Sanitary Complex - 469/12 - 1008 /SBM(G) दिनांक : 24-08-16
प्रतिलिपि : प्रधान सचिव, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, राँची को सूचनार्थ समर्पित।

24/8/16

निदेशक, SBM(G)
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

No. S-18020/91/2016-SBM
Government of India
Ministry of Drinking Water and Sanitation
Swachh Bharat Mission (Gramin)

12th Floor, Paryavaran Bhawan
CGO Complex, Lodhi Road
New Delhi-110 003
Dated 09.08.2016

To

The Principal Secretary/ Secretary,
In-charge of Rural Sanitation,
All States/UTs

Subject: - Accessibility of Persons with Disabilities in all community toilets constructed under SBM (G) – reg.

Madam/ Sir,

I am directed to convey that it has been decided in a meeting of Committee of Secretaries (CoS) that the focus should be given on accessibility of disabled persons in all community/individual toilets under Swachh Bharat Mission(Gramin).

2. Keeping in view the above decision, it is requested that the provisions for accessibility of disabled persons may be made for all community toilets constructed under SBM (G). The technical options for accessibility of toilets for persons with disability is available in handbook on technical options for on-site sanitation and handbook on accessibility of persons with disability published by this Ministry. The handbooks are available at the links given below: -

i. http://www.mdws.gov.in/handbook-technical-options-site-sanitation
ii. http://mdws.gov.in/handbook-accessible-household-sanitation-persons-disabilities-pwds

Yours faithfully,

(Sunil Kumar)
Under Secretary to the Government of India
Ph: - 011-2436 9654

Copy to: - 1) SBM (G) State coordinator, all States
2) Sr. TD (NIC) for hosting in MDWS website.
3) Hindi section, for translation

Copy for information to: PPS to Secretary, Ministry of Social Justice and Empowerment, Department of Empowerment of Persons with Disabilities (Divyangjan), 5th Floor, Paryawaran Bhawan, New Delhi.

# झारखण्ड सरकार
## पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

पत्रांक NBA(TSC)-98/09(Part-I) 1651/SWSM दिनांक 30-9-15

**प्रेषक:** **अमरेन्द्र प्रताप सिंह,**
सरकार के सचिव,

**सेवा में,**

Email

1. सभी उपायुक्त–सह–अध्यक्ष,
   जिला जल एवं स्वच्छता समिति, झारखण्ड।
2. सभी कार्यपालक अभियंता–सह–सदस्य सचिव,
   जिला जल एवं स्वच्छता मिशन प्रकल्प, झारखण्ड।

**विषयः** **IHHL का स्वतः निर्माण हेतु आवेदन एवं सीधे लाभार्थी के खाते में शौचालय निमार्ण की रु. 12000/– (बारह हजार रुपये मात्र) अधिकतम प्रोत्साहन राशि हस्तांतरण के संबंध में।**

**महाशय,**

उपर्युक्त विषयान्तर्गत उल्लेख है कि झारखण्ड में वर्त्तमान में शौचालय निर्माण का कार्य ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति VWSC के माध्यम से किया जा रहा है। ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति के खाते का संचालन मुखिया सह अध्यक्ष एवं जलसहिया सह कोषाध्यक्ष के संयुक्त हस्ताक्षर से हो रहा है। इस सम्बन्ध में विभागीय निर्देश स्पष्ट है।

यहाँ पर उल्लेखनीय है कि झारखण्ड में इसी वर्ष में पंचायती राज चुनाव होने प्रस्तावित है। साथ ही यदि 2 अक्टूबर, 2019 तक सम्पूर्ण झारखण्ड को खुले में शौच से मुक्त करना है। कई जिलों से सूचना मिल रही है कि VWSC सक्रिय नहीं है तथा कार्य में रूचि नहीं ले रही है। आप अवगत है कि निष्क्रिय, VWSCs को सक्रिय करना आवश्यक है। जलसहिया को हटाया जा सकता है। इसकी प्रक्रिया विभागीय परिपत्रों में है एवं सक्रिय VWSC का पुनगठन किया जा सकता है। खाते का संचालन मुखिया/उपमुखिया/जलसहिया के हस्ताक्षर से संचालित है। इस क्रम में DWSC को नियमित मासिक समीक्षा कर प्रभावी कार्रवाई करनी है।

3. उक्त के साथ 2 कम समय में इस गतिविधि को काफी तेज करने की आवश्यकता है, इस क्रम में निम्न विकल्प पर विचार किया जा सकता है :

(i) SHG ग्रुप जो उसी पंचायत में है, वह अपने ग्रुप में सुयोग्य (Base line Survey) के अनुरूप एवं स्थल सत्यापन में पाये जाने पर परिवार का IHHL का निर्माण करें। इस हेतु ऐसा SHG कम से कम graded हो तथा बैंक के साथ कारोबार में महारत हो तथा कम से कम एक वर्ष पुराना हो।

(ii) अन्य SHG समतुल्य ग्रुप यथा Watershed group, fisherman group, pacs/Lamps Group, कृषक कल्ब–नार्बाड सम्पोषित इत्यादि अपने ग्रुप के सुयोग्य परिवार का IHHL का निर्माण कर सकता है। इन्हें Engage करने के पूर्व सम्बन्धित जिला/प्रखण्ड स्तरीय ग्रुप के शीर्ष पदाधिकारी से उनकी क्षमता तथा सक्रियता का आंकलन DWSC में किया जाय।

(iii) व्यक्तिगत परिवार को स्वतः सबसे अधिक प्रेरित किया जाय कि स्वतः निर्माण करें।

(iv) अग्रिम राशि नहीं दी जाय। निर्माण पूर्ण होने तथा फोटो IMIS पर upload होने पर ही राशि दी जाय। यह राशि A/c में e-transfer किया जाय। यह कंडिका 3(i), (ii), (iii) श्रेणी पर लागू होगी।

(v) कंडका–3 (i), (ii) के ग्रुप गुणवत्ता पूर्ण निर्माण हेतु जिम्मेदार होंगे तथा प्रेरक को मिलने वाली राशि प्राप्त कर सकेंगे। प्रेरक की राशि में सम्बन्धित ग्रुप के खाते में e-transfer से ही भेजा जायेगा।

(vi) कंडिका–3 (iii) में VWSC प्रेरक के भूमिका में प्राथमिकता दी जायेगी।

(vii) DWSC अपनी बैठक में कंडिका 3.(1) (ii) पर निर्णय ले एवं एक एकरारनामा भी करें ताकि प्रेरक की राशि स्थानान्तरण में दिक्कत न हो।

(viii) किसी defaulter group को कार्य से न जोड़ा जाय।

(ix) बैंकर्स को DWSC में आमंत्रित करें।

(x) ऐसे ग्रुप जिसके अध्यक्ष/सचिव/संचालन मंडल स्वतः सहयोग ले। अपने घरों में शौचालय निर्माण अपने संशाधन से करें, इस्तेमाल कर रहे है, उन्हें प्रोत्साहित करें।

4. लाभार्थी द्वारा स्वयं शौचालय बनवानें एवं प्रोत्साहन राशि सीधे लाभार्थी के खाते में हस्तांतरित करने का विकल्प अधिक उपयोगी होगा। इस हेतु एक प्रोफार्मा/स्वतः निर्माण हेतु आवेदन का प्रारूप तथा प्रोत्साहन राशि खाते में हस्तांतरित करने संबंधी आदेश प्रारूप पत्र के साथ संलग्न कर प्रेषित है। इसमें आवश्यक संशोधन DWSC कर सकती है।

5. कार्य गति धीमी होने के विभिन्न कारण तथा राजमिस्त्री की कमी, सक्षम स्तर पर monitoring नहीं करना, Supply side का प्रबंधन न करना रहता है। साप्ताहिक समीक्षा DWSC करें। प्रत्येक पंचायत में कम से कम 25–30 मैशन एवं वर्कस ग्रुप (24 x 7) राजमिस्त्री एवं टीम में कार्यरत रहने से लक्ष्य की प्राप्ति आसान होगी। वर्त्तमान इसे 50 मैशन ग्रुप बढ़ाने की आवश्यकता है।

6. साहेबगंज– नमामि गंगे में कम से कम 100 मेशन ग्रुप प्रति पंचायत बिना लगाए, ससमय कार्य पूर्ण नहीं होगा। अद्यतन गति से 15% ही वार्षिक लक्ष्य प्राप्त है। लगभग 8 माह कार्य प्रारम्भ हुए हो चुका है। उपायुक्त को विशेष ध्यान देना है।

7. विभिन्न जिलो से यह भी सूचना प्राप्त हो रही है कि जिला से VWSC को राशि विमुक्ति काफी धीमी है। राशि अभाव में कार्य नहीं होता है। e-transfer नहीं हो रहा है। बैंकर्स के साथ मिलकर निदान करें तथा Adequate fund available करें। DWSC निर्णय लें।

इससे सम्बन्धी समस्त जानकारी विभागीय वेबसाईट daa.jharkhand.gov.in पर उपलब्ध है किसी भी प्रकार की आवश्यकता होने पर आप डॉ0 रबीन्द्र बोहरा, राज्य समन्वयक SBM(G) (मो0 नं0 9608614325) से सम्पर्क कर सकते है।

(अमरेन्द्र प्रताप सिंह)
सरकार के सचिव

ज्ञापांक: NB(Swi)-98/09-(Pwi-I) 1651/SWSM दिनांक: 30.9.15

प्रतिलिपिः–यूनिसेफ/वाटरसेड/GSF/WSP-SA/समस्त बी0आर0सी0 पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

Email

(अमरेन्द्र प्रताप सिंह)
सरकार के सचिव

ज्ञापांकः TSC-98/09 (Part-I) 1651/SWSM दिनांकः 30.9.15

प्रतिलिपिः—सभी RCES/Nodal पक्ष प्रमंडलीय आयुक्त को भी दें।/सभी INGO/Partner को भी

Email दे/सभी अधीक्षण अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, झारखंड को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

30/9/15

(अमरेन्द्र प्रताप सिंह)

सरकार के सचिव

# IHHL का स्वतः निर्माण हेतु आवेदन

1. आवेदक का नाम :

2. आवेदक के पिता/पति का नाम :

3. बेसलाईन सर्वे की सं॰ (अगर पता है) :

4. (क) BPL सं॰ :
   (ख) Non BPL वर्ग :
   (ग) EPIC सं॰ :
   (घ) आधार नम्बर :
   (साक्ष्य सहित उक्त में से कम–से–कम एक साक्ष्य हो।)

5. घर में शौचालय की स्थिति :

6. आर्थिक स्थिति/वार्षिक
   (क) आय :
   (ख) क्या परिवार में कोई सरकारी नौकरी में है :
   (ग) कितने सदस्य सरकारी/प्राइवेट नौकरी/नियोजन में है:

7. घर की भौतिक स्थिति
   (क) पक्का :
   (ख) टीन छत्ता :
   (ग) खपड़ापोस :
   (घ) झोपड़ी :

उक्त सूचना सही है, सूचना गलत पाये जाने पर राशि की वसूली की जा सकेगी। मैं स्वतः शौचालय निर्माण करना चाहता हूँ। मैं सपरिवार शौचालय का सतत उपयोग करूँगा एवं उसको हमेशा चालू स्थिति में रखूँगा। निर्माण पूर्ण होने के उपरांत तथा IMIS में फोटो अपलोड होने के बाद ही राशि मेरे बैंक खाता में स्थानांतरित की जाय।

मेरा नाम :
बैंक का नाम :
खाता सं॰ :
IFSC Code :
(छायाप्रति संलग्न)

आवेदक का हस्ताक्षर
नाम

(B) उक्त तथ्यों की जाँच मेरे द्वारा ग्राम सभा तथा ग्राम के सदस्यों के समक्ष की गयी तथा स्थल पर जाकर भौतिक रूप से सत्यापन किया जाय की सूचना सही है।

जाँच पदाधिकारी का नाम/
पदनाम/पता
मोबाईल नम्बर

(C)

## आदेश

मैं ........................................................ कार्यपालक अभियंता/प्रखंड स्वच्छता पदाधिकारी /सहायक प्रखंड स्वच्छता पदाधिकारी श्री .................................................. . पिता ....................................................... बेसलाईन सर्वे सं. ...................................... को स्वतः शौचालय निर्माण की स्वीकृति देता/देती हूँ। इसका IMIS Entry निर्माण के बाद श्री ....................................................... / निबंधित मोबाईल नं. .................... ........ द्वारा किया जायेगा। कार्य पूर्ण होने तथा IMIS प्रवृष्टि होने के बाद आवेदन श्री ........................................................................ के खाता सं. ......................... ........................ बैंक का नाम ...................................................... IFSC Code .... ........................................ में रू. 12,000/– / हस्तांतरित करूँगा।

(D) श्री ....................................................... बेसलाईन सर्वे नं. ..................................... ने सूचित किया है कि निर्माण कार्य दिनांक ........................... को पूर्ण हो चुका है। शौचालय मानक के अनुरूप है तथा सपरिवार निर्मित इस्तेमाल कर रहा हूँ एवं करता रहूँगा। श्री ....................................................... ने फोटो प्राप्त किया है।

आवेदक

(E) मैं .. ....... ........ ................................... पदनाम ........................................ ने पो. ग्रं. श्री ...................................................... निबंधित मोबाईल नं. ............................. के द्वारा फोटो अपलोड किया गया है। आज दिनों का ................................. का श्री ............................................................. के बैंक खाता सं. .............................................. IFSC Code ............................................. बैंक का नाम ............................................ ....... में रू. 12000/– (12 हजार रूपये) हजार स्थानांतरित करता हूँ एवं Cash Book के पृष्ठ ............ पर प्रवृष्टि करता हूँ।

भुगतान पदाधिकारी का नाम/
पदनाम/पता
मोबाईल नम्बर

झारखण्ड सरकार

## पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

पत्रांक : ग्रा0वि0वि–1220 / 2015 (Part-I) - 1298 /SBM (G) दिनांक 02-12-16

प्रेषक,

**अमरेन्द्र प्रताप सिंह**
प्रधान सचिव
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग,
झारखण्ड, राँची

---

**विनय कुमार चौबे**
**सचिव,**
खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग
झारखण्ड सरकार, राँची

सेवा में,

1. सभी उपायुक्त –सह–अध्यक्ष
   जिला जल एवं स्वच्छता समिति, झारखण्ड।
2. सभी जिला आपूर्ति पदाधिकारी, झारखण्ड।

विषयः **स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा0) के अन्तर्गत खुले में शौच से मुक्त जिला, प्रखण्ड एवं ग्राम पंचायतों में प्राथमिकता के आधार पर प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के कार्यान्वयन के संबंध में।**

महाशय,

उपरोक्त विषय के संबंध में कहना है कि आप अवगत है स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) भारत सरकार की एक फ्लैगशिप योजना है। यह योजना सभी परिवार को प्रभावित कर रही है। यह पर्यावरणीय एवं मानव स्वास्थ्य सुरक्षा के साथ–साथ स्वच्छता की योजना है। वर्त्तमान में झारखण्ड राज्य के अन्दर स्वच्छ भारत मिषन ग्रामीण के क्रियान्वयन के फलस्वरूप IMIS के अनुसार दिनांक 30.11.2016 तक 1350 राजस्व ग्राम, 261 ग्राम पंचायतें तथा 12 प्रखण्डों को खुले में शौच से मुक्त किया जा चुका है। यह सूचना भारत सरकार के पोर्टल www.sbm.gov.in पर देखा जा सकता है। इसका संक्षिप्त व्यौरा अनुलग्नक–1 के रूप में संलग्न है। वित्तीय वर्ष 2016–17 में ODF करने हेतु चिन्हित जिला / प्रखण्ड / ग्राम पंचायत का व्यौरा अनुलग्नक–2 पर संलग्न है।

सरकार का यह प्रयास है कि अर्न्तविभागीय समन्वय से ODF Community को केन्द्र एवं राज्य की अन्य योजनाओं के साथ जोड़ा जाय ताकि ODF Community Motivated रहें।

कृ०पृ०उ० .......

भारत सरकार द्वारा उज्जवला योजना प्रारंभ की गई है। यह भी पर्यावरणीय एवं मानव स्वास्थ्य सुरक्षा की दिशा में उठाया गया महत्वपूर्ण कदम है। ऐसे में दोनों योजनाओं के क्रियान्वयन को एक साथ जोड़कर ODF समुदाय के साथ उज्जवला का आच्छादन करने से लक्ष्य की प्राप्ति के साथ–साथ उद्देश्य पूर्ति का भी लाभ काफी बढ़ेगा एवं ODF Sustainability का भी लाभ मिलेगा।

अतः निर्देश है कि ''प्रधानमंत्री उज्जवला योजना'' के अंतर्गत ऐसे जिला/ प्रखण्ड/ग्राम पंचायत एवं राजस्व ग्रामों को आच्छादन में प्राथमिकता दी जाय, जो खुले में शौच से मुक्त (ODF) हो चुकी है। उज्जवला योजना का लाभ ODF समुदाय के सुयोग्य लाभुक (उज्जवला की मार्गदर्शिका के अनुरूप) को चयनित कर आच्छादित किया जाय। इस प्रयास से निश्चित ही ODF ग्रामीणों, समुदाय के मनोबल में वृद्धि होगी तथा खुले में शौच से मुक्त को कायम रखने में यह एक आनोखी पहल साबित होगी। इसका कार्यान्वयन में गैस कम्पनी को पूर्ण सहयोग किया जाय।

**अनु0 यथोपरि।**

विश्वासभाजन

1/12/16

**विनय कुमार चौबे**
सचिव
खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग
झारखण्ड सरकार

01/12/16

**अमरेन्द्र प्रताप सिंह**
प्रधान सचिव
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग
झारखण्ड सरकार

ज्ञापांक : ग्रा0वि0वि–1220/2015 (Part-I) - 1298 /SBM (G) दिनांक 02-12-16.
प्रतिलिपिः श्री राजेश कुमार शर्मा, निदेशक, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा0), पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, राँची को सूचनार्थ प्रेषित।

02/12/16
प्रधान सचिव
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग
झारखण्ड सरकार

Dir S.Bm (F)
[stamp] 16 DEC 2016

झारखण्ड सरकार
कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
(पशुपालन प्रभाग)

पत्रांक 298 रसा                                                                  राँची, दिनांक - 15-12-16

प्रेषक,

पूजा सिंघल, भा0प्र0से0,
सरकार के विशेष सचिव।

सेवा में,

सभी जिला मत्स्य पदाधिकारी,
झारखण्ड।

विषय : – **स्वच्छ भारत मिशन अन्तर्गत सभी मत्स्य मित्रों का अभियान के रूप में निजी शौचालय के निर्माण के संबंध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि सरकार से प्राप्त निदेशानुसार यह निर्णय लिया गया है कि राज्य को ODF (Open Defacation Free) करने की दिशा में आवश्यक है कि सबसे पहले सरकार से जुड़े सम्पूर्ण तंत्र के सभी सहभागी अपना निजी शौचालय बनाने का कार्य अभियान के रूप में अगले एक माह में पूर्ण कर लें।

इस हेतु निदेशित किया जाता है कि आपके जिला अन्तर्गत **सभी मत्स्य मित्रों** को इस विषयक प्रेरित करें कि वे अपना खुद का निजी शौचालय बनायें एवं इस्तेमाल करें। इस हेतु कोई राशि की आवश्यकता हो तो पहले अपने जिले के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता या प्रकल्प के पदाधिकारियों से सम्पर्क करें या श्री राजेश शर्मा, भा0प्र0से0, मिशन डायरेक्टर, स्वच्छ भारत मिशन, झारखण्ड, राँची से सम्पर्क कर इस दिशा में अविलम्ब कार्रवाई करें।

इस अभियान को सरकार से जुड़े कई अभियानों में सर्वोच्च प्राथमिकता दी गयी है। अतः यह सूची तीन दिनों के भीतर इस कार्यालय को उपलब्ध करायें कि आपके जिले में कुल कितने मत्स्य मित्र हैं; उनमें से कितने व्यक्तिगत / निजी शौचालय अभी निर्मित हो चुके हैं तथा कितने बनाने का लक्ष्य बाकी रह गया है ?

इस अभियान में आपके व्यक्तिगत जवाबदेही तय रहेगी। इसलिए इसमें पूर्ण जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करना सुनिश्चित करें।

विश्वासभाजन,
ह0/–
सरकार के विशेष सचिव।

ज्ञापांक – 298 स्वा

राँची, दिनांक – 15–12–16

प्रतिलिपि – निदेशक, मत्स्य निदेशालय, झारखण्ड, राँची को इस निदेश के साथ कि कृपया इस कार्य हेतु सभी जिला मत्स्य पदाधिकारियों से सम्पर्क कर यह सुनिश्चित करें कि सभी मत्स्य मित्रों से व्यक्तिगत शौचालय का निर्माण एक माह के अन्दर पूरा करा लिया जाय। साथ ही, यदि कोई संशय हो तो श्री राजेश शर्मा, भा0प्र0से0, मिशन डायरेक्टर, स्वच्छ भारत मिशन, झारखण्ड, राँची से सम्पर्क कर समन्वय स्थापित करना सुनिश्चित करें।

ह0/–

सरकार के विशेष सचिव।

ज्ञापांक – 298 स्वा

राँची, दिनांक – 15–12–16

प्रतिलिपि – प्रधान सचिव, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, राँची / श्री राजेश शर्मा भा0प्र0से0, मिशन डायरेक्टर, स्वच्छ भारत मिशन, झारखण्ड, राँची को कृपया सूचनार्थ प्रेषित।

15/12/16

सरकार के विशेष सचिव।

DI x- SBM (5)

झारखण्ड सरकार
कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
(पशुपालन प्रभाग)

पत्रांक –

राँची, दिनांक –

प्रेषक,

पूजा सिंघल, भा0प्र0से0,
सरकार के विशेष सचिव।

सेवा में,

सभी जिला गव्य विकास पदाधिकारी,
झारखण्ड।

विषय : – **स्वच्छ भारत मिशन अन्तर्गत सभी दुग्ध मित्रा / गोकुल मित्रा का अभियान के रूप में निजी शौचालय के निर्माण के संबंध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि सरकार से प्राप्त निदेशानुसार यह निर्णय लिया गया है कि राज्य को ODF (Open Defacation Free) करने की दिशा में आवश्यक है कि सबसे पहले सरकार से जुड़े सम्पूर्ण तंत्र के सभी सहभागी अपना निजी शौचालय बनाने का कार्य अभियान के रूप में अगले एक माह में पूर्ण कर लें।

इस हेतु निदेशित किया जाता है कि आपके जिला अन्तर्गत **सभी दुग्ध मित्रा / गोकुल मित्रा** को इस विषयक प्रेरित करें कि वे अपना खुद का निजी शौचालय बनायें एवं इस्तेमाल करें। इस हेतु कोई राशि की आवश्यकता हो तो पहले अपने जिले के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता या प्रकल्प के पदाधिकारियों से सम्पर्क करें या श्री राजेश शर्मा, भा0प्र0से0, मिशन डायरेक्टर, स्वच्छ भारत मिशन, झारखण्ड, राँची से सम्पर्क कर इस दिशा में अविलम्ब कार्रवाई करें।

इस अभियान को सरकार से जुड़े कई अभियानों में सर्वोच्च प्राथमिकता दी गयी है। अतः यह सूची तीन दिनों के भीतर इस कार्यालय को उपलब्ध करायें कि आपके जिले में कुल कितने दुग्ध मित्रा / गोकुल मित्रा हैं; उनमें से कितने व्यक्तिगत / निजी शौचालय अभी निर्मित हो चुके हैं तथा कितने बनाने का लक्ष्य बाकी रह गया है ?

इस अभियान में आपके व्यक्तिगत जवाबदेही तय रहेगी। इसलिए इसमें पूर्ण जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करना सुनिश्चित करें।

विश्वासभाजन,
ह0/–
सरकार के विशेष सचिव।

ज्ञापांक –                                                    राँची, दिनांक –

प्रतिलिपि – निदेशक, गव्य विकास निदेशालय, झारखण्ड, राँची को इस निदेश के साथ कि कृपया इस कार्य हेतु सभी जिला गव्य विकास पदाधिकारियों से सम्पर्क कर यह सुनिश्चित करें कि सभी दुग्ध मित्रा / गोकुल मित्रा से व्यक्तिगत शौचालय का निर्माण एक माह के अन्दर पूरा करा लिया जाय। साथ ही, यदि कोई संशय हो तो श्री राजेश शर्मा, भा०प्र०से०, मिशन डायरेक्टर, स्वच्छ भारत मिशन, झारखण्ड, राँची से सम्पर्क कर समन्वय स्थापित करना सुनिश्चित करें।

ह०/–
सरकार के विशेष सचिव।

ज्ञापांक –                                                    राँची, दिनांक –

प्रतिलिपि – प्रबंध निदेशक, झारखण्ड मिल्क फेडरेशन एवं मुख्य कार्यक्रम संयोजक, बायफ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

ह०/–
सरकार के विशेष सचिव।

ज्ञापांक – 299 स्व०                                          राँची, दिनांक – 15–12–16

प्रतिलिपि – प्रधान सचिव, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, राँची / श्री राजेश शर्मा भा०प्र०से०, मिशन डायरेक्टर, स्वच्छ भारत मिशन, झारखण्ड, राँची को कृपया सूचनार्थ प्रेषित।

15/12/16
सरकार के विशेष सचिव।

N.O. SBM (5)

झारखण्ड सरकार
कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
(पशुपालन प्रभाग)

पत्रांक

राँची, दिनांक –

प्रेषक,

पूजा सिंघल, भा0प्र0से0,
सरकार के विशेष सचिव।

सेवा में,

सभी जिला पशुपालन पदाधिकारी,
झारखण्ड।

विषय : – **स्वच्छ भारत मिशन अन्तर्गत सभी पशु मित्र का अभियान के रूप में निजी शौचालय के निर्माण के संबंध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि सरकार से प्राप्त निदेशानुसार यह निर्णय लिया गया है कि राज्य को ODF (Open Defacation Free) करने की दिशा में आवश्यक है कि सबसे पहले सरकार से जुड़े सम्पूर्ण तंत्र के सभी सहभागी अपना निजी शौचालय बनाने का कार्य अभियान के रूप में अगले एक माह में पूर्ण कर लें।

इस हेतु निदेशित किया जाता है कि आपके जिला अन्तर्गत सभी **पशु मित्र** को इस विषयक प्रेरित करें कि वे अपना खुद का निजी शौचालय बनायें एवं इस्तेमाल करें। इस हेतु कोई राशि की आवश्यकता हो तो पहले अपने जिले के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता या प्रकल्प के पदाधिकारियों से सम्पर्क करें या श्री राजेश शर्मा, भा0प्र0से0, मिशन डायरेक्टर, स्वच्छ भारत मिशन, झारखण्ड, राँची से सम्पर्क कर इस दिशा में अविलम्ब कार्रवाई करें।

इस अभियान को सरकार से जुड़े कई अभियानों में सर्वोच्च प्राथमिकता दी गयी है। अतः यह सूची तीन दिनों के भीतर इस कार्यालय को उपलब्ध करायें कि आपके जिले में कुल कितने पशु मित्र हैं; उनमें से कितने व्यक्तिगत / निजी शौचालय अभी निर्मित हो चुके हैं तथा कितने बनाने का लक्ष्य बाकी रह गया है ?

इस अभियान में आपके व्यक्तिगत जवाबदेही तय रहेगी। इसलिए इसमें पूर्ण जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करना सुनिश्चित करें।

विश्वासभाजन,
ह0/–
सरकार के विशेष सचिव।

ज्ञापांक –

राँची, दिनांक –

प्रतिलिपि – निदेशक, पशुपालन निदेशालय, झारखण्ड, राँची को इस निदेश के साथ कि कृपया इस कार्य हेतु सभी जिला पशुपालन पदाधिकारियों से सम्पर्क कर यह सुनिश्चित करें कि सभी पशु मित्र से व्यक्तिगत शौचालय का निर्माण एक माह के अन्दर पूरा करा लिया जाय। साथ ही, यदि कोई संशय हो तो श्री राजेश शर्मा, भा0प्र0से0, मिशन डायरेक्टर, स्वच्छ भारत मिशन, झारखण्ड, राँची से सम्पर्क कर समन्वय स्थापित करना सुनिश्चित करें।

ह0/–

सरकार के विशेष सचिव।

ज्ञापांक – 300 स्व०

राँची, दिनांक – 15-12-16

प्रतिलिपि – प्रधान सचिव, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, राँची / श्री राजेश शर्मा, भा0प्र0से0, मिशन डायरेक्टर, स्वच्छ भारत मिशन, झारखण्ड, राँची को कृपया सूचनार्थ प्रेषित।

13/12/16

सरकार के विशेष सचिव।

**झारखण्ड सरकार**

# पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

पत्र संख्या: SBM(G)-98/2016(Part-III)-1334/ SBM-G दिनांक : 19-12-16

**प्रेषक:** **अमरेन्द्र प्रताप सिंह**
प्रधान सचिव
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग।

**सुनील कुमार वर्णवाल**
सचिव
उद्योग, खान एवं भूतत्व विभाग
झारखण्ड सरकार।

**सेवा में,**

1. उपायुक्त–सह–अध्यक्ष
   जिला जल एवं स्वच्छता समिति, पश्चिमी सिंहभूम(चाईबासा)/गोड्डा/बोकारो/धनबाद/चतरा एवं रामगढ़।
2. कार्यपालक अभियंता–सह–सदस्य सचिव
   जिला जल एवं स्वच्छता मिशन "प्रकल्प" चाईबासा/चक्रधरपुर/गोड्डा/चास/तेनुघाट/धनबाद–1/धनबाद–2/चतरा एवं रामगढ़।

**विषय:** **DMFT फण्ड के माध्यम से SBM(G) अंतर्गत शौचालय निर्माण कराने के संबंध में।**

**प्रसंग :** **प्रधान सचिव, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग का पत्रांक 400/P.Sec. दिनांक 11.11.2016, मुख्य सचिव का निर्देश गै0प्रे0सं0 1947 दिनांक 17.11.16, 1895 दिनांक 09.11.16, 1516 दिनांक 18.10.16**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के आलोक में एवं दिनांक 23.10.16 को हुई समीक्षा बैठक में स्थिति स्पष्ट की गई थी। मुख्य सचिव द्वारा नियमित Video Conferencing में सतत् निर्देश दिया गया है। इस क्रम में मा0 मुख्य मंत्री ने झारखण्ड को 2018 तक ODF घोषित करने का संकल्प लिया है। विभिन्न स्रोतों यथा DMFT/बालूघाट/CSR से संसाधन का इन्तजाम एवं प्राथमिकता से व्यय करने का सतत निर्देश प्राप्त है। संसाधनों का व्यय प्राथमिकता के आधार पर किया जाय तथा जिला ODF शीघ्र घोषित किया जाय। झारखण्ड सरकार के द्वारा दिये गये निर्देश के अनुपालन में सूचित करना है पर्याप्त संसाधन वाले जिलों यथा– चाईबासा, गोड्डा, बोकारो, धनबाद, चतरा एवं रामगढ़ को जिले में उपलब्ध DMFT राशि से व्यक्तिगत घरेलू शौचालय (IHHL) का निर्माण किया जाना है।

(ii) ऐसे जिलें को SBM(G) मद से ODF हेतु राशि नहीं दी जायेगी। ODF हेतु चयनित ग्राम पंचायतों एवं प्रखण्डों में शौचालय निर्माण हेतु DMFT के द्वारा

किया जाना है। ODF हेतु चयनित ग्राम पंचायतों एवं प्रखण्डों के अलावे माँग के आधार पर अन्य ग्राम पंचायतों एवं प्रखण्डों का कार्य योजना तैयार कर DMFT राशि से शौचालय का निर्माण कराया जाना है।

(iii) ऐसे जिलों को 2 अक्टुबर 2017 तक पूर्ण ODF किया जाना है।

(iv) यह भी स्पष्ट करना है कि DMFT के माध्यम से जिलों के अन्य प्रखण्डों को भी ODF करने हेतु संसाधन मुहैया कराया जा सकता है।

(v) ऐसे जिले जहाँ DMFT की राशि है, ODF हेतु Slip Back की समस्या का समाधान भी DMFT के मद से किया जा सकता है।

(vi) पूरे राज्य में एकरूपता बनाये रखने हेतु SBM(G) के मानक तथा पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के निर्देशों का पालन किया जाय।

अतः DMFT की राशि को जिला स्तर पर सम्बंधित समिति/परिषद से अनुमोदन कराते हुए, अपने जिले को ODF घोषित करने की कार्रवाई की जाय।

विश्वासभाजन,

| | |
|---|---|
| 14/12/16 | |
| **(सुनील कुमार वर्णवाल)** | **(अमरेन्द्र प्रताप सिंह)** |
| सचिव, | प्रधान सचिव |
| उद्योग, खान एवं भूतत्व विभाग | पेयजल एवं स्वच्छता विभाग |

ज्ञापांक : SBM(G)-98/2016(Part-III)- 1334, दिनांकः 19-12-16

प्रतिलिपि : सभी उपायुक्त–सह–अध्यक्ष जिला जल एवं स्वच्छता समिति, झारखण्ड/सभी कार्यपालक अभियंता, जिला जल एवं स्वच्छता मिशन प्रकल्प झारखण्ड को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

19/12/16
प्रधान सचिव
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

ज्ञापांक : SBM(G)-98/2016(Part-III)- 1334, दिनांकः 19-12-16

प्रतिलिपि : निदेशक, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), झारखण्ड राँची को सूचनार्थ प्रेषित।

19/12/16
प्रधान सचिव
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

ज्ञापांक : SBM(G)-98/2016(Part-III)- 1334, दिनांकः 19-12-16

प्रतिलिपि : प्रधान सचिव, ग्रामीण विकास विभाग/परियोजना निदेशक, NRLM को सूचनार्थ प्रेषित।

19/12/16
प्रधान सचिव
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

झारखण्ड सरकार
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

पत्रांक– रांची, दि0–

प्रेषक,

अमरेन्द्र प्रताप सिंह,
सरकार के प्रधान सचिव।

सेवा में,

सभी उपायुक्त, झारखंड।
सभी, कार्यपालक अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झारखंड।

विषयः कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, (पशुपालन प्रभाग) के अधीन स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत पशु मित्र, दुग्ध मित्र, गोकुल मित्र एवं मत्स्य मित्र की सहभागिता सुनिश्चित करने के संबंध में।

प्रसंग :– कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, (पशुपालन प्रभाग) का पत्र ज्ञापांक– 298 एस, दि0 15.12.16, 299 एस, दि0 15.12.16, 300 एस, दि0 15.12.16.

महाशय,

उक्त विषय के संबंध में सभी प्रसंगाधीन पत्रों की छाया–प्रति सुलभ प्रसंग हेतु संलग्न है। यह पत्र मुख्य सचिव के निर्देश पर निर्गत है। मुख्य सचिव के दिनांक 16.12.16 की समीक्षा के कम में यह निर्देश संबंधित पशुपालन विभाग को दिया गया था जिसके कम में विशेष सचिव ने समुचित निर्देश संबंधित जिला के पशुपालन, जिला गव्य विकास एवं जिला मत्स्य पदाधिकारियों को दिया है। उक्त के कम में निम्न निर्देश हैं :–

(1) संबंधित जिला पशुपालन एवं जिला गव्य एवं जिला मत्स्य पदाधिकारी को बैठक बुलाकर उनसे संबंधित श्रेणी के लाभुकों की सूची प्राप्त कर ली जाए।

(2) ऐसे पशु मित्र, दुग्ध मित्र, गोकुल मित्र एवं मत्स्य मित्रों को अपने पंचायत के लिए पंचायत मोटिवेटर या स्वच्छताग्राही के रूप में, इनकी सेवाएं ली जाएं। ये अपने पंचायत के ओ0डी0एफ0 सस्टेंनबिलिटी में कार्य करेंगे एवं अपने कार्य से अन्य ग्रामीणों को स्वच्छता हेतु प्रेरित करेंगे।

(3) संबंधित विभागीय जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ नियमित रूप से बैठक में बुलाकर इसकी समीक्षा की जाए। सहभागिता कार्यम में निश्चित की जाय।

(4) ऐसे सुयोग्य, ''पशु मित्र, गोकुल मित्र, दुग्ध मित्र, मत्स्य मित्र'' जिसका परिवार का नाम BLS 2012 में है, वह अन्यथा योजना के लाभ हेतु सुयोग्य है, उन्हें

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा0) अंतर्गत Self IHHL construction पूर्ण कर, इस्तेमाल करने पर RTGS से सीधे राशि उनके खाते में हस्तांतरित की जाय।

(5) ऐसे ''पशु मित्र, गोकुल मित्र, दुग्ध मित्र, मत्स्य मित्र'' जिनके घर में पूर्व से शौचालय है, उसकी प्रवृष्टि IMIS में Self financed-Self construction में की जाय।

(6) ऐसे ''पशु मित्र, गोकुल मित्र, दुग्ध मित्र, मत्स्य मित्र'' जो पूर्णतः सक्षम हैं, उन्हें प्रेरित करते हुए IHHLका निर्माण स्व वित्त पोषण एवं निर्माण कराकर IMIS में प्रवृष्टि की जाय।

अनुलग्नक :–यथोक्त।

विश्वासभाजन,

Ap 23/12/16
(अमरेन्द्र प्रताप सिंह)
सरकार के प्रधान सचिव।

ज्ञापांक–ग्रा०वि०वि० –1220/2015-1357 रांची, दिनांक– 23/12/16

प्रतिलिपि :–सचिव, कृषि, सहकारिता एवं पशुपालन विभाग, झारखंड, रांची/विशेष सचिव, कृषि, सहकारिता एवं पशुपालन विभाग (पशुपालन प्रभाग)/सभी अधीक्षण अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, झारखंड/सभी जिला जिला पशुपालन पदाधिकारी/सभी, जिला मत्स्य पदाधिकारी/सभी जिला गव्य विकास पदाधिकारी, झारखंड को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

Ap 23/12/16
(अमरेन्द्र प्रताप सिंह)
सरकार के प्रधान सचिव।

## झारखण्ड सरकार
## पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

पत्र संख्या: SBM(4)-98/2016 (Part-III)- 713 / SBM-G,दिनांक : 25-07-16

**प्रेषक:**

**अमरेन्द्र प्रताप सिंह,** भा०प्र०से०
सरकार के प्रधान सचिव,
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग
झारखण्ड, राँची।

**सेवा में,**

*Email*

**सभी उपायुक्त–सह– अध्यक्ष**
जिला जल एवं स्वच्छता समिति, झारखण्ड।

**विषय:** **शासकीय सेवा में कार्यरत एवं पेंशनभोगी पदाधिकारी, कर्मचारियों तथा विभागीय अन्य अनुबन्ध आधारित कर्मी यथा पाराशिक्षकों /आँगनबाड़ी सेविकाओं/मनरेगा कर्मी/कम्प्यूटर ऑपरेटर/स्वास्थ्य विभागीय सेवा ANM तथा ग्रा.वि.वि./कृषि विभाग/अन्य विभागों में कार्यरत कर्मचारियों/ जनप्रतिनिधि/उधमी/अन्य सक्षम Contractor, P.D.S dealers/ बड़े कृषक/ सक्षम कृषक परिवार द्वारा स्वयं अपने घरों में स्वयं के संशाधनों से शौचालय का निर्माण तथा उपयोग के संबंध में।**

**प्रसंग:** 1) **इस कार्यालय के पूर्व पत्रांक NBA(TSC)-98/2009(Part-1)-1213/SWSM दिनांक 23.07.2015**

2) **माननीय मुख्यमन्त्री की अध्यक्षता में दिनांक 7.10.2015 को आयोजित समीक्षा बैठक में देय निर्देश। (विभागीय ज्ञापांक 240/Sec दिनांक 19.10.2015 द्वारा निर्गत)**

3) **विभागीय पत्रांक NBA(TSC)-98/2009(Part-1)-727/SWSM दिनांक 08.05.2015**

4) **विभागीय पत्रांक NBA(TSC)-98/2009(Part-1)-1651/SWSM दिनांक 30.09.2015**

महाशय

उपर्युक्त विषयान्तर्गत एवं प्रांसंगिक पत्रों के संबंध में कहना है कि स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा॰) के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए झारखण्ड राज्य को खुले में शौच मुक्त बनाने हेतु यह नितांत अनिवार्य है कि सरकार से संबंधित सभी ऐसे व्यक्ति जो अपना शौचालय निर्माण कर उसको उपयोग करनें में सक्षम है, वे खुले में शौच मुक्त झारखण्ड बनाने में अपनी भूमिका के प्रति स्वयं सजग रहते हुए तथा समाज में स्वयं स्वच्छता की पहल कर दूसरों के लिए उदाहरण स्थापित करें। यह हम सबका नैतिक उत्तरदायित्व है कि स्वच्छ भारत की संकल्पना को साकार करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें।

2. इस संबंध में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड सरकार द्वारा पूर्व में मार्गदर्शन जारी किया गया है कि शासन के सभी विभागों में कार्यरत अधिकारियों, कर्मचारियों तथा विभागीय कार्यकर्ताओं (जैसे– शिक्षक, पारा शिक्षक, पंचायत सचिव, जन सेवक, राजस्व कर्मचारी,

कृ०पृ०उ०

चौकीदार, रोजगार सेवक, आँगनबाड़ी सेविका इत्यादि) को स्वयं अपने घरों में शौचालय का निर्माण कर उसका उपयोग सुनिश्चित करना है।

इस संबंध में देश के अन्य राज्यों मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान आदि में ऐसी पहल कर, इसका पालन सूनिश्चित किया गया है। इसका व्यापक तथा सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। ऐसे पदाधिकारी/कर्मी इस कार्यक्रम के वर्त्तमान में इन राज्यों में प्रेरणा स्रोत एवं Motivator, अग्रणी भूमिका निभा रहे है। इससे कार्यक्रम काफी गतिशील हुआ है।

3. झारखण्ड राज्य के अन्दर राज्य सरकार की सेवा में कार्यरत सरकारी पदाधिकारी/कर्मी तथा अच्छे वार्षिक अनुदान पर अनुबन्ध पर आधारित कर्मी की संख्या लगभग 3.00 लाख के करीब होगी। सेवानिवृत पेंशनधारी की संख्या एक से डेढ़ (1–1.5) लाख होगी। इस तरह लगभग 4–5 लाख सक्षम परिवार है जो शौचालय बनाकर उपयोग कर रहा है या सक्षम है। इनके स्वतः निर्माण तथा अपना नाम/ अपने परिवार का नाम Base Line से अनुदान सूची से हटाने से अन्य Deserving Poor- Left out परिवार को लाभ दिया जा सकेगा।

4. झारखण्ड राज्य में केन्द्रीय लोक उधम/सरकारी कार्यालय/समृद्ध प्राईवेट कम्पनी में भी झारखण्ड निवासी कर्मी लगभग कार्यरत/पेंशन भोगी भी तीन लाख के करीब है, इन्हे इस स्वेच्छाचारी अभियान में शामिल करना अनिवार्य है। इस तरह आप को स्वप्रेरणायुक्त परिवार 7–8 लाख होगा, जो कुल ग्रामीण परिवार का 15% के लगभग होगा।

5. आप से पुनः अनुरोध है कि राज्य को शीध्र खुले में शौच मुक्त बनाने व शत प्रतिशत शौचालय उपयोग सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है कि सक्षम परिवारों को कार्यक्रम का अग्रणी (Ambassador) बनाया जाय/ तदनुसार निर्मित शौचालयों को बेस लाइन/ उपलब्धि में reflect करायें।

पत्र संख्याः SBM(G) / मा0मुख्यमंत्री–मुख्य सचिव का बैठक / VC-121/16- 64, / SBM-G,दिनांक : 25-01-17

**प्रेषकः** **राजेश कुमार शर्मा**, भा0प्र0से0
निदेशक, SBM(G)
स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)
झारखण्ड, राँची।

**सेवा में,**
सभी कार्यपालक अभियंता–सह–सदस्य सचिव
जिला जल एवं स्वच्छता मिशन प्रकल्प, झारखण्ड।

**विषयः** **स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत ODF Verification के प्रतिवेदन के संबंध में।**

महाशय,

उपरोक्त विषयक पत्र के संबंध में कहना है कि मुख्य सचिव झारखण्ड सरकार की समीक्षा के दौरान दिये गये निर्देशों के अनुपालन के क्रम में **ODF Verification** के कार्य को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। अतः इस संबंध में निम्नलिखित के अनुसार प्रतिवेदन दिनांक 27.01.17 तक आवश्यक रूप से अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय को ईमेल से प्रेषित करना सुनिश्चित किया जाये।

**ODF Verification**

| क्रम | 31मार्च 2017 तक लक्षित ODF ग्राम पंचायतों की संख्या | घोषित ODF ग्राम पंचायतों की संख्या | Verified ODF GP की संख्या | घोषित ODF ग्राम पंचायतों की संख्या जहाँ Verification किया जा रहा है | शेष ग्राम पंचायतों की संख्या जो ODF Declared की जानी है। |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| | | | | | |

विश्वासभाजन,

(हस्ताक्षर) 24/1/17

(राजेश कुमार शर्मा)
निदेशक, SBM(G)
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

ज्ञापांक : SBM(G) / मा0मुख्यमंत्री–मुख्य सचिव का बैठक / VC-121/16- 64, दिनांक : 25-01-17
प्रतिलिपि : सभी उपायुक्त–सह–अध्यक्ष, जिला जल एवं स्वच्छता समिति, झारखण्ड को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(हस्ताक्षर) 24/1/17

निदेशक, SBM(G)
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

ज्ञापांक : SBM(G) / मा0मुख्यमंत्री–मुख्य सचिव का बैठक / VC-121/16- 64, दिनांक : 25-01-17
प्रतिलिपि : प्रधान सचिव पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड रांची को सूचनार्थ समर्पित।

(हस्ताक्षर)

निदेशक, SBM(G)
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

2nd Computer Jan 2017

झारखण्ड सरकार

## पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

पत्रांक : .......................                                        दिनांक : ....................

प्रेषक : **अपर मुख्य सचिव**
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, राँची।

प्रेषित,
कार्यपालक अभियंता–सह–सदस्य सचिव
जिला जल एवं स्वच्छता समिति,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची (पूर्वी)/राँची (पश्चिम)/खूँटी/रामगढ़/लोहरदगा।

**विषय : सूचना, शिक्षा एवं संचार गतिविधियों के संबंध में।**

ज्ञाप,

समुदाय संचालित सम्पूर्ण स्वच्छता विधि अथवा अन्य ट्रिगरिंग पद्धतियों द्वारा खुले में शौच मुक्त हुए गाँवों में संलग्न कार्य विवरणी के अनुसार ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति को प्रचार प्रसार गतिविधियों हेतु निधि हस्तांतरित करें। चूँकि उक्त कार्य हेतु सरकारी प्रोत्साहन राशि प्रति 200 परिवारों पर प्रति परिवार 74/– रुपये की दर से गाँव में स्थित कुल परिवारों (ए.पी.एल. और बी.पी.एल. सभी) की संख्या के आधार पर निधि निर्गत की जा सकती है। साथ ही ODF ग्राम के जागरूकता एवं उत्सव हेतु प्रति परिवार 83/– रुपये दी जाए। कार्य के सफल क्रियान्वयन एवं गाँव के प्रत्येक परिवार की प्रचार प्रसार गतिविधियों में सहभागिता एवं निगरानी का दायित्व कार्यपालक अभियंता एवं जिला समन्वयक पर होगी।

संलग्न – यथोपरि।

ह./–
**(सुधीर प्रसाद)**
अपर मुख्य सचिव

ज्ञापांक : C.L.T.S. Monitoring-546/12-1809/SWSM                    दिनांक : 26.12.2012
प्रतिलिपि : निदेशक–I/निदेशक–II/राज्य समन्वयक (NBA) पी.एम.यु. को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**(नवीन परमार)**
मुख्य अभियंता–सह–कार्यकारी निदेशक

**माननीय मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में दिनांक 07.10.15 को आयोजित समीक्षात्मक बैठक में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग से संबंधित बिन्दु :–**

(1) स्वच्छ भारत मिशन SBM (G) की प्रगति से संबंधित जिलों को अवगत कराया गया । राज्य की प्रगति वार्षिक लक्ष्य के लगभग 30% है जबकि कई जिलों की प्रगति काफी खराब है । गढ़वा/पलामू/जा[illegible]ड़ा को विशेष रूप से कार्य पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है । इन जिलों की प्रगति मात्र 10% या उससे भी कम है । आधा वित्तीय वर्ष समाप्त हो चुका है ।

(2) सभी उपायुक्तों को निदेशित किया गया कि DWSC की बैठक सप्ताह में एक बार अवश्य करें और प्रगति की समीक्षा करें । सभी निर्णय/निर्देश/कार्य योजना बैठक दल द्वारा भौतिक जाँच, फोटो Upload, IMIS प्रवृष्टि इत्यादि ।

(3) चयनित पंचायतों में राशि की उपलब्धता : किसी भी पंचायत में राशि का अभाव न हो, कार्य बाधित न हो । RTGS की माध्यम से राशि विमुक्त करना हेतु सुनिश्चित किया जाय ।

(4) पंचायत वार लक्ष्य की सत्यता सत्यापन : इसमें विशेष सतर्कता बरती जाय । सभी चयनित पंचायतों में सामान्यतः [illegible]–750 की बीच शौचालय निर्माण का लक्ष्य सामान्यतः होनी चाहिए । इससे अधिक का लक्ष्य संसूचित होने पर विशेष रूप से ध्यान देना चाहिए, क्योंकि Base line survey EM-II त्रुटिपूर्ण हो सकता है । अयोग्य व्यक्ति (Non eligible rich/govt servant etc) अथवा पूर्व से शौचालय युक्त गृह स्वामी दोबारा लाभ ले रहा होगा । इस पर विशेष [illegible] दें । विस्तृत दिशा निर्देश पूर्व से निर्गत है ।

(5) सभी उपायुक्त यह सुनिश्चित करें कि जून, 16 तक कम से कम दो प्रखण्ड पूर्णतः ODF हो इसके लिये अभी से ही प्र[illegible] रूप से कार्य किया जाय । प्रखण्ड चयन कर कार्य प्रारम्भ हो तथा विभाग को सूचना दी जाय ।

(6) गोड्डा एवं साहेबगंज तथा [illegible] जिलों में एक पंचायत में 1400–2100 तक लाभुक परिवारों की संख्या प्रतिवेदित की गयी है । कहीं–कहीं कियान्वयन भी हो गया होगा । यह प्रथम दृष्टया सही प्रतीत नहीं होता है । इस पर विशेष रूप से जाँच किया जाय । अन्य पंचायतों में ऐसी त्रुटियाँ [illegible] दोहराया जाय ।

(7) फोटो Upload पर विशेष [illegible] : (वित्तीय 2014–15) में दिनांक 01.04.14 के बाद शौचालय का ब्यौरा IMIS पर [illegible] सहित Upload करना है । दिनांक 31.10.15 तक शत–प्रतिशत फोटो दिनांक [illegible].09.15 तक निमित्त शौचालय का Upload करना सुनिश्चित किया जाय । [illegible] को छोड़कर शेष जिलों को विशेष ध्यान देना है । सभी दिशा–निर्देश निर्गत है ।

(8) SAGY स्कीम के तहत पंचायतों [illegible] वित्तीय वर्ष 2016–17 से SBM(G) के तहत न लेकर, मनरेगा के तहत लिया जाय [illegible] ग्रामीण विकास विभाग से सहमति प्राप्त कर लिया गया । लेकिन अगर प्रखण्ड [illegible] SBM(G) में ODF हो रहा है तो SAGY पंचायत को SBM(G) से लिया जा सकता [illegible]

(9) मनरेगा के तहत 240 पंचायत[illegible] कार्य चल रहा है, Output को SBM (G) के Portal पर Upload किया जाय ।

(10) IAY लाभुकों को वर्ष 2015–16 में ग्रामीण विकास विभाग शौचालय के लिये पूरी राशि दी जा रही है । अतः ऐसे परिवार का MNREGA/SBM(G) अन्तर्गत शौचालय से आच्छादित न करें।

(11) मनरेगा की राशि के द्वारा जो पंचायत ODF की जा रही है । वहां पर SBM(G) की कोई राशि का व्यय नहीं किया जाय । ऐसी पंचायत जो SBM(G) के तहत ODF की जा रही है वहां पर मनरेगा की राशि का उपयोग नहीं किया जाय । Duplication को रोकने हेतु SBM(G) के Portal पर MNREGA, अन्तर्गत निमित्त IHHL का ब्यौरा Upload किया जाय ।

(12) सुयोग्य परिवार जो पूर्व में ही स्वतः शौचालय बना लिया गया है, उसका सर्वेक्षण कर EM-3 पर update कर दिया जाय । सुयोग्य/सक्षम (सरकारी कर्मी/सम्पन्न/पक्के घर के स्वामी/कार/ट्रैक्टर/मोटर साईकिल धारक को प्रेरित कर स्व व्यय पर निर्माण करायें) विस्तृत निर्देश निर्गत है ।

(13) Community Toilet Complex का चयन कर सूची SLSCC से अनुमोदित करायें, अगर कहीं आवश्यक हो ।

(14) दिनांक 02.10.14 के पूर्व आवंटित राशि का UC प्राप्त कर, ब्यौरा IMIS पर Update करने के संबंध में यह गिरिडीह, बोकारो, धनबाद, दुमका, जमशेदपुर, सिमडेगा, खूँटी, गुमला, पलामू एवं गढ़वा तथा अन्य जिलों में यह बड़ी समस्या है । तत्काल UC लेकर IMIS पर फोटो सहित ब्यौरा Update करें अथवा राशि वापस प्राप्त करें । दोषियों पर प्रभावी कार्रवाई करें ।

(15) विभाग द्वारा निर्गत सभी निर्देश को विभागीय पोर्टल daa.jharkhand.gov.in एवं भारत सरकार के पोर्टल WWW.mdws.gov.in एवं SBM (G) के पोर्टल WWW.sbm.gov.in पर देखा जा सकता है । सतत इन Site को देखे तथा अपने को Update करें ।

(16) उत्कृष्ट कार्य करने वाले पंचायत/जिला सम्मानित किए जायेंगे ।

ह0/–

(अमरेन्द्र प्रताप सिंह)
सरकार के सचिव ।

झारखण्ड सरकार
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

पत्रांकः– 240/Sec रॉंची/दिनांकः– 19-10-15

प्रतिलिपिः– सभी उपायुक्त, झारखण्ड को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

ह0 19/10/15
(अमरेन्द्र प्रताप सिंह)
सरकार के सचिव ।

**दिनांक 07.01.2016 को मुख्य सचिव, झारखण्ड सरकार के द्वारा स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की समीक्षात्मक Video Conferencing की कार्यवाही प्रतिवेदन।**

---

***Video Conferencing की समीक्षा के क्रम में मुख्य सचिव, झारखण्ड सरकार द्वारा बतलाया गया कि राष्ट्रीय महत्वाकांक्षी योजना को PMO कार्यालय द्वारा Direct Monitoring की जा रही है। कई वर्षों से यह योजना चल रही है, किन्तु अबतक सभी लाभुकों को व्यक्तिगत घरेलु शौचालय (IHHL) निर्माण कार्य पूर्ण नहीं किया जा सका है। निदेशित किया गया कि सभी जिला अस्वस्त करें, कि इस वितीय वर्ष की लक्षित शौचालयों का निर्माण 31 मार्च 2016 तक पूर्ण करें। नये पदस्थापित उपायुक्तों की भी उपलब्धियों की समीक्षा की जायेगी।***

2) **गढ़वा** :

जिला में व्यक्तिगत शौचालय निर्माण की प्रगति लक्ष्य के विरूद्ध अबतक मात्र 9.89% है, जो अत्यंत दयनीय है। 20 प्रखण्डों मे से तीन प्रखण्डों को जून 2016 तक ODF करने का लक्ष्य है।

**उपायुक्त, गढ़वा** द्वारा बतलाया गया कि जिला में मात्र चार कनीय अभियंता कार्यरत हैं, ज्यादा कनीय अभियंताओं की आवश्यकता है।

**प्रधान सचिव, DWSD** द्वारा बतलाया गया कि चार कनीय अभियंताओं को तीन प्रखण्डों यथा डांडा, सगमा एवं केतार की जिम्मेदारी देकर जून 2016 तक ODF किया जाये।

3) **पलामू** :

जिला में व्यक्तिगत शौचालय निर्माण की प्रगति लक्ष्य के विरूद्ध अबतक मात्र 19.63% है, जो अत्यंत दयनीय है। उपायुक्त, पलामू द्वारा बतलाया गया कि पलामू जिला के लिए 22945 IHHL निर्माण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसमें से अनेक लाभुकों के घर में शौचालय बना हुआ है। इससे घटा देने पर लक्ष्य 15,550 हो जायेगा। साथ ही मुखिया एवं जल सहिया के बीच समन्वय की कमी के कारण निर्माण कार्य बाधित थी। अब इसका निराकरण कर दिया गया है। जिला में राशि की कमी है। मात्र एक करोड़ रुपये है।

**प्रधान सचिव, DWSD** द्वारा बतलाया गया कि राशि अधियाचना भेजी जाये, राशि उपलब्ध करा दी जायेगी।

4) **जामताड़ा** :

व्यक्तिगत शौचालय निर्माण के प्रगति के विरूद्ध अबतक मात्र 39.50% है।

**प्रधान सचिव, DWSD** द्वारा बताया गया कि जामताड़ा के Baseline Survey के उपरांत Website पर गलत इंट्री किया गया है, जिसे शीध्र सुधारा जाये। जामताड़ा

जिला के कुन्डहीत एवं नारायणपुर प्रखण्डों को जून, 2016 तक ODF हेतु नामित किया गया है, किन्तु अबतक लाभुकों की संख्या जिला से अप्राप्त है।

**उपायुक्त**: जामताडा द्वारा सूचित किया गया कि BLS के इंट्री की गलतियों को सुधारा जा रहा है।

5) **पाकुड़ :**

उपायुक्त, पाकुड़ द्वारा सूचित किया गया कि पाकुड़ जिला की उपलब्धि लगभग 60% है। मार्च, 2016 तक लक्ष्य 100% पूर्ण कर लिया जायेगा। जिला में मात्र दो सहायक अभियंता कार्यरत है। अधिक सहायक अभियंताओं की आवश्यकता है। जिला में राशि की कमी है।

**प्रधान सचिव, DWSD** द्वारा बतलाया गया कि अबतक ODF हेतु प्रस्तावित ग्राम पंचायतों में शौचालय की प्रगति घटती जा रही है, जो चिंता का विषय है। पाकुड़ जिला के लिट्टीपाडा एवं पकुड़िया प्रखण्डों को जून, 2016 तक ODF करने हेतु नामित किया गया है, किन्तु अबतक कार्य आरम्भ करने की सूचना नही दी गई है। प्रखण्ड समन्वयक एवं संकुल समन्वयकों के सहयोग से कार्य में तेजी लाया लाये। राशि हेतु अधियाचना भेजी जाये, शीध्र राशि उपलब्ध करायी जायेगी।

6) **लोहरदगा :**

जिला की प्रगति के समीक्षा के क्रम में उपायुक्त, लोहरदगा पर मुख्य सचिव द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए निदेश दिया गया कि SBM(G) कार्य पर विशेष ध्यान दें। आवश्यक राशि का शीघ्र अधियाचना भेजें।

7) **सामान्य निर्देश :**

(i) गिरिडीह / हजारीबाग / सरायकेला--खरसावॉ / चतरा / साहेबगंज का कार्य अच्छा है। प्रखण्ड ओ.डी.एफ. पर विशेष ध्यान दें। इन उपायुक्तों की सराहना की गई है।

(ii) रॉंची / रामगढ़ / पश्चिमी सिंहभूम (चक्रधरपुर प्रमंडल) / बोकारो / देवघर (मधुपुर) / दुमका / धनबाद / खूँटी को विशेष ध्यान देकर, कार्य प्रगति को बढ़ाना है, ओ.डी.एफ. पंचायत को expedite करें।

(iii) रामगढ / साहेबगंज एवं अन्य प्रखण्ड पंचायतों के कार्य में प्रगति नगण्य है। इसके लिए AE/JE/ जिला समन्वयक दोषी हैं। पंचायतवार समीक्षा की जाय तथा 100% पंचायत को मार्च तक ODF करें।

(iv) वर्ष 2014–15 के अधूरे कार्य को पूर्ण किया जाय। गलत reporting को सुधारे। Physical and Financial status, audit report & Cash book को update करें।

(v) unadjusted advance of Rs. 127 Crores in different panchayat / VWSCs, etc का review कर, proper accounting करें, व्यय का IIIrd Party सत्यापन Magistrate + Photo grapher mobile + अभि) को भेजकर करें तथा सही सूचना update करें। अवशेष

राशि जिला Account में जमा करें। गबन राशि पर दोषी पर कारवाई करें, FIR/ Certificate Cash करें। SBM Portal पर अपलोड करें।

(vi) वर्ष 2014–15 एवं 2015–16 का फोटो अपलोड को गति दें। सभी निर्देश निर्गत है।

(vii) साहेबगंज / गोड्डा / पाकुड़ / दुमका / पलामू की स्थिति काफी खराब है, सुधारे। दिनांक 31.01.16 तक 75% Minimum photoupload करें।

(viii) सभी जिला 01.04.2014 से 31.12.2015 तक निर्मित IHHL का 75% अवश्य Photo upload करें।

(ix) प्रखण्ड ओ.डी.एफ. का कार्य प्रारम्भ किया जाय।

(x) प्रत्येक जिला 2500 से 3000 प्रतिमाह IHHL (Jan – March 2016) निर्माण करें। दो प्रमंडल वाले जिला 5000 / माह IHHL का न्युनतम निर्माण करें। 500 Mason set प्रत्येक जिला / प्रमंडल में कम से कम deploy करें।

(xi) उपायुक्त तथा अन्य पदाधिकारियों का evaluation का एक प्रमुख आधार यह scheme है।

(xii) निदेशक, अधियाचना के 3 दिन के अन्दर Online राशि RTGS से स्थानान्तरित करें। राशि की कमी Field में न हो।

(xiii) जिला–लाभुक / VWSC के खाते में भी RTGS/NEFT से ही राशि स्थानान्तरित करें।

**अनु0: जिलावार IHHL निर्माण की प्रगति।**

**(परिशिष्ठ– 'क' एवं 'ख')**

ह0/- 28/1/16
**(अमरेन्द्र प्रताप सिंह)**
प्रधान सचिव
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

ज्ञाप संख्या : Video Conference-180/10 (Part-II) - 161 / SBM(G) दिनांक : 28.01.16
प्रतिलिपि : सभी उपायुक्त–सह–अध्यक्ष, जिला जल एवं स्वच्छता समिति, झारखण्ड / सभी अधीक्षण अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, झारखण्ड / सभी कार्यपालक अभियंता, जिला जल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झारखण्ड को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/- 28/1/16
प्रधान सचिव
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

ज्ञाप संख्या : Video Conference-180/10 (Part-II) - 161 / SBM(G) दिनांक : 28.01.16
प्रतिलिपि : निदेशक, SBM(G) पेयजल एवं स्वच्छता विभाग / संयुक्त निदेशक, SBM(G) / उपनिदेशक, (वित्त एवं प्रशासन) / राज्य समन्वयक SBM(G) / परामर्शी (IEC) / परामर्शी (HRD), पी0एम0यू0, झारखण्ड, राँची को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/- 28/1/16
प्रधान सचिव
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

ज्ञाप संख्या : Video Conference-180/10 (Part-II) - 161 / SBM(G) दिनांक : 28-01-16
प्रतिलिपि : मुख्य सचिव, झारखण्ड सरकार को सूचनार्थ समर्पित।

28/1/16

प्रधान सचिव
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

परिशिष्ठ–'क'

जिलावार IHHL निर्माण की प्रगति निम्न प्रकार है :–

As on 06.01.2015

| S.N. | Name of Division | Physical Progress | | |
|---|---|---|---|---|
| | | Total IHHL target (2015-16) | Physical Progress Online 06-01-2016 | Physical Achievement in percentage (%) |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | GIRIDIH | 14480 | 13539 | 93.50 |
| 2 | SERAIKELA KHARSAWAN | 9643 | 8817 | 91.43 |
| 3 | HAZARIBAGH | 18108 | 14305 | 79.00 |
| 4 | GODDA | 9643 | 7442 | 77.18 |
| 5 | CHATRA | 13271 | 9800 | 73.85 |
| 6 | DHANBAD | 9643 | 5736 | 59.48 |
| 7 | KHUNTI | 6015 | 3576 | 59.45 |
| 8 | LOHARDAGA | 7225 | 4266 | 59.04 |
| 9 | RAMGARH | 16015 | 9238 | 57.68 |
| 10 | PAKUR | 6015 | 3469 | 57.67 |
| 11 | DUMKA | 10852 | 5966 | 54.98 |
| 12 | KODERMA | 6015 | 3266 | 54.30 |
| 13 | PURBI SINGHBHUM | 12062 | 6420 | 53.23 |
| 14 | BOKARO | 9643 | 4885 | 50.66 |
| 15 | DEOGHAR | 10852 | 5406 | 49.82 |
| 16 | PASCHIM SINGHBHUM | 20526 | 9998 | 48.71 |
| 17 | RANCHI | 20526 | 9601 | 46.77 |
| 18 | LATEHAR | 9643 | 4468 | 46.33 |
| 19 | SAHIBGANJ | 39404 | 17403 | 44.17 |
| 20 | GUMLA | 13271 | 5488 | 41.35 |
| 21 | JAMTARA | 6015 | 2376 | 39.50 |
| 22 | SIMDEGA | 15851 | 4437 | 27.99 |
| 23 | PALAMU | 22945 | 4504 | 19.63 |
| 24 | GARHWA | 21735 | 2150 | 9.89 |
| | | **329398** | **166556** | **50.56** |

परिशिष्ठ–'ख'

जिलावार निर्मित IHHL की Photo uploading की प्रगति निम्न प्रकार है :–

| S.N. | District Name | Photo Uploading Progress | | |
|---|---|---|---|---|
| | | Total Target | Photo Uploaded on 06.01.2016 | Photo Achievement in percentage (%) |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | CHATRA | 10975 | 10009 | 91.20 |
| 2 | RAMGARH | 9995 | 8800 | 88.04 |
| 3 | GIRIDIH | 19396 | 14735 | 75.97 |
| 4 | GUMLA | 11063 | 8379 | 75.74 |
| 5 | LOHARDAGA | 5516 | 4125 | 74.78 |
| 6 | PASCHIMI SINGHBHUM | 20809 | 15438 | 74.19 |
| 7 | KHUNTI | 6645 | 4915 | 73.97 |
| 8 | SERAIKELA KHARSAWAN | 11395 | 8424 | 73.93 |
| 9 | PURBI SINGHBHUM | 5773 | 4176 | 72.34 |
| 10 | BOKARO | 5288 | 3702 | 70.01 |
| 11 | RANCHI | 12202 | 8414 | 68.96 |
| 12 | GARHWA | 2182 | 1490 | 68.29 |
| 13 | DHANBAD | 9779 | 6432 | 65.77 |
| 14 | SIMDEGA | 7695 | 4925 | 64.00 |
| 15 | LATEHAR | 5705 | 3528 | 61.84 |
| 16 | HAZARIBAGH | 14008 | 8293 | 59.20 |
| 17 | KODERMA | 3726 | 2183 | 58.59 |
| 18 | DEOGHAR | 11769 | 6769 | 57.52 |
| 19 | JAMTARA | 5686 | 2988 | 52.55 |
| 20 | PALAMU | 6331 | 3206 | 50.64 |
| 21 | GODDA | 15939 | 8038 | 50.43 |
| 22 | DUMKA | 12853 | 5430 | 42.25 |
| 23 | SAHIBGANJ | 15735 | 5804 | 36.89 |
| 24 | PAKUR | 5619 | 1891 | 33.65 |
| | **TOTAL** | **236084** | **152094** | **64.42** |

**दिनांक 23.01.2016 को प्रधान सचिव, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड द्वारा SBM(G) का समीक्षात्मक Video Conferencing की कार्यवाही प्रतिवेदन।**

(1) **समीक्षा के कम में प्रधान सचिव द्वारा निम्न निदेश दिये गये :–**

(i) साहेबगंज प्रमंडल/जिला द्वारा नमामि गंगे एवं स्वच्छ भारत मिशन की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति अलग–अलग समर्पित करेंगे।

(ii) गिरीडीह, सरायकेला, गोड्डा, हजारीबाग एवं चतरा जिला की प्रगति संतोषजनक है तथा अन्य जिलों को प्रगति में तेजी लाने की आवश्यकता है। प्रत्येक कार्य प्रमंडल 100 शौचालय प्रतिदिन का लक्ष्य प्राप्त करें।

(iii) प्रत्येक जिलों के कम से कम दो प्रखण्डों को जून 2016 तक निश्चित रूप से ODF करना है। Action Plan का कार्यान्वयन प्रारम्भ करें। Capacity Building/resource ability / IEC का Detail Plan बनाकर implement करें।

(iv) सभी प्रमंडलों को आगामी तीन महीने में (अर्थात् मार्च 2016 तक) प्रतिदिन 100 शौचालय का निर्माण कर ऑनलाईन करना सूनिश्चित करना होगा, कम निर्माण एवं ऑनलाईन करने की अवस्था में उस पर कार्रवाई की जायेगी।

(v) लातेहार जिला की प्रगति प्रति माह 1000 से घट कर 700 होने पर अप्रसन्नता व्यक्त की गयी। Mason प्रशिक्षण कर प्रगति बढ़ाने को कहा गया। कार्यपालक अभियंता को चेतावनी निर्गत करें।

(vi) दुमका जिला के दो प्रमंडल मिलाकर मात्र 1200–1300 प्रति माह शौचालय निर्माण किया जा रहा है, जो अत्यंत धीमी प्रगति है। इसे बढ़ाने का कोई प्रयास 4–5 माह में नहीं किया गया है, static है। सुधार करें।

(vii) जून 2016 तक प्रत्येक जिला के कम से कम दो चयनित प्रखण्डों पर कियान्वयन पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। निदेशित किया गया कि उन प्रखण्डों में मार्च 2016 तक 30% प्रगति सुनिश्चित किया जाये। प्रत्येक माह Mason का प्रशिक्षण किया जाये। Mason दल को गांवों में ही आवासित कर काम कराया जाये। Photo Uploading की समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाये।

(viii) उपायुक्त स्तर पर मुखिया, जल सहिया एवं आंगनबाड़ी सेविकाओं/SHG/बैंक प्रबंधकों की बैठक कर चयनित प्रखण्डों के सभी ग्राम पंचायतों का शीघ्र Resurvey कराकर SHG/बैंक प्रबन्धकों द्वारा सक्षम परिवारों को स्वयं शौचालय निर्माण हेतु प्रेरित किया जाये और लक्ष्य/सूचि को संशोधित किया जाय। गिरीडीह जिला में SAGY का Resurvey उपरांत एक पंचायत में 400–500 लाभुक परिवार लक्ष्य घट गये है। यह स्थिति साहेबगंज/बोकारो/जामताड़ा में 25-50% कमी आ रही है। Survey की गुणवत्ता खराब है।

(ix) ईंट बनाने का मौसम चल रहा है। आगामी वित्तीय वर्ष के लिए ईंट की व्यवस्था उपायुक्त / कार्यपालक अभियंताओं / VWSC द्वारा अग्रिम सुनिश्चित की जाय। (कम (viii), (ix) एवं (x) पर पत्र प्रेषित की जाय)

(x) वर्तमान वित्तीय वर्ष 2015–16 में लगभग 1.29 लाख शेष लक्ष्य है। इसे अवश्य प्राप्त करें। अच्छे कार्य वाले जिले अपने लक्ष्य का दो गुणा मार्च तक प्राप्त करें।

(xi) मार्च 2016 तक के लिए राशि की आवश्यकता होने पर इसी माह अधियाचना प्रेषित की जाय। निदेशक SBM(G) adequate राशि उपलब्ध कराये। जनवरी में राशि की अनुपलब्धता के कारण कार्य प्रभावित की सूचना रामगढ़ / राँची एवं अन्य कई जिलों से है। इस पर close monitoring हों।

(xii) गढ़वा एवं पलामू की अबतक की प्रगति मात्र 10% एवं 20% होना अत्यंत दयनीय विषय है। दोनों जिलों में कमशः 120 एवं 105 Mason कार्यरत हैं। दोनों जिलों द्वारा IEC मद में इस वित्तीय वर्ष 25% से अधिक खर्च की गयी है, जो वित्तीय अनियमितता के श्रेणी में आती है। निदेश दिया गया कि सभी विन्दुओं को क्रियान्वयन करते हुए मार्च 2016 तक लक्ष्य पूर्ण किया जाये। Guidelines का विशेष ध्यान दें।

(xiii) Audit report / guidelines का सख्ती से पालन हो।

(xiv) Financial aspects-component wise – eligibility/ permissible limit में हो। मासिक बैंक reconciliation हो।

(xv) वर्ष 2015–16 में ODF घोषित होने वाले के Slip back का Detail दें।

(xvi) Advance तैयारी 2016–17 की करें, लक्ष्य कम से कम double होगा।

(xvii) Advance समायोजन पर प्रभावी कार्रवाई हो।

(xviii) फोटो upload December 2015 तक का 100% हो। फरवरी–मार्च 2016 में कम से कम चयनित तथा ODF पंचायत के जलसहिया / मुखिया / SHG / निगरानी समिति का जिला स्तर पर quality trainers के साथ ट्रेनिंग कर ODF -Maint की कार्रवाई सतत monitoring, जल सप्लाई संसाधन की Inventory बनायें।

(xix) Data base Clean हो।

(2) **समीक्षा के क्रम में निदेशक, SBM(G) द्वारा निदेश दिया गया :–**

**(क)** वर्ष 2014–15 के अंकेक्षण प्रतिवेदन पर स्पष्टीकरण के सम्बंध में –

(i) IEC पर 20% से अधिक खर्च किया गया है,

(ii) 12 जिलों द्वारा का IHHL पर शून्य प्रतिशत खर्च किये गये,

(iii) गत वर्ष 127 करोड़ असमायोजित अग्रिम शेष रह गया है, जो गम्भीर मुद्दा है,

(iv) वर्ष 2014–15 में 98,000 शौचालयों का निर्माण किया गया है, जिसका खर्च 117.60 करोड़ होना है। किन्तु 98,000 शौचालय IMIS इंट्री के विरूद्ध समानुपातिक रोकड़ बही में राशि इंट्री नहीं की गयी है। जिसकी जाँच हेतु प्रत्येक जिले को

Cash Book के साथ Bank Reconciliation सहित मुख्यालय बुलाया जायेगा। अंकेक्षक के द्वारा इसकी सत्यापन करायी जाये।

(v) अपने HR/Adm. में से 1.8% के अंतर्गत वेतन भुगतान करना है। जिस माह शौचालय निर्माण नहीं होगा, उस माह का वेतन भुगतान मान्य नहीं होगा।

**(ख)**

(i) उपयोगिता प्रमाण–पत्र एकत्रित करने का शैड्यूल तैयार किया जाये, सप्ताह के किस दिन, किसके द्वारा क्षेत्र से उपयोगिता प्रमाण–पत्र एकत्रित की जायेगी तथा किस दिन उसका IMIS किया जायेगा।

(ii) प्रत्येक जिलों में दो–दो प्रखण्डों को Saturation Mode पर कार्य करते हुए जून 2016 तक ODF घोषित करना है। किन्तु पूर्व में लक्षित पंचायतों के अलावे अभी तक कहीं कार्य आरम्भ नहीं की गयी है। गढ़वा एवं पलामू में Mason की घोर कमी है।

(iii) नई दिल्ली से आये Action Policy Research के द्वारा SBM(G) की सर्वेक्षण के क्रम में पाया गया कि धनबाद जिले के टुंडी पंचायत एवं सरायकेला–खरसवां के कदमडीह ग्राम पंचायतों में घटिया गुणवत्ता वाले शौचालय का निर्माण किया गया है तथा बोकारो जिला के जरीडीह प्रखण्ड अंतर्गत तातरी दक्षिण में शौचालय धँस चुका है। निदेशित किया गया कि उक्त स्थानों में सुधार किया जाय।

(iv) अनेक मुखिया/जल सहिया के घरों में अब तक शौचालय नहीं बना है, शीघ्र सर्वे कराकर शौचालय निर्माण करवाया जाय।

(v) आवश्यकतानुसार राशि की अधियाचना की जाय।

(3) **गढ़वाः**

(i) जून 2016 तक तीन प्रखण्डों (डंडा, सगमा एवं केतार) को ODF करना है, किन्तु वहां के VWSC को राशि हस्तांतरण नहीं की गयी है।

(ii) कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता तथा अन्य सहित दो–दो जिला समन्वक रखने के बावजूद जनवरी में मात्र 208 शौचालयों का निर्माण हुआ है।

(iii) असमायोजित अग्रिम 4 करोड़ है।

(4) **पलामूः**

(i) अब तक की भौतिक उपलब्धि मात्र 20.94% एवं फोटो अॅपलोडिंग 66.48% है।

(ii) जिला में लगभग 4 करोड़ रूपये हैं।

निदेश दिया गया कि ODF हेतु चुने गये छोटे प्रखण्डों (पड़वा, मनातू एवं सतबरवा) के VWSC को राशि हस्तांरित करते हुए कार्य आरम्भ किया जाय तथा अगले शनिवार तक तीन प्रखण्डो सभी ग्राम पंचायतों का प्रगति IMIS में दिखनी चाहिए।

(5) **सिमडेगाः**

(i) भौतिक प्रगति नीचे से तीसरे पायदान पर है।

(ii) पूछा गया कि किस आधार पर प्रखण्ड समन्वयकों की नियुक्ति जिला द्वारा 9,000/– रूपये पर की जा रही है? जबकि विभागीय प्रधान सचिव द्वारा समीक्षा बैठक के दौरान 5000/– रूपये के मासिक परिलब्धि में तीन महीने के लिए आवश्यकता अनुसार प्रखण्ड समन्वयकों को नियुक्त करने को कहा गया था।

(6) **जामताड़ाः**

(i) जनवारी 2016 में मात्र 130 शौचालयों का निर्माण हुआ है।

(ii) असमायोजित अग्रिम, बैंक रिकोन्सिलियेशन एवं अन्य सूचनाओं सहित मुख्यालय में बुलाया जायेगा।

➢ निदेश दिया गया कि उपयोगिता प्रमाण–पत्र एकत्रित करने का Schedule बनावें। समय पर VWSC को राशि हस्तांतरण करें। उपयोगिता प्रमाण–पत्र जमा किये बगैर कितने VWSC को राशि हस्तांतरण की गयी है, प्रतिवेदन तैयार करें।

(7) **गुमलाः**

(i) इस माह मात्र 132 शौचालय निर्माण किया गया है। तथा फोटोअपलोडिंग 72.91% है।

➢ निदेशित किया गया कि असमायोजित अग्रिम को समायोजित किया जाय। अगले सप्ताह प्रत्येक ODF हेतु चयनित प्रखण्डों के पंचायतों का प्रगति IMIS में प्रदर्शित होनी चाहिए।

(8) **साहेबगंजः**

(i) जिला से सूचित किया गया कि नमामि गंगे परियोजना अंतर्गत 78 ग्रामों में 59 गांवों को ODF किया गया है। SBM(G) अंतर्गत 44 गावों के VWSC में राशि हस्तांतरित कर दी गयी है।

(ii) UNDP द्वारा फरवारी–मार्च में कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

➢ निदेशित किया गया कि नमामि गंगे एवं स्वच्छ भारत मिशन के प्रगति को अलग–अलग भेजा जाय। Photo Uploading का कार्य धीमा चल रहा है। शेष प्रखण्डों का कार्य में तेजी लाया जाय। तीन महीने के लिए प्रखण्ड समन्व्यकों की नियुक्ति सम्बंधी पत्र कार्यवाही प्रतिवेदन की प्रति सहित भेजी जा रही हैं।

(9) **राँचीः**

प्रगति अत्यंत धीमी है।

➢ निदेशित किया गया कि चयनित प्रखण्डों/ग्राम पंचायतों में राशि हस्तांतरित कर कार्य शीघ्र आरम्भ की जाय। अगले सप्ताह तक चयनित प्रखण्डों के सभी ग्राम पंचायतों का IMIS में प्रगति दिखनी चाहिए।

(10) **पश्चिमी सिंहभूमः**

चक्रधरपुर एवं चाईबासा दो प्रमंडलों को मिलाकर मात्र 311 शौचालयों का निर्माण किया गया है।

- निदेशित किया जाता है कि कार्य में तेजी लाया जाय। मनरेगा के साथ अभिषरण द्वारा निर्मित शौचालयों की वांछित प्रतिवेदन अबतक अप्राप्त है, जिसमें अनुपयोगी तीन फीट का शौचालय बिना दरवाजा एवं एकल पिट का बना है।

(11) **लातेहारः**

ODF हेतु चयनित प्रखण्डों के पंचायतों में प्रखण्ड मुख्यालय पंचायत को छोड़कर मात्र एक पंचायत को राशि हस्तांतरित की गयी है।

- निदेशित किया गया कि अगले सप्ताह चयनित प्रखण्डों के सभी ग्राम पंचायतों की प्रगति IMIS में प्रदर्शित होनी चाहिए। आवश्यक राशि की अधियाचना की जाय तथा प्रगति में सुधार की जाय।

(12) **कोडरमाः**

- निदेशित किया जाता है कि VWSC के बैंक खाता को संचालन सम्बंधी पत्र शीघ्र भेजा जाय।

(13) **बोकारोः**

(i) दो प्रमंडल मिलाकर मात्र 55.80% उपलब्धि हुई है।

(ii) बोकारो जिला के जरीडीह प्रखण्ड अंतर्गत तातरी दक्षिण में शौचालय धस चुका है।

- निदेशित किया गया कि उक्त धसे शौचालयों का शीघ्र सर्वेक्षण कर कार्रवाई की जाय तथा कृत कार्रवाई की प्रतिवेदन भेजी जाय। 31.01016 तक कार्रवाई प्रतिवेदन नहीं पहुँचने की स्थिति में कार्यपालक अभियंता के विरूद्ध कार्रवाई की जायेगी।

(14) **देवघरः**

दो प्रमंडल मिलकर मात्र 6088 शौचालयों का निर्माण किया गया है।

- निदेश दिया गया कि ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति, फुलझुरी में किये गये उत्तम कार्यों को अन्य VWSC में प्रचारित करने का निदेश दिया गया था, किन्तु अब तक नहीं किया गया और न ही राशि हस्तांतरित की गयी। कार्यशैली को सुधारा जाय।

(15) **धनबादः**

जनवरी माह में दो प्रमंडल मिलाकर मात्र 221 शौचालय का निर्माण किया गया है।

- त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के मद्देनजन VWSC के बैंक खातों का संचालन AE/JE द्वारा किये जाने का निर्देश पर नव चयनित मुखियाओं द्वारा किये जाने सम्बंधित प्रश्न के उत्तर में निर्देश दिया गया कि DWSC स्वयं निर्णय लेकर बैंक खातों का संचालन हेतु जिम्मेदारी दी जा सकती है, जिसके लिए पत्र निर्गत की जा चुकी है।

(16) **खूँटी:**

जनवरी माह में मात्र 105 शौचालयों का निर्माण किया गया है।

- निदेशित किया जाता है कि कार्य में तेजी लाया जाय। मनरेगा के साथ अभिषरण द्वारा निर्मित शौचालयों की वांछित प्रतिवेदन अबतक अप्राप्त है, जिसमें अनुपयोगी तीन फीट का शौचालय बिना दरवाजा एवं एकल पिट का बना है।

**अन्य जिलों की प्रगति अपेक्षाकृत ठीक होने से सामान्य समीक्षा की गई।**

**अनु0: मासिक प्रगति प्रतिवेदन।**

13/2/16

**(राजेश कुमार शर्मा)**
निदेशक SBM(G)

ज्ञाप संख्याः Video Conference–180 / 10 (Part-II) – 223 /SBM(G) दिनांकः 13-02-16

प्रतिलिपिः सभी उपायुक्त–सह–अध्यक्ष, जिला जल एवं स्वच्छता समिति, झारखण्ड / सभी अधीक्षण अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, झारखण्ड / सभी कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झारखण्ड को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु अग्रसारित।

13/2/16

**(राजेश कुमार शर्मा)**
निदेशक SBM(G)

ज्ञाप संख्याः Video Conference–180 / 10 (Part-II) – 223 /SBM(G) दिनांकः 13-02-16

प्रतिलिपिः निदेशक SBM(G), पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड / संयुक्त निदेशक SMB(G) / उप निदेशक (Fin & Adm) / परामर्शी (IEC) / परामर्शी (HRD) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु अग्रसारित।

13/2/16

**(राजेश कुमार शर्मा)**
निदेशक SBM(G)

**दिनांक 15.03.2016 को मुख्य सचिव, झारखण्ड सरकार द्वारा SBM(G) से सम्बंधित Video Conferencing की कार्यवाही प्रतिवेदन।**

Video Conferencing के आरम्भ में प्रधान सचिव, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के द्वारा सबों का अभिनंदन किया गया। समीक्षा के क्रम में निम्नलिखित बिन्दुओं पर निदेश दिया गया –

(i) वित्तीय वर्ष 2015–16 के लक्ष्य के विरूद्ध IHHL निर्माण में उपलब्धि 76.21% किया गया है, प्रगति अच्छी है। अपने लक्ष्य के 90% से अधिक उपलब्धि वाले जिले 110-115% उपलब्धि प्राप्त कर सकते हैं। भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की IMIS में Online Entry शीघ्र की जाय। भौतिक प्रगति का Online 10 अप्रैल तक किया जा सकता है, लेकिन वित्तीय प्रगति 31 मार्च तक किया जाना है। गत वर्ष 12 जिलों द्वारा IHHL निर्माण में खर्च का शून्य IMIS दिखाया गया है, जबकि भौतिक प्रगति हजारों में दिखाया गया है। गतवर्ष 12 जिलों द्वारा IHHL निर्माण में खर्च का शून्य IMIS दिखाया गया, जबकि भौतिक प्रगति हजारों में दिखाया गया है।

(ii) Photo uploading में 14 जिलों की प्रगति राज्य स्तर से अर्थात् 60% से कम है, जो अच्छी प्रगति नहीं है।

(iii) पलामू एवं चक्रधरपुर प्रमंडल की उपलब्धि क्रमशः 29% एवं 32% है, जो अत्यंत दयनीय है।

(iv) गढ़वा एवं सिमडेगा को थोड़ी छूट दी जा सकती है, क्योंकि वहाँ कार्यपालक अभियंताओं का पदस्थापन हुए लगभग तीन महीने हुए हैं।

(v) इस वर्ष अबतक 215 करोड़ खर्च दिखाया गया है। गत वित्तीय वर्ष में 217 करोड़ अग्रिम भुगतान असमायोजित की राशि के विरूद्ध IHHL निर्माण कार्य होने के बावजूद IMIS में Entry नहीं किया जाता है। पूर्व में दी गयी अग्रिम राशि के विरूद्ध निर्माण कार्य पूर्ण कराकर शीघ्र IMIS Entry करने की Strategy में काम करें।

(vi) राज्य में 81 विधायक हैं, तथा अबतक 75 प्रखण्ड ही ODF हेतु चयन किया गया है। अब प्रत्येक विधान सभा क्षेत्र में कम से कम एक प्रखण्ड अवश्य लिया जाय। यदि ऐसा कोई विधान सभा क्षेत्र जो दो जिले में पड़ते हों और अन्य जिला उस प्रखण्ड को ODF हेतु चयनित किया है, ऐसी परिस्थिति में वैसे प्रखण्ड को छोड़कर दूसरे प्रखण्ड को लिया जा सकता है।

(vii) प्रत्येक प्रमंडल के लक्ष्य को Rationalized करना है।

(viii) जन प्रतिनिधियों को कार्यक्रम की जानकारी देने तथा Communication Gap को दूर करने के लिए बोकारो एवं धनबाद में जनप्रतिनिधियों के साथ सेमिनार

किया गया। यह प्रयास अच्छा है ऐसी ही सेमिनार अप्रैल 2016 में किया जाय, ताकि योजना की जानकारी तथा Communication Gap दूर किया जा सके।

(ix) SBM(G) मार्ग दर्शिका के अनुरूप IHHL निर्माण हेतु लाभुकों द्वारा स्वयं बनवाने पर उत्प्रेरित की जाय। VWSC द्वारा ठीकेदारों/एजेंसी को IHHL निर्माण कार्य में लगाना मार्गदर्शिका में प्रावधानित नहीं है।

(x) आगामी वित्तीय वर्ष 2016–17 के लक्ष्य को पूर्ण करने के लिये Mason प्रशिक्षण का कैलेन्डर तैयार किया जाय। साथ ही प्रति जिला 500 एवं प्रति प्रमंडल 300 Mason का प्रशिक्षण किया जाय। 50% महिला Mason लेने से अच्छा रहेगा।

(xi) ईंट या Alternative Materials की व्यवस्था हेतु Genune Planning अभी किया जाय।

(xii) Rural Pan आपूर्ति हेतु एक या दो जिलों के लिए एक–एक एजेंसी को लगाया जा सकता है, जिससे Rural Pan एवं अन्य सामग्री की सुगम आपूर्ति सुनिश्चित हो सके।

(xiii) जून 2016 तक वित्तीय वर्ष 2016–17 लक्ष्य का 30-40% पूर्ण किया जाय अन्यथा वार्षिक लक्ष्य को पूरा करने में कठिनाई होगी।

(xiv) प्रखण्ड स्तर पर Block Coordinator एवं Community Mobilizer दो व्यक्ति प्रति प्रखण्ड रखनी है। सिमडेगा जिला में यूनिसेफ द्वारा रखे गये हैं।

(xv) जिला स्तर पर लगभग 40 व्यक्तियों का दल कार्य करेगा। Manpower deploy सम्बन्धित सूचना बाद में दी जायेगी।

(xvi) विदित हो कि 1 अप्रैल, 2016 से BRC/CRC कार्य नहीं करेंगे। अबतक नया Recruitment नहीं हो जाता है तबतक प्रति व्यक्ति, प्रति माह 5000/–रू० में BRC/CRC रख सकते हैं।

(xvii) कनीय अभियंताओं का स्थायी नियोजन नहीं होने तक अनुबंध पर नियुक्त करने हेतु अनुमोदन प्राप्त है ।

<u>Video Conferencing के क्रम निम्न उपायुक्त /उप विकास आयुक्तों से विमर्श किया गया :–</u>

2) गढ़वा जिला द्वारा बतलाया गया कि उनके जिले का लक्ष्य काफी अधिक रखा गया है। साथ ही जिले में मात्र तीन कनीय अभियंता कार्यरत है।

*– निदेश दिया गया कि आगामी वित्तीय वर्ष के लिये तैयारी की जाय। कनीय अभियंताओं की नियुक्ति Process में है।*

3) पलामू जिला द्वारा बतलाया गया कि इस माह 3,000 शौचालय निर्माण करना है। जून 2016 तक मनातू प्रखण्ड को ODF किया जायेगा।

*– निदेश दिया गया कि आगामी वित्तीय वर्ष के लिए Mason प्रशिक्षण एवं अन्य तैयारी शुरू कर लें।*

4) सिमडेगा जिला द्वारा जनवरी माह में अच्छा कार्य किया गया था किन्तु उसके बाद अत्यंत खराब प्रगति हुई है। निदेश दिया गया कि अब प्रति माह 2000–2500 IHHL निर्माण किया जाय तथा जिला के स्टाफ राँची में अनावश्यक भ्रमण न करें।

5) साहेबगंज जिला द्वारा बतलाया गया कि नमामी गंगे परियोजना अंतर्गत क्षेत्रों को बहुत जल्द 100% ODF कर जिला जायेगा।

*– निदेश दिया गया कि नवम्बर–दिसम्बर माह में जो कार्य की गति थी, उसकी उसी गति से स्थिर करते हुए वर्ष 2017 तक साहेबगंज जिला को ODF किया जाय।*

6) पश्चिमी सिंहभूम द्वारा बतलाया गया कि चक्रधरपुर प्रमण्डल की स्थिति ठीक नहीं है, चाईबासा प्रमण्डल अच्छी स्थिति में है। दो करोड़ रुपये की आवश्यकता है।

7) गुमला जिला द्वारा बतलाया गया कि ऑक्टुबर–नवम्बर माह में धीमा कार्य हुआ किन्तु अब मार्च 2016 तक 100% उपलब्धि प्राप्त करेंगे। 580 निर्मित IHHL का Online नहीं किया गया है। पाँच करोड़ राशि की आवश्यकता है।

*– निदेश दिया गया कि तीन करोड़ शीघ्र भुगतान किया जायेगा।*

8) पूर्वी सिंहभूम द्वारा बतलाया गया कि अबतक 10,046 शौचालय निर्माण किये गये है। Photo Uploading में पीछे है। IMIS पूर्ण कर लिया जायेगा। IEC, Behavior Change तथा अन्य कार्यक्रम किये जा रहे है। इस माह 2,500 IHHL निर्माण करेंगे।

*– निदेश दिया गया कि सभी जिलों द्वारा IEC के बदले Local Champions के माध्यम से Local Leadership Develop किया जाय, जो लाभप्रद होगा। जिससे साक्षरता मिशन, महिला सामाख्या, अर्चरी, स्पोर्टस व अन्य को उपयोग में लाया जाय। उपायुक्तों द्वारा इसका प्रयोग करना चाहिए। नदिया, ओडिसा, छत्तीसगढ़ आदि में इसका प्रयोग सफल रहा है।*

9) खूँटी जिला को तीन करोड़ राशि की आवश्यकता है।

*– निदेश दिया गया कि तोरपा प्रखण्ड के 16 पंचायतों में Back log है, जिससे शीघ्र दूर किया जाय।*

10) कोडरमा जिला द्वारा बतलाया गया कि नौ ग्राम पंचायत ODF के लिए चुना गया है, जिसमें से पाँच पंचायत ODF हो चुका है। IMIS Entry कार्य धीमा था, अब पूर्ण कर लिया जायेगा। Mason प्रशिक्षण की तैयारी चल रही है। दो करोड़ रुपये की आवश्यकता है।

*– निदेश दिया गया कि Mason प्रशिक्षण अगले वर्ष के लिये किया जाय।*

11) दुमका जिला द्वारा बतलाया गया कि मसलिया प्रखण्ड को जून 2016 तक ODF किया जायेगा। फोटो अपलोड पूरा कर दिया जायेगा। पूर्व में अनुमोदित दो करोड़ रुपये अबतक अप्राप्त है।

*– निदेश दिया गया कि मसलिया प्रखण्ड बड़ा है, उसे ODF किया जाय। साथ ही 2016–17 के लिए दोनो प्रमंडल मिलाकर चार–पाँच प्रखण्ड ODF किया जाय। तीन करोड़ अतिरिक्त राशि भेज दिया गया है।*

12) जामताड़ा जिला द्वारा बतलाया गया कि इस वर्ष 115% IHHL निर्माण की उपलब्धि प्राप्त करेंगे। Photo uploading का कार्य 70% तक पूर्ण करेंगे। तीन करोड़ Release हुआ है किन्तु अबतक जिले के SBI A/c में हस्तांतरण नहीं हुआ है।

13) लोहरदगा जिला द्वारा बतलाया गया कि इस वर्ष 115% उपलब्धि प्राप्त करेंगे।

*– निदेश दिया गया कि आगामी वर्षों में लाभुकों को प्रोत्साहन कर प्रयास किया जाय कि सक्षम परिवार स्वयं अपना शौचालय निर्माण करे।*

14) गोड्डा जिला द्वारा बतलाया गया कि IHHL निर्माण लक्ष्य पूर्व कर लिया जायेगा। Photo uploading का कार्य 70-75% पूर्ण किया जायेगा।

*– निदेश दिया गया कि 2 ऑक्टुबर 2019 तक पूरे देश को ODF करना है, यह राष्ट्र स्तरीय लक्ष्य है। माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड द्वारा वर्ष 2018 तक झारखण्ड को ODF करने का अह्वाहन किया गया है।*

*– कार्यशैली को दुगुना करने पर अच्छा परिणाम सामने आयेगा। गिरीडीह, रामगढ़ आदि में रात्रि चौपाल चल रहा है। यह Strategy अच्छा परिणाम दे रहा है। जिले में कार्यबल (Resource) की जरूरत हो तो मांगा जाय।*

***– लोहरदगा, गोड्डा, सिमडेगा, आदि से गुणवत्ता की शिकायत आयी है। उपायुक्तों को गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।***

15) पाकुड़ जिला द्वारा बतलाया गया कि लिट्टीपाड़ा एवं पाकुरिया प्रखण्ड को जून 2016 तक ODF करना है। तीन करोड़ राशि की आवश्यकता है।

*– निदेश दिया गया कि पाकुड़ जिला अंतर्गत तीन विधायक हैं और दो प्रखण्ड लिया गया है। अतः एक प्रखण्ड ODF हेतु बढ़हरवा को ODF हेतु चयनित किया जा सकता है।*

16) रामगढ़ जिला द्वारा बतलाया गया कि पाँच करोड़ राशि की मांग की गयी थी जिसमें से तीन करोड़ प्राप्त हुआ है, दो करोड़ रुपये की आवश्यकता है।

*– निदेश दिया गया कि मनरेगा द्वारा निर्मित IHHL को भी SBM(G) अंतर्गत इंट्री किया जाय। सरकारी भवन में आँगनबाड़ी स्कूल, आदि में शौचालय निर्माण हेतु पूर्व के वर्षों में भुगतान किया गया राशि असमायोजित है। शीघ्र शौचालय बनाकर उसका IMIS में 31 मार्च 2016 तक इंट्री आवश्यक है।*

17) गिरिडीह जिला द्वारा बतलाया गया कि ODF हेतु चयनित 17 में से 13 ग्राम पंचायतों में शौचालय निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है। शेष चार ग्राम पंचायतों को मार्च 2016 तक ODF कर लिया जायेगा। दो करोड़ रुपये प्राप्त हुए है तथा अतिरिक्त दो करोड़ रुपये की आवश्यकता है।

18) निदेशक, SBM (G) द्वारा बतलाया गया कि :–

(i) स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा०) से जो परिवार अच्छादित नहीं हो रहे हैं या Defunct Toilet है, उसे मनरेगा से अच्छादित किया जा सकता है। यह 1st April से लागू है।

(ii) आवास योजना, संयुक्त आवास योजना, आदि में मनरेगा के द्वारा IHHL निर्माण किया जा सकता है।

(iii) ODF पंचायतों / प्रखण्डों में Slip Back Issues को मनरेगा के तहत् समाप्त किया जा सकता है।

– जिन जिलों में Mason प्रशिक्षण हुआ है, उनका Empanelment नहीं कर पाये हैं। प्रशिक्षित Mason के लिए पंचायतों / प्रखण्डों में Job assued करा दें, ताकि काम की खोज में अन्यत्र न जायें।

(iv) IHHL का Super Structure अच्छा बन रहा है, लेकिन Soak Pit पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जल्दी जल्दी में Super Structure का Photo खींचकर IMIS किया जा रहा है। बाद में Soak Pit पर ध्यान नहीं देने के कारण Soak pit अच्छा नहीं बन रहा है।

(v) IEC में राशि हेतु प्रावधानित प्रतिशत कम है, उसे GOI द्वारा 10% तक बढ़ाने की सम्भावना है, जिससे IEC Campaign/IEC Plan को भली भांति कर सकेंगे। **उपायुक्तों के व्यक्तिगत रूचि पर ही स्वच्छ भारत मिशन का काम सफल हो सका है।**

(vi) निगरानी समिति का गठन किया जाय। जो स्वच्छ भारत मिशन के कार्य एवं ODF पंचायतों की निगरानी करेंगे तथा शौच हेतु उपयोग किये जाने वाली खाली स्थानों में मंदिर बनाना अथवा वृक्षारोपण करना उत्तम होगा।

(vii) आगामी वर्ष में IHHL निर्माण का लक्ष्य 8–9 लाख रखा जा रहा है, उसके बाद 11 लाख का लक्ष्य होगा। अतः कार्य में तेजी लाना आवश्यक है।

(viii) अत्यधिक असमायोजित अग्रिम के कारण भारत सरकार से राशि प्राप्त नहीं हो सका। पिछले वर्ष की अग्रिम राशि द्वारा किया गया कार्य एवं इस वर्ष के कार्यों को Online Entry किये जाने पर प्रगति अच्छा दिखेगा। दो–तीन सप्ताह शेष है, IMIS Entry पर विशेष ध्यान दिया जाय।

(ix) मात्र संख्या बढ़ाने के ख्याल से जल्दी में निर्माण कार्य कराने पर गुणवत्ता में कमी आयेगी एवं ODF सफल नहीं हो पायेगा। इस कारण गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाय।

19) **NRDWP :**

(i) प्रधान सचिव द्वारा निदेश दिया गया कि आपदा प्रबंधन के मद से राशि की आवश्यकता हो तो राशि की अधियाचना कर सकते हैं, लेकिन पहले भुगतान की गयी राशि समाप्त की जाय।

(ii) Riser Pipe हेतु संविदा हो चुकी है। मार्च माह में ही कार्य आरम्भ की जाय।

(iii) Mechanical Division के पास उपलब्ध विभागीय वाहन का उपयोग किया जा सकता है।

(iv) आपदा प्रबंधन मद से प्रत्येक जिले में उपायुक्त के पास Reserve Fund के रूप में अतिरिक्त राशि उपलब्ध कराने के लिए सम्बंधित विभाग से अनुरोध किया गया है।

**अनु0:** भौतिक प्रगति, फोटो अपलोडिंग की प्रगति।

Ap 28/03/16
(अमरेन्द्र प्रताप सिंह)
सरकार के प्रधान सचिव
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

ज्ञाप संख्या : SBM(G) मुख्यसचिव से पत्रा०-37/16-369, दिनांक : 28-03-16
प्रतिलिपि : सभी उपायुक्त–सह–अध्यक्ष, जिला जल एवं स्वच्छता समिति/सभी अधीक्षण अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, झारखण्ड/सभी कार्यपालक अभियंता–सह–सदस्य सचिव, जिला जल एवं स्वच्छता मिशन "प्रकल्प" झारखण्ड को सूचनार्थ एवं कार्यार्थ अग्रसारित।

Ap 28/03/16
सरकार के प्रधान सचिव
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

ज्ञाप संख्या : SBM(G) मुख्यसचिव से पत्रा०-37/16-369, दिनांक : 28-03-16
प्रतिलिपि : मनरेगा आयुक्त, झारखण्ड/निदेशक, SBM(G), झारखण्ड/मुख्य अभियंता–सह–कार्यकारी निदेशक, पी.एम.यू./प्रधान सचिव के आप्त सचिव, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, राँची को सूचनार्थ अग्रसारित।

Ap 28/03/16
सरकार के प्रधान सचिव
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

ज्ञाप संख्या : SBM(G) मुख्यसचिव से पत्रा०-37/16-369, दिनांक : 28-03-16.
प्रतिलिपि : मुख्य सचिव, झारखण्ड सरकार को सूचनार्थ समर्पित।

Ap 28/03/16
सरकार के प्रधान सचिव
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

# DRINKING WATER AND SANITATION DEPARTMENT, JHARKHAND

## Physical Progress (Districtwise/Divisionwise) For the Financial Year 2015-16

As on 14.03.2016

| S.N. | District Name | Name of Division | Physical Progress | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | Total IHHL target (2015-16) | Physical Progress Online as on 14.03.2016 | Physical Achievement in percentage (%) |
| 1 | | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | BOKARO | CHAS | 5357 | 4055 | 75.70 |
| 2 | | TENUGHAT | 4286 | 4055 | 94.61 |
| 3 | CHATRA | CHATRA | 13271 | 13915 | 104.85 |
| 4 | DEOGHAR | DEOGHAR | 5426 | 4501 | 82.95 |
| 5 | | MADHUPUR | 5426 | 4071 | 75.03 |
| 6 | DHANBAD | DHANBAD-1 | 3214 | 2718 | 84.57 |
| 7 | | DHANBAD-2 | 6429 | 6471 | 100.65 |
| 8 | DUMKA | DUMKA-I | 4341 | 3923 | 90.37 |
| 9 | | DUMKA-II | 6511 | 6016 | 92.40 |
| 10 | GARHWA | GARHWA | 21735 | 6311 | 29.04 |
| 11 | GIRIDIH | GIRIDIH-I | 5569 | 8320 | 149.40 |
| 12 | | GIRIDIH-II | 8911 | 11056 | 124.07 |
| 13 | GODDA | GODDA | 9643 | 9927 | 102.95 |
| 14 | GUMLA | GUMLA | 13271 | 8816 | 66.43 |
| 15 | HAZARIBAGH | HAZARIBAGH | 18108 | 17180 | 94.88 |
| 16 | JAMTARA | JAMTARA | 6015 | 5634 | 93.67 |
| 17 | KHUNTI | KHUNTI | 6015 | 4947 | 82.24 |
| 18 | KODERMA | KODERMA | 6015 | 5084 | 84.52 |
| 19 | LATEHAR | LATEHAR | 9643 | 8001 | 82.97 |
| 20 | LOHARDAGA | LOHARDAGA | 7225 | 6843 | 94.71 |
| 21 | PAKUR | PAKUR | 6015 | 5926 | 98.52 |
| 22 | PALAMU | PALAMU | 22945 | 7405 | 32.27 |
| 23 | PASCHIMI SINGHBHUM | CHAKRADHARPUR | 9123 | 2517 | 27.59 |
| 24 | | CHAIBASA | 11403 | 10916 | 95.73 |
| 25 | PURBI SINGHBHUM | ADITIYAPUR | 3290 | 2846 | 86.50 |
| 26 | | JAMSHEDPUR | 8772 | 7031 | 80.15 |
| 27 | RAMGARH | RAMGARH | 16015 | 13073 | 81.63 |
| 28 | RANCHI | RANCHI (E) | 7982 | 6934 | 86.87 |
| 29 | | RANCHI (W) | 12544 | 10162 | 81.01 |
| 30 | SAHIBGANJ | SAHIBGANJ | 39404 | 22851 | 57.99 |
| 31 | SERAIKELA KHARSAWAN | SERAIKELA KHARSAWAN | 9643 | 11827 | 122.65 |
| 32 | SIMDEGA | SIMDEGA | 15851 | 7687 | 48.50 |
| | **TOTAL** | | **329398** | **251019** | **76.21** |

# Drinking Water & Sanitation Department, Jharkhand

## Progress of Photo Uploading

As on 14.03.16

| Sl No. | Name of Districts | Toilet Constructed during 2014-15 | Toilet Constructed during 2015-16 (upto Feb. 2016) | Total | Photo uploaded (as on 14.03.16) | Percentage of Total Achievement | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | |
| 1 | Bokaro | 1240 | 8006 | 9246 | 6250 | 67.60 | |
| 2 | Chatra | 2736 | 13439 | 16175 | 14051 | 86.87 | |
| 3 | Deoghar | 7420 | 8156 | 15576 | 7554 | 48.50 | |
| 4 | Dhanbad | 4740 | 8723 | 13463 | 7203 | 53.50 | |
| 5 | Dumka | 8015 | 9728 | 17743 | 6611 | 37.26 | |
| 6 | Garhwa | 388 | 6058 | 6446 | 2764 | 42.88 | |
| 7 | Giridih | 6913 | 19244 | 26157 | 17063 | 65.23 | |
| 8 | Godda | 9435 | 9707 | 19142 | 10247 | 53.53 | |
| 9 | Gumla | 6135 | 8490 | 14625 | 9561 | 65.37 | |
| 10 | Hazaribagh | 3164 | 17116 | 20280 | 10766 | 53.09 | |
| 11 | Jamtara | 3583 | 5307 | 8890 | 4850 | 54.56 | |
| 12 | Khunti | 3812 | 4917 | 8729 | 5578 | 63.90 | |
| 13 | Koderma | 697 | 4639 | 5336 | 3840 | 71.96 | |
| 14 | Latehar | 1746 | 7898 | 9644 | 4953 | 51.36 | |
| 15 | Lohardaga | 2147 | 6843 | 8990 | 6109 | 67.95 | |
| 16 | Pakur | 2535 | 5870 | 8405 | 4485 | 53.36 | |
| 17 | Palamu | 2342 | 7135 | 9477 | 5337 | 56.32 | |
| 18 | Paschim Singhbhum. | 11858 | 13335 | 25193 | 17509 | 69.50 | |
| 19 | Purbi Singhbhum | 1904 | 9645 | 11549 | 5142 | 44.52 | |
| 20 | Ramgarh | 2522 | 12904 | 15426 | 11602 | 75.21 | |
| 21 | Ranchi | 3971 | 16564 | 20535 | 10905 | 53.10 | |
| 22 | Sahebganj | 3407 | 22349 | 25756 | 20675 | 80.27 | |
| 23 | Saraikela Kharsawan | 3714 | 11160 | 14874 | 8586 | 57.72 | |
| 24 | Simdega | 4088 | 7619 | 11707 | 6644 | 56.75 | |
| | **TOTAL** | **98512** | **244852** | **343364** | **208285** | **60.66** | |

**दिनांक 17.05.2016 को प्रधान सचिव, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड द्वारा Video Conference के माध्यम से समीक्षा की गई जिससे SBM(G) से सम्बधित चर्चा बिन्दु निम्न है :-**

---

**Video Conference में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) से सम्बन्धित बिन्दुओं पर समीक्षा करते हुए निदेश दिया गया कि :-**

1. चक्रधरपुर प्रमंडल अंतर्गत आनंदपुर प्रखण्ड का PIL से सम्बंधित प्रतिवेदन को प्रधान सचिव कार्यालय (dwsdacs@gmail.com) तथा (sbmg.jhar@gmail.com) में शीघ्र भेजा जाय। चाईबासा सदर प्रखण्ड को जुलाई 2016 तक ODF किया जाय।

2. विभाग द्वारा अक्टुबर में सभी अधीक्षण अभियंता एवं सभी कार्यपालक अभियंता को कार्यालय परिसरों में Rain Water Harvesting का निर्माण नहीं कराया जाना दुखद बात है। कार्ययोजना तैयार कर 15 जून 2016 तक प्रत्येक कार्यालय में Rain Water Harvesting बनाकर बोर्ड में लिखना सुनिश्चित किया जाए।

   2.1 सभी कार्यालय में विकलांगों एवं महिलाओं व पुरूषों के लिए शौचालय तैयार किया जाए।

   2.2 पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के सभी कार्यालय परिसर में निर्मित पानी टंकियों को रंग रोगनकर स्वच्छता सम्बंधित Slogan लिखी जाए।

   2.3 उक्त सभी कार्यों की समीक्षा दिनांक 28.05.2016 की विडियों कॉन्फ्रेंस में की जायेगी। अतएव इससे पूर्व निर्माण करने का निर्देश दिया गया।

3. विभिन्न बैठकों/फिल्ड विजिट में यह देखा गया है कि विभाग के पदाधिकारी अपने परिवेश, व रहन सहन का ध्यान नहीं रखते; जबकि इस सम्बन्ध में झारखण्ड सरकार द्वारा ड्रेस कोड भी निर्धारित है। व्यक्तिगत कार्य की पहचान पहनावे व व्यवहार के सकारात्मक तरीके से भी इंगित होती है अतएव सभी अधीक्षण अभियंता अपने स्तर से इसे सुनिश्चित करेंगे, यह निर्देश दिया गया।

4. स्वच्छ भारत मिशन का कार्य लोक हित में होना चाहिए। जिसका दूसरों के द्वारा या electronics Media में देखा जा सके। जैसे DD News के Primetime में दुलमी प्रखण्ड एवं कुम्भ मेला की व्यवस्था की प्रशंसा की गयी। क्षेत्र भ्रमण के क्रम में साहेबगंज एवं दुमका प्रमंडल में सहायक/कनीय अभियंताओं का SBM(G) कार्यक्रम के प्रति असंलिप्तता अच्छी नहीं लगी, वहीं नाला पंचायत का कार्य अच्छा रहा। शौचालय निर्माण की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए।

5. प्रथम चरण में जितने ग्राम पंचायत/प्रखण्ड ODF किये गये हैं, वास्तव में पूर्ण ODF करने के लिए वहाँ के Defunct Toilet की विस्तृत सूची तैयारकर प्रमंडलवार प्रतिवेदन शीघ्र भेजा जाए तथा GOI के Portal में उपलब्ध PF-45 में Entry सुनिश्चित की जाए।

साथ ही साथ ODF घोषित ग्राम पंचायत /प्रखण्ड में Pipe Water Supply Scheme हेतु प्रस्ताव भेजा जाए, ताकि सरकार से अतिरिक्त राशि मांगा जा सके।

5.1 देवघर के रामुडीह ग्राम पंचायत जो कि ODF हो चुकी है के लिए Pipe Water Supply हेतु estimate शीघ्र भेजा जाए। साथ ही ODF होने वाली सभी ग्राम पंचायतों के लिए P.W.S. हेतु प्रस्ताव सम्बन्धित पदाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करने का निदेश दिया गया।

6. वित्तीय वर्ष 2016–17 में लक्षित प्रखण्डों को ODF करने के लिए माहवार कार्ययोजना का संक्षिप्त प्रतिवेदन भेजा जाए, जिसमें लाभुको की संख्या तथा आवश्यक राशि का जिक्र किया जाए।

कुछ प्रमंडलों द्वारा प्रखण्ड ODF हेतु निम्न प्रस्ताव दिया गया –

| क्रम | जिला | प्रखण्ड | प्रस्तावित तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | हजारीबाग | दारू | जुन 2016 |
| 2 | हजारीबाग | टाटीझारिया | |
| 3 | रामगढ़ | रामगढ़ | |
| 4 | रामगढ़ | चितरपुर | |
| 5 | पश्चिम सिंहभूम | सदर चाईबासा | |
| 6 | पश्चिम सिंहभूम | आनंदपुर | |
| 7 | दुमका | गोपीकांदर | |
| 8 | साहेबगंज | राजमहल | |
| 9 | गुमला | अलबर्ट एक्का जारी | |
| 10 | राँची | ईटकी | |
| 11 | गढवा | डण्डा | |
| 12 | गढवा | सगमा | |
| 13 | लातेहार | हेरहेन्ज | |
| 14 | चतरा | पत्थरगढ़ा | |
| 15 | चतरा | गिद्दौर | |

7. निर्मित किये गये घरेलू व्यक्तिगत शौचालय का Online अबतक (16.05.16) मात्र 11,290 किया गया है। राज्य समन्वयक SBM(G) द्वारा सभी कार्यपालक अभियंता/सभी जिला समन्वयक को कहा गया कि दिनांक 18.05.2016 के शाम तक जिला स्तर से वास्तविक प्रगति की Online Entry कर District Approval दी जाय तथा प्रत्येक माह की 10 तारीख तक जिला स्तर से Approval दिया जाना सुनिश्चित करें।

20/05/16

(अमरेन्द्र प्रताप सिंह)
प्रधान सचिव
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

ज्ञापांक : Video Conference-180/10(Part-II)-504 दिनांक : 21/5/16
**प्रतिलिपि** : सभी अधीक्षण अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, झारखण्ड / सभी कार्यपालक अभियंता–सह– सदस्य सचिव, जिला जल एवं स्वच्छता मिशन प्रकल्प, झारखण्ड को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

Sd/- 20/05/16
प्रधान सचिव
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

ज्ञापांक : Video Conference-180/10(Part-II)-504 दिनांक : 21/5/16
**प्रतिलिपि** : सभी उपायुक्त –सह– अध्यक्ष, जिला जल एवं स्वच्छता समिति, झारखण्ड को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु अग्रसारित।

Sd/- 20/05/16
प्रधान सचिव
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

**दिनांक 12.07.2016 को सम्पन्न स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही प्रतिवेदन।**

---

उपस्थिति : यथा पंजी।

**दिनांक 12.07.2016 को विश्वा, काँके, राँची में आयोजित स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण की समीक्षात्मक बैठक विभागीय प्रधान सचिव के अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। जिसमें निम्नलिखित बिन्दुओं पर चर्चा करते हुए निदेश दिया गया :–**

1.1 स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) से सम्बंधित वित्तीय वर्ष 2015–16 का अंकेक्षण के क्रम में Chartered Accountant को आ रही कतिपय कठिनाईयों को देखते हुए निदेश दिया गया कि सभी प्रमंडल/जिला अपने–अपने कैस बुक, पास बुक, आदि का अद्यतन कराते हुए IMIS के साथ उपयोगिता प्रमाण'–पत्र का समायोजन कर तैयार रखें, ताकि अंकेक्षण के क्रम में कठिनाई न हो। यह भी सुनिश्चित करें कि अपने प्रमंडल/जिला अंतर्गत VWSC का खाता बही, उपयोगिता प्रमाण–पत्र, पास बुक आदि का अद्यतन (update) होना चाहिए। यदि किसी कारण ससमय अंकेक्षण नहीं हो पाने की स्थिति में सम्बंधित सहायक प्रखण्ड स्वच्छता पदाधिकारी (सहायक/कनीय अभियंता) के साथ रोकड़पाल, जिला समन्वयक भी जिम्मेवार होंगे।

1.2 जिन प्रमंडलों/जिला का IMIS के साथ उपयोगिता प्रमाण पत्र का समायोजन नहीं किया जा रहा है, उनके विरूद्ध प्रपत्र–'क' का गठन किया जाए साथ ही साथ VWSC/BRC के Role तथा लापरवाही को चिन्हित कर, दोष निर्धारण कर कार्रवाई की जाय।

1.3 VWSC से उपयोगिता प्रमाण पत्र प्राप्त कर IMIS के अनुसार उपयोगिता प्रमाण–पत्र का समायोजन कर अंकेक्षण पूर्ण कराया जाय।

1.4 उपयोगिता प्रमाण पत्र जमा नहीं होने की स्थिति में सहायक अभियंता/कनीय अभियंता/BRC से स्पष्टीकरण मांगी जाय। दोष निर्धारण हो।

[अनु : निदेशक SBM(G)/सभी SEs/EEs]

2. ODF/प्रस्तावित ODF पंचायत/ग्राम स्तरीय प्रेरक कार्यक्रम

2.1 सात (7) लक्षित जिलों को ODF करने के क्रम में दो/तीन दिनों का (48 घंटों) गहन प्रेरक कार्यक्रम किया जाय, जिसमें रात्रि कैम्प correction भी की जायेगी। इस कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम, बेस लाईन संशोधन, SHG तथा लाभुकों द्वारा (स्व निर्माण) शौचालय निर्माण हेतु फार्म भराकर, कार्य देना आदि कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीणों से रूबरू होंगे और उन्हें स्वच्छता के बारे में

जानकारी देते हुए प्रोत्साहित करेंगे एवं सामूहिक स्वच्छता शपथ का आयोजन हो।

2.2 खूँटी, कोडरमा, लोहरदगा, रामगढ़, साहेबगंज एवं जामताड़ा को प्रखण्ड स्तर पर एक फेज में तथा हजारीबाग को दो फेज में कार्यक्रम किया जाए।

2.3 इस कार्यक्रम में प्रतिष्ठित प्रिन्ट व इलेक्ट्रोनिक मिडिया सहित अन्य सभी चअखबार वालों को सम्मिलित किया जाए। Media/Press Conference के माध्यम से भी Publicity दिया जाय। कार्यक्रम की पूर्व तथा कार्यक्रम के बाद को प्रकाशित/सूचना शेयर करें।

2.4 प्रखण्डवार वरीय पदाधिकारी DC/DDC/ACs/SDOs के दायित्व दें।

2.5 पंचायत स्तर पर BDO/Cos/CDPOs/ अन्य प्रखण्ड स्तरीय प्रवशक को दायित्व दिया जाय।

2.6 ग्रामस्तर पर शिक्षक/आंगनबाड़ी सेविका/सहायिका/स्वास्थ्य सहिया/पंचायत सेवक/जनसेवक/हल्का कर्मचारी एवं सभी की सहभागिता की जाय। शिक्षक कार्य अवधि के बाद रात्रि/प्रातः शामिल हो।

2.7 हाई स्कुल तथा उससे उपर के छात्रों को प्रेरक बनाया जाया।

2.8 प्रत्येक पंचायत हेतु आवश्यक राशि DWSC तय कर, कार्यक्रम तय कर IEC से चयन करें।

2.9 सरकारी सेवा तथा सक्षम को नाम हटा कर Baseline Correct हो तथा Self Construction कराकर Output में भरा जाय।

2.10 पूर्व से स्वतः निर्मित तथा सक्षम को चिन्हित कर निर्माण कराकर IMIS Update किया जाय।

(अनु0 सभी DCs / EEs)

2.11 स्वयं द्वारा शौचालय निर्माण पर लाभार्थी को दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि 12000/– सीधे (विभागीय निर्देश पत्रांक–SBM(G)-98/2009 (Part-II) दिनांक 22.06.16 के आलोक में अधिकतम दो किस्तों में) उनके बैंक खाता में E-Transfer किया जाएगा।

2.12 ODF हेतु लक्षित प्रखण्ड/पंचायत या जो प्रखण्ड/पंचायत ODF हो चुका है वहाँ को defunct Toilet की सूची वांछित प्रपत्र में शीघ्र भेजी जाय ताकि इसके लिए राशि उपलब्ध किया जा सके।

3.0 स्वः निर्माण प्रोत्साहन

3.1 SHG तथा लाभार्थी द्वारा स्वयं शौचालय निर्माण को बढ़ावा देना है। इसके लिए तैयार प्रपत्र पर लाभुक आवेदन भरकर देगें उसका क्रमांक डालकर पावती रसीद के रूप में लाभुक को वापस कर दिया जाय। शौचालय निर्माण कार्य पूर्ण हो जाने पर 10,000/– रु. लाभुक के खाते में तथा फोटो ऑपलोड होने पर शेष राशि 2,000/–रु. का भुगतान किया जाय। SHG के मामले में शौचालय निर्माण कार्य पूर्ण करने तथा फोटो ऑपलोड होने पर एक मुस्त पूरा राशि रु. 12,000/– SHG को भुगतान किया जायेगा। सक्षम परिवार से शीघ्र शौचालय निर्माण कार्य शुरू की जाय।

अनु0 (सभी DC/EEs)

3.2 VWSC द्वारा किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को राशि Cheque/ नगद के माध्यम से अग्रिम भुगतान नहीं कर सकते हैं। ईंट, सीमेन्ट आदि सामग्री के लिए चेक से भुगतान कर सकते हैं। यह सभी निर्णय सामुदायिक सहभागिता तथा ग्राम सभा/लाभुक सभा के resolution के माध्यम से लिया जायेगा।

4.0 मानव शक्ति :

4.1 ODF हेतु लक्षित प्रखण्ड में जहाँ प्रखण्ड समन्वयक नहीं है, प्रत्येक प्रखण्डों में पाँच–पाँच हजार रुपये भुगतान कर दो प्रखण्ड स्तरीय समन्वयक/कार्यकर्त्ता अस्थाई रूप से कार्य कर सकते है। यह व्यवस्था स्थाई व्यवस्था होने तक रहेगी। उपायुक्त सह अध्यक्ष DWSC ही निर्णय हेतु सक्ष्य होगें।

4.2 जिस जिलें में जिला समन्वयक नहीं है वहाँ वर्त्तमान मानदेय पर (25,000/– अधिकतम) अस्थाई जिला समन्वयक सम्बंधित उपायुक्त के अनुमोदन पर विधिवत नियुक्ति तक रख सकते हैं।

अनु0 (उपायुक्त /कार्यपालक अभियंता)

5.0 सांसद आदर्श ग्राम योजना में चयनित ग्राम पंचायतों में शौचालय निर्माण शीघ्र पूर्ण कर IMIS पर इन्ट्री व 100% फोटो अपलोड का कार्य 15 अगस्त के पूर्व करें। BDOs सह प्रखण्ड स्वच्छता पदाधिकारी विशेष ध्यान दें। ऐसी पंचायत जो MNREGA में चयनित है, कार्य सम्भव न हो तो SBM(G) से अवशेष कार्य नियमों के तहत पूर्ण हो।

अनु0 (DC/DDC/BDOs/EE)

6.0 ODF हेतु लक्षित I Phase Districts की समीक्षा :–

समीक्षा के क्रम में प्रधान सचिव द्वारा निदेश दिया गया कि वित्तीय वर्ष 2016—17 में लक्षित सात जिलों को पूर्ण ODF करने हेतु प्रखण्डवार/पंचायतवार कार्य योजना तैयार कर शीध्र क्रियान्वयन किया जाए।

6.1 खूँटी जिला –

जिला में RW-LISS, & WSP-SA एवं Tata Trust द्वारा सहयोग दिया जा रहा है। जिला के उपायुक्त, कार्यपालक अभियंता एवं अन्य पदाधिकारियों को बाहर प्रशिक्षण हेतु भेजा जा रहा है। हाल ही में जिले के लगभग 60 व्यक्तियों को CLTS Master Trainer के रूप में प्रशिक्षण दिया गया है। सभी को काम पर लगाया जाय।

6.2 कोडरमा जिला – निदेश दिया गया कि Baseline को शीघ्र संशोधित किया जाए तथा सक्षम परिवार से स्वयं शौचालय निर्माण का कार्य आरम्भ की जाए। SHG Group-II/पंचसूत्र को भी शामिल किया गया है। ऐसी परिस्थिति में जिला के करीब 2000 SHG, प्रदान एवं CLTS के प्रशिक्षित Natural Leaders को शौचालय निर्माण कार्य से जोड़ा जाए।

6.3 लोहरदगा जिला – सूचना दी गई कि कैथरो एवं कुडू प्रखण्ड का ODF हेतु कार्य किया जा रहा है।

6.4 हजारीबाग जिला – द्वारा सूचित किया गया कि चुरचु प्रखण्ड को ODF किया गया है। डाडी प्रखण्ड को अगस्त तक ODF किया जायेगा तथा अन्य पाँच प्रखण्डों को इस वर्ष ODF किया जायेगा।

– प्रधान सचिव द्वारा निदेश दिया गया कि अन्य 10 प्रखण्डों का Baseline सुधारकर तथा कार्य योजना तैयार कर क्रियान्वयन किया जाए ताकि इस वर्ष जिला को ODF किया जा सके।

6.5 बोकारो कार्यपालक अभियंता चास बैठक में अनुपस्थित थे; साथ ही उनकी प्रगति सभी बिन्दुओं पर गत एक वर्ष से असंतोषजनक रही है।

– निदेशक द्वारा अवगत् कराया गया कि कार्यपालक अभियंता, चास शनिवार की विडियो कॉन्फ्रेसंग में भी अनुपस्थित थे, निदेश दिया गया कि इनसे स्पष्टीकरण पूछा जाए व No work - No pay के आधार पर एक दिन के वेतन की कटौती की जाए।

6.6 हजारीबाग कार्यपालक अभियंता को ODF ग्राम पंचायत/गांवों को Online Mark नहीं किये जाने के कारण तथा भौतिक प्रगति, फोटो आपलोडिंग की प्रगति अत्यंत कम होने के कारण पृच्छा करने का निदेश दिया गया।

6.7 गिरिडीह जिला – निदेश दिया गया कि लाभुक का चयन कर स्वयं द्वारा शौचालय निर्माण को प्रोत्साहित किया जाए। शौचालय निर्माण की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए।

अनु0 (सभी DC/EE)

7.0 IHHL निर्माण की प्रगति –

समीक्षा के क्रम में अत्यंत खराब प्रगति वाले जिला/प्रमंडल की स्थिति निम्न प्रकार रही :–

As on 08-07-2016

| Sr. No. | Divison Name | Minimum Target FY 2016-17 | Physical Progress Online as on 08-07-2016 | Physical Achievement In percentage (%) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | GARHWA | 16632 | 2058 | 12.37 |
| 2 | SIMDEGA | 16635 | 1987 | 11.94 |
| 3 | JAMSHEDPUR | 13873 | 1429 | 10.30 |
| 4 | ADITIYAPUR | 13873 | 1051 | 7.58 |
| 5 | DHANBAD-1 | 13863 | 1034 | 7.46 |
| 6 | JAMTARA | 80928 | 5594 | 6.91 |
| 7 | DEOGHAR | 11090 | 704 | 6.35 |
| 8 | LOHARDAGA | 57468 | 3307 | 5.75 |
| 9 | CHAKRADHARPUR | 16635 | 695 | 4.18 |
| 10 | CHAS | 11090 | 390 | 3.52 |
| 11 | KODERMA | 67748 | 1904 | 2.81 |
| 12 | KHUNTI | 77593 | 1751 | 2.26 |
| 13 | HAZARIBAGH | 148119 | 2461 | 1.66 |

नये पदस्थापित कार्यपालक अभियंता जैसे – धनबाद–1, हजारीबाग एवं आदित्यपुर को छोड़कर उपरोक्त सभी कार्यपालक अभियंताओं को वर्तमान वित्तीय वर्ष के प्रथम तिमाही में अत्यंत दयनीय प्रगति हेतु कारण पृक्षा की जाए। साथ ही सभी जिला/प्रमंडल को निदेशित किया गया कि वार्षिक लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अनुपातिक प्रगति सुनिश्चित की जाए। एक Action Plan तय कर प्रत्येक माह प्रतयेक Division- ODF District कम से कम 5000 तथा अन्य 3000 IHHL का निर्माण सुनिश्चित करें। निदेशक, SBM(G) राशि की उपलब्धता सुनिश्चित करायें।

अनु0 (निदेशक SBM(G)/EEs)

8. **Photo uploading की प्रगति :–**

फोटो ऑपलोडिंग की प्रगति की समीक्षा के क्रम में पाया गया कि गत वर्षों की अपेक्षाकृत आज की प्रगति अत्यधिक कम है। (अनुलग्नक–फोटो अपलोडिंग की अद्यतन स्थिति)।

8.1 निदेशित किया गया कि फोटो अपलोडिंग में ग्राम पंचायतों के स्थानीय व्यक्तियों को प्राथमिकता से जोड़ा जाए तथा शौचालय निर्माण के साथ ही

फोटो अपलोड हेतु व्यक्तियों को चिन्हित कर लिया जाए। प्रक्रिया तथा प्रोत्साहन राशि निर्धारित है।

8.2 निदेश दिया गया कि राज्य के कुल प्रगति प्रतिशत से कम वाले सभी कार्यपालक अभियंताओं को कारण पृच्छा की जाए जिसमें – दुमका, सरायकेला, धनबाद, देवघर, हजारीबाग, जामताड़ा, पाकुड़, गोड्डा, खूँटी, पलामू एवं पूर्वी सिंहभूम शामिल हैं।

8.3 यह भी निदेश दिया गया कि सभी सम्बंधित अधीक्षण अभियंता द्वारा लक्षित प्रखण्डों का IHHL निर्माण एवं उनका Photo uploading का Monitor किया जायेगा।

8.4 निदेश दिया गया कि दिनांक 10 अगस्त 2016 तक 80% Photo uploading पूर्ण किया जाए।

8.5 सभी AE/JE सह सहायक प्रखण्ड स्वच्छता पदाधिकारी को Mobile फोन दिया गया है, उनके द्वारा कितना Photo upload हुआ, प्रखण्ड/पंचायतवार/नाम/पदनामवार व्यौरा दे, तथा स्पष्टीकरण पूछा जाय।

8.6 MNREGA के पंचायत प्रभारी अपनी योजना का फोटो upload करते है। यह प्रखण्ड मुख्यालय है। यह लापरवाही निदनीय है। BDO की पूर्ण लापरवाही है। उनका भी सहयोग लिया जा सकता है।

अनु0 (DCs/ BDOs/ EEs)

9.0 ODF ग्राम पंचायत/प्रखण्ड का Online स्थिति – F-42 के अनुसार मात्र 146 ग्राम पंचायत एवं 1049 गांवों को ODF Status हेतु mark किया गया है। अगले दस दिनों के अंदर अर्थात् दिनांक 22.07.16 तक सभी घोषित ODF ग्राम पंचायत तथा गांवों को ODF चिन्हित किया जाए।

अनु0(EE/जिला समन्वयक)

10.0 ODF Panchayat / प्रखण्ड का पाईप वाटर सप्लाई योजना तैयारी कर स्वीकृति हेतु दी जाय।

अनु0 (EE)

27/07/16

(अमरेन्द्र प्रताप सिंह)
प्रधान सचिव
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

ज्ञापांक : SBM(G)बैठक/कार्यवाही प्रति - 595/13(P-II)-734 दिनांक : 28-07-16

**प्रतिलिपि** : सभी अधीक्षण अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, झारखण्ड/सभी कार्यपालक अभियंता–सह–सदस्य सचिव, जिला जल एवं स्वच्छता मिशन प्रकल्प, झारखण्ड को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

27/7/16

(राजेश कुमार शर्मा)
निदेशक, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)
पेयजल एवं स्वच्छ विभाग

ज्ञापांक : SBM(G) बैठक/कार्य०प्रति०-595/13 (विभाग)- 732, दिनांक : 29-07-16

**प्रतिलिपि** : सभी उपायुक्त –सह– अध्यक्ष, जिला जल एवं स्वच्छता समिति, झारखण्ड को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु अग्रसारित।

27/7/16

(राजेश कुमार शर्मा)
निदेशक, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)
पेयजल एवं स्वच्छ विभाग

# कार्यालय, निदेशक

## स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)

पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, रांची

डोरंडा बाजार पानी टंकी परिसर, प्रथम तल, डोरंडा, राँची 834002 फैक्स/नं. 0651-2481593 email-sbmg.jhar@gmail.com

पत्र संख्याः Video Conference-180/10 (Part-II) - 750 /SBM(G) दिनांक : 04-08-16

**प्रेषकः** **राजेश कुमार शर्मा,** भा०प्र०से०
निदेशक,
स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)
झारखण्ड, राँची।

**सेवा में,**

1. सभी उपायुक्त–सह–अध्यक्ष
   जिला जल एवं स्वच्छता समिति, झारखण्ड।
2. सभी कार्यपालक अभियंता–सह–सदस्य सचिव,
   जिला जल एवं स्वच्छता मिशन "प्रकल्प", झारखण्ड।

**विषयः** **SBM(G) के अंतर्गत दिनांक 05.08.2016 को 124 प्रखण्डों में स्वतः शौचालय निर्माण के क्रियान्वयन हेतु कार्यकम पर Video Conference के सम्बंध में।**

**प्रसंकः** **प्रधान सचिव, DW&SD का पत्रांक–SBM(G)/IHHL स्वतः नि0–114/16–739, दिनांक 01.08.2016**

महाशय/महाशया,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र का अवलोकन किया जाए।

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2016–17 के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए मुख्य सचिव महोदया के निदेशानुसार एक वृहद अभियान का आयोजन के कम में उसकी विस्तृत रूप रेखा के सम्बंध में दिनांक 05.08.2016 को 12:30 PM से 01:30 PM बजे तक प्रधान सचिव, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड सरकार के अध्यक्षता में Video Conference की जायेगी।

अतः अनुरोध है कि उक्त Video Conference में सम्बंधित प्रतिवेदन के साथ भाग लेना सुनिश्चित करेंगे।

अनु0: पूर्व पत्र की प्रति।

4/8/16

**(राजेश कुमार शर्मा)**
निदेशक, SBM(G)
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

ज्ञाप संख्या : Video Conference-180/10 (Part-II) - 750 /SBM(G) दिनांक : 04-08-16
प्रतिलिपि : सभी अधीक्षण अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, झारखण्ड/ UNICEF/GSF/Water Aid/WSP-SA, झारखण्ड को सूचनार्थ एवं कार्यार्थ प्रेषित।

4/8/16

निदेशक, SBM(G)
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

ज्ञाप संख्या : Video Conference-180/10 (Part-II) - 750 /SBM(G) दिनांक : 04-08-16
प्रतिलिपि : सरकार के प्रधान सचिव, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, राँची को सूचनार्थ समर्पित।

4/8/16

निदेशक, SBM(G)
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग।

**दिनांक 23.07.2016 को स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की समीक्षात्मक Video Conference की कार्यवाही प्रतिवेदन।**

---

**दिनांक 23.07.2016 को SBM(G) की Video Conference में समीक्षा करते हुए निम्न निदेश दिये गये :–**

1) मासिक प्रगति की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की Online Approval 10 तारीख तक जिला द्वारा नहीं की जा रही है, इसे सुनिष्चि करायें।

(अनु0 : सभी कार्यपालक अभियंता)

2) सांसद आदर्श ग्राम योजना (SAGY) अंतर्गत ग्राम पंचायतों के Baseline Entry सही नहीं है। साथ ही SAGY ग्राम पंचायतों में कोई प्रगति लक्षित नहीं हो रही है। दुमका जिला अंतर्गत रंगा एवं गुमला जिला अंतर्गत बिसुनपुर ग्राम पंचायत में Online Entry शून्य है।

निदेशित किया गया कि SAGY ग्राम पंचायतों के Baseline को सुधार कर शीघ्र सभी ग्राम पंचायतों को ODF किया जाए तथा मनरेगा अंतर्गत निर्माण किये गये शौचालय का Online Entry सुनिश्चित किया जाए एवं सम्बंधित उपायुक्त से विमर्श कर ODF हेतु कार्यान्वयन किया जाए।

(अनु0 कार्यपालक अभियंता, सभी SAGY ग्राम पंचायतधारी प्रमंडल)

3) वित्तीय वर्ष 2015–16 के अंकेक्षण की समीक्षा के क्रम में बतलाया गया कि Chartered Accountant के निर्धारित समय पर जिला का Audit नहीं पूरा हो पा रहा है, जो खेद का विषय है।

– **<u>राँची (पूर्वी)</u>** तीन दिनों में 62 VWSC में से 75 का Audit हुआ ।

– **<u>राँची (पश्चिमी)</u>** चार दिनों 89 VWSC में से 60 का Audit हुआ।

(कार्यपालक अभियंता द्वारा बतलाया गया कि 89 VWSC आये थे 31 मार्च 16 को RTGS द्वारा भुगतान किया गया जिसका अप्रैल हो हस्तांतरण हुआ, जिसके कारण Audit पूरा नहीं हुआ।

– **<u>रामगढ</u>** चार दिनों में 110 VWSC में से 70 का Audit हुआ।

– **हजारीबाग** – Auditor को लौटा दिया गया।

– **<u>गोड्डा</u>** – तीन दिनों में 268 VWSC में से 98 का Audit हुआ।

– **<u>चास –</u>** में Auditor नहीं गये।

– **<u>खूँटी</u>** – 4 दिनों में 166 VWSC में से 59 का Audit हुआ।

– **कोडरमा** – 45 VWSC में से 41 का Audit हुआ।

– **दुमका** – Audit पूरा नहीं हुआ।

– **तेनुघाट** – 70 VWSC में से 69 का Audit हुआ

(नोट– कार्यपालक अभियंता, तेनुघाट के अनुसार सभी VWSC के प्रतिनिधि अंकेक्षण हेतु आये थे, परन्तु Auditor द्वारा Audit पूरा नहीं किया जा सका)

– **पाकुड़** – 194 VWSC में से 85 का Audit हुआ।

निदेष दिया गया कि सभी जिलों का UC समायोजित करते हुए Audit का कार्य पूर्ण किया जाए, ताकि 15 अगस्त 2016 तक भारत सरकार को Audit एवं U.C. Report भेजने की स्थिति में हो सकें।

(अनु0 सभी कार्यपालक अभियंता)

4) **सांसद आदर्श ग्राम योजना (SAGY):**

4.1 **गुमला** – कार्यपालक अभियंता द्वारा बतलाया गया कि SAGY अंतर्गत विषुनपुर ग्राम पंचायत में नरेगा द्वारा शौचालय निर्माण कराया जा रहा है। अबतक 48 पूर्ण है अन्य सूची अप्राप्त है।

– निदेष दिया गया नरेगा द्वारा निर्मित शौचालय की सूची BDO से प्राप्त कर Online किया जाय, शेष शौचालयों का निर्माण उपायुक्त के अनुमति से विभाग (प्रमंडल) द्वारा किया जाए।

4.2 **दुमका-II** – कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि शौचालय निर्माण की प्रगति मनरेगा द्वारा Online किया जा रहा है।

– निर्देश दिया गया कि शौचालय की सूची प्राप्त कर SBM(G) के Portal में Entry सुनिश्चित की जाए।

4.3 **पश्चिम सिंहभूम** – चक्रधरपुर कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि SAGY अंतर्गत बिला ग्राम पंचायत में SHG द्वारा मुखिया के देख–रेख में कार्य कराया जा रहा है। किन्तु कार्य धीमी है।

– निदेश दिया गया कि बिला ग्राम पंचायत में कार्यपालक अभियंता रात्रि में रह कर Self Construction को प्रोत्साहित करें तथा कार्य शीध्र पूर्ण करायें।

**4.4** **साहेबगंज** – कार्यपालक अभियंता द्वारा बतलाया गया कि SAGY अंतर्गत तालझरी पंचायत में शौचालय निर्माण का कार्य मनरेगा द्वारा किया जा रहा है।

– निदेश दिया गया कि उपायुक्त से विर्मशकर ODF सुनिश्चित किया जाए तथा इस वर्ष 2016–17 में प्रगति शून्य होने के कारण उपायुक्त को पत्र भेजा जाए।

**4.5** **पलामू** – कार्यपालक अभियंता द्वारा बतलाया गया कि SAGY अंतर्गत केकरगढ़ ग्राम पंचायत का BLS के अनुसार 944 HH ह, जिसमें 300 का शौचालय निर्माण हो चुका है।

– निदेश दिया गया कि शीध्र Online Entry किया जाए।

4.6 **चतरा** – निदेश दिया गया कि SAGY अंतर्गत कंयन्डीनगर ग्राम पंचायत में Baseline में सुधार कर शीध्र घटाया जाए।

4.7 **पलामू** – निदेश दिया गया कि SAGY अंतर्गत किसुनपुर ग्रम पंचायत का Baseline शीध्र सुधार कर ODF किया जाए।

4.8 **धनबाद** – निदेश दिया गया कि SAGY अंतर्गत टुंडी ग्राम पंचायत का Baseline को संशोधन कर शीध्र ODF किया जाए।

4.9 **राँची** – निदेश दिया गया कि SAGY अंतर्गत बड़ाम, हह्राप एवं परासी ग्राम पंचायत का Baseline का शीध्र सुधार कर ODF सुनिश्चित किया जाए।

**4.10** **हजारीबाग** – कार्यपालक अभियंता द्वारा बतलाया गया कि SAGY अंतर्गत जरबा ग्राम पंचायत में 1444 HH में से 874 का Online Entry हो चुका है। किन्तु Village Mapping की समस्या हो रही है।

– दिनांक 30.07.2016 से IMIS में Entry Module B-06 आरम्भ किया गया है जिससे इस समस्या का समाधान हो जाएगा।

4.11 **कोडरमा** – कार्यपालक अभियंता द्वारा बतलाया गया कि SAGY अंतर्गत चोपनाडीह ग्रम पंचायत का Online Entry में समस्या आ रही है।

4.12 **धनबाद** – SAGY अंतर्गत टुंडी, मैंरानवाटांड एवं रतनपुर ग्राम पंचायत का Baseline Survey को संशोधित कर 10 अगस्त तक पूर्ण ODF किया जाए।

(अनु॰: SAGY अंतर्गत ग्राम पंचायतसें से सम्बंधित सभी कार्यपालक अभियंता/राज्य समन्वयक, SBM(G))

## 5) अन्य Issues

5.1 निदेश दिया गया कि प्रखण्ड मुख्यालय ग्राम पंचायत को अबतक ODF नही किये जाने पर सम्बंधित AE/JE/BDO को कारण पृच्छा की जाए।

कृ॰पृ॰उ॰

5.2 निदेश दिया गया कि पूर्व में किसी कारण से हटाए गए अनुबन्धित कर्मियों को पुनः नहीं रखा जाएगा।

5.3 दिनांक 15 अगस्त, 2016 तक Photo Uploading का कार्य 80% तक नहीं किये जाने पर सम्बंधित पदाधिकारी/कर्मचारी से कारण पृच्छा की जायेगी।

– निदेश दिया गया कि सभी जिला/प्रमण्डल अपने–अपने लक्ष्य को ध्यान में रखकर कार्ययोजना के आधार पर कार्य प्रगति सुनिश्चित करें।

05/8/16

(राजेश कुमार शर्मा)
निदेशक, SBM(G)
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

ज्ञापांक : VideoConference-180/10(Part-II)-758/SBM(G) दिनांक : 05-08-16

**प्रतिलिपि** : सभी उपायुक्त–सह–अध्यक्ष, जिला जल एवं स्वच्छता समिति, झारखण्ड/सभी अधीक्षण अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, झारखण्ड/सभी कार्यपालक अभियंता–सह–सदस्य सचिव, जिला जल एवं स्वच्छता मिशन प्रकल्प, झारखण्ड/राज्य समन्वयक, SBM(G)/परामर्शी (IEC), SBM(G) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

05/8/16

निदेशक, SBM(G)
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

ज्ञापांक : VideoConf.-180/10(Part-II)-758/SBM(G), दिनांक : 05-08-16.

**प्रतिलिपि** : प्रधान सचिव, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, राँची को सूचनार्थ समर्पित।

05/8/16

निदेशक, SBM(G)
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

# कार्यालय, निदेशक

## स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)

पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, राँची

डोरंडा बाजार पानी टंकी परिसर, प्रथम तल, डोरंडा बाजार, राँची–834002 फोन नं.–0651–2482876 फैक्स नं.–0651–2481593 Email-sbmg.jhar@gmail.com

पत्र संख्याः SBM(G)/State Level Workshop-51/2016 – 1140 / SBM-G, दिनांक : 10/10/2016

**प्रेषक:** **राजेश कुमार शर्मा,** भा०प्र०से०
निदेशक, SBM(G)
स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)
झारखण्ड, राँची।

**सेवा में,**

**सभी उपायुक्त–सह–अध्यक्ष**
जिला जल एवं स्वच्छता समिति
झारखण्ड।

**विषयः** **दिनांक–07.10.2016 को मुख्य सचिव की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में देय निर्देश के संबंध में।**

महाशय

उपर्युक्त विषयान्तर्गत एवं प्रासांगिक बैठक व पत्र के संबंध में सूचित करना है कि दिनांक–07.10.2016 को मुख्य सचिव की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में देय निर्देश के आलोक में यह निर्देशित किया जाता है कि –

1 प्रत्येक जिले को इस वित्तीय वर्ष 2016–17 में न्यूनतम 5000 IHHL का निर्माण महात्मा गाँधी नरेगा के अंतर्गत करना है। इन शौचालयों के निर्माण में निम्न प्रकार से प्राथमिकताएँ तय की गई हैं :–

I वे ग्राम पंचायतें जिन में मात्र क्षतिग्रस्त शौचालयों तथा अन्य सुयोग्य लाभुक जो BLS में नहीं है का निर्माण शेष है, उन ग्राम पंचायतों में IHHL का निर्माण

II उन ग्राम पंचायतों में जहाँ पर JSPL के VOs कार्यरत है, उन ग्राम पंचायतों में शौचालयों का निर्माण।

III इन्दिरा आवास योजना/प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुकों को, जो SBM-G में पूर्व से आच्छादित नहीं है, उन्हें आच्छादित किया जाय।

IV इस वित्तीय वर्ष में लक्षित प्रखण्डों के क्षतिग्रस्त शौचालयों को अच्छादित किया जाय।

इस योजना का कार्यान्वयन महात्मा गाँधी नरेगा तथा SBM(G) के मानक के अनुरूप होगा। इस संबंध में प्रधान सचिव, ग्रामीण विकास विभाग तथा प्रधान सचिव, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, के संयुक्त हस्ताक्षर से विस्तृत दिशा निर्देश अलग से जारी किए जा रहे है।

महात्मा गाँधी नरेगा के तहत 5000 IHHL की स्वीकृति 25.10.2016 के पूर्व करते हुए निदेशालय को सूचना दी जाए।

2. इस वित्तीय वर्ष 2016–17 के लिए ODF हेतु लक्षित 23 प्रखण्डों में जहाँ JSPL के VOs कार्यरत है इनमें SBM(G) के सम्पूर्ण कार्य VOs को सौंप दिया जाए तथा शौचालय निर्माण से VWSC को मुक्त करते हुए उन्हे प्रोत्साहन एवं अनुश्रवण के कार्य में लगाया जाए।

3. BPMU एवं DPMU के तहत कर्मियों/परामर्शियो के अनुबंध आधारित नियुक्ति हेतु, निदेश विभागीय संकल्प संख्या क्रमशः 1109 एवं 1110 दिनांक 28.09.2016 द्वारा निर्गत है। निदेशित किया जाता है 15.10.2016 के पूर्व सभी पदो के लिए विज्ञप्ति प्रकाशित करा ली जाए एवं 30.10.2016 के पूर्व नियुक्ति सुनिश्चित की जाए। इस संबंध में किसी भी प्रकार की शंका/संशय के समाधान हेतु निदेशालय से सम्पर्क स्थापित कर सकते है।

4. Village Sanitation Index/SLWM Index के लिए प्रत्येक गाँव में ग्राम सभा करा कर भारत सरकार से प्राप्त निदेशानुसार इन दोनों INDEX के संबंध में सूचनाएँ SBM(G) के Portal पर Upload कराएँ।

5 ODF हेतु लक्षित Phase-I के सभी जिलों के सभी प्रमाण्डलों को प्रति माह कम से कम 3500 शौचालय तथा शेष प्रमण्डलों के लिए 3000 IHHL का निर्माण कराया जाय ताकि लक्ष्य को पूरा किया जा सके।

6 मनरेगा के तहत पूर्व में बने सभी शौचालय की इंट्री SBM(G) के Portal पर भी करावें। नरेगा एवं SBM(G) के Portal को देखने से स्पष्ट होता है कि नरेगा के तहत बने तीन चौथाई से अधिक शौचालयों को SBM(G) के Portal पर Upload नहीं कराया गया है।

उपरोक्त सभी निर्देशों का पालन सुनिश्चित की जाए।

विश्वासभाजन,
10/10/16

**(राजेश कुमार शर्मा)**
निदेशक, SBM(G)
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

ज्ञाप संख्याः SBM(G)/State Level Workshop-51/2016-1140 SBM(G) दिनांक : 10/10/2016

प्रतिलिपि : सभी अधीक्षण अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, झारखण्ड/सभी कार्यपालक अभियंता–सह–सदस्य सचिव, जिला जल एवं स्वच्छता मिशन "प्रकल्प" झारखण्ड को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। कार्यपालक अभियंताओं को निदेशित किया जाता है कि वे उपायुक्त से सम्पर्क कर शीघ DWSC से निर्णय करावें तथा निदेशालय, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा.) को अवगत करावें।

अनु.–यथोपरि।

10/10/16

निदेशक, SBM(G)
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

ज्ञापांक SBM(G)/State Level Workshop-51/2016 – 1140 /SBM(G) दिनांकः– 10/10/2016

प्रतिलिपि–मनरेगा आयुक्त, झारखण्ड, को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

10/10/16

निदेशक, SBM(G)
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

ज्ञापांक SBM(G)/State Level Workshop-51/2016 –1140 /SBM(G) दिनांकः– 10/10/2016

प्रतिलिपि–प्रधान सचिव, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग को सूचनार्थ समर्पित।

10/10/16

निदेशक, SBM(G)
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

पत्रांक–
झारखण्ड सरकार
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग।

प्रेषक,

अमरेन्द्र प्रताप सिंह,
सरकार के प्रधान सचिव।

सेवा में,

सभी उपायुक्त–सह–जिला जल स्वच्छता समिति,
सभी उप विकास आयुक्त,
सभी कार्यपालक अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,
झारखंड।

रांची, दि0–

विषयः– **माननीय मुख्य मंत्री की अध्ययक्षता में दिनांक 18.09.16 को उप विकास आयुक्त एवं प्रखंड विकास पदाधिकारियों की बैठक में दिए गए निर्देश जो स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा0) एवं पेयजल स्वच्छता विभाग से संबंधित हैं, उसके कार्यान्वयन के संबंध में।**

प्रसंग :– ग्रामीण विकास विभाग, झारखंड, रांची का ज्ञापांक–6163, दिनांक–17.10.16.

महाशय,

उक्त के कम में पूर्व में भी प्रधान सचिव, ग्रामीण विकास विभाग और अधोहस्ताक्षरी के स्तर से भी संयुक्त रूप से पत्र निर्गत किए गए हैं। माननीय मुख्य मंत्री की बैठक में निम्न निर्देश दिए गए हैं, जिनका प्राथमिकता पर अनुपालन करना है :–

(1) जिन इंदिरा आवासों में स्वच्छ भारत मिशन–ग्रामीण से शौचालय स्वीकृत नहीं किए गए हैं, उन्हें मनरेगा से स्वीकृत करना सुनिश्चित किया जाय।

(2) **प्रधान मंत्री आवास योजना**–ग्रामीण में मनरेगा के साथ अभिसरण करते हुए रू0 15000.00 तक का लाभ सुनिश्चित किया जाय।

(3) **प्रखंड मुख्यालय**– पंचायत आगामी 15 दिनों में प्रखंड मुख्यालय को IHHL से आच्छादित करने एवं ODF घोषित किया जाय तथा MIS पर प्रविष्टि अंकित की जाय।

(4) **सभी प्रकार की आवास योजना**– इंदिरा आवास योजना, मछुवा आवास योजना, बिरसा आवास योजना, बुनियादी आवास योजना का लाभुकों को 15 अक्टूबर तक शौचालय स्वीकृत किया जाय।

(5) सांसद आदर्श ग्राम योजना अंतर्गत चयनित पंचायतों में SBM (G) के तहत ODF पंचायत हेतु कार्रवाई की जाय।

(6) प्रधान मंत्री आदर्श ग्राम योजना एवं आदर्श ग्राम योजना में यदि ग्राम छोटा है, जिसमें सिर्फ 100–1500 IHHL बनया जाना है उसे मनरेगा योजना से बनवाया जाय अथवा

ग्राम बड़ा होने की स्थिति में उसे SBM (G) से IHHL बनवाया जाय। वर्ष, 1018 तक सभी ग्राम पंचायतों को ODF किया जाना है।

(7) मनरेगा के तहत स्वीकृत शौचालय का इंट्री स्वच्छ भारत मिशन के पोर्टल पर भी किया जाय ताकि Duplication की संभावना न हो।

(8) सभी प्रखंड मुख्यालय में सामुदायिक शौचालय तथा सौर ऊर्जा आधारित पेयजल की व्यवस्था की जा रही है। इसमें मनरेगा का भी उपयोग किया जाय।

उक्त के अनुपालन की प्रथम समीक्षा वीडियो कांफ्रेंसिंग से दिनांक 03.11.16 को की जायेगी। मुख्य सचिव द्वारा दिनांक 05.11.16 को समीक्षा की जायेगी।

विश्वासभाजन,
ह०/–
(अमरेन्द्र प्रताप सिंह )
सरकार के प्रधान सचिव।

ज्ञापांक– 365/P.sec रांची, दिनांक– 20/10/16

प्रतिलिपि :–निदेशक, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा0), पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखंड, रांची को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। इसका अनुपालन सुनिश्चित किया जाय। दिनांक 03.11.16 को एक वीडियो कांफ्रेंस कर अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

20/10/16
(अमरेन्द्र प्रताप सिंह )
सरकार के प्रधान सचिव।

**दिनांक 15.10.2016 को मुख्य सचिव की अध्यक्षता में आयोजित SBM (G) संबंधित विषय पर उपायुक्तों एवं कार्यपालक अभियन्ता DWSDs की वीडियो कॉफ्रेसिंग द्वारा समीक्षा की कार्यवाही ।**

**मुख्य सचिव द्वारा निम्न निर्देश दिए गए:–**

(1) सभी उपायुक्त/सह अध्यक्ष DWSC, DPMU/BPMU हेतु स्वीकृत मानव संशाधन का चयन 25 अक्टूबर 2016 तक करना सुनिश्चित करे।

(2) कंडिका 1 के अतिरिक्त विभाग द्वारा जारी निर्देश के आलोक में लक्षित ग्राम पंचायतों में **स्वच्छताग्राहियों/नेचुरल** लीडर का चयन शीघ्र करें। उक्त चयन Walk-in-Interview द्वारा भी किया जा सकता है।

(3) **पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक कर्मी,** स्वच्छताग्राही को भी नेचुरल लीडर के रूप में भी कार्य करने हेतु प्राधिकृत किया जा सकता है।

(4) पंचायत /ग्राम स्तर पर पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक/कर्मी को भी जोड़ा जाय।

(5) **प्रत्येक लक्षित G.P./राजस्व** ग्रामवार Nodal Person नियुक्त करें।

(6) प्रत्येक जिला SBM-G के लिए **एक कन्ट्रोल रूम व्यवस्थित** रूप से स्थापित करें। कन्ट्रोल रूम के लिए पदाधिकारी नियत करें; उसके दूरभाष न0 सभी जगह प्रचारित करें तथा राज्य स्तर पर वह सम्पर्क व समन्वय में रहें।

(7) **उपायुक्त ग्राम पंचायतवार रिव्यू– प्रतिदिन न्यूनतम 10** मिनट कन्ट्रोल रूम के माध्यम से SBM-G का अवश्य करें। **सभी प्रशासनिक पदाधिकारियों** का दायित्व तय करें।

(8) आन्तरिक लक्ष्य निर्धारण एवं चयनित प्रखण्ड में परिवर्तन उपायुक्त द्वारा करना:–

i) विभाग द्वारा पूर्व में आवंटित लक्ष्य न्यूनतम है; उपायुक्त अपने स्तर से वार्षिक लक्ष्य बढ़ा सकते है।

ii) ऐसा जिला जहाँ दो विभागीय प्रमंडल हैं, वहाँ उपायुक्त प्रगति देखकर लक्ष्य एक प्रमंडल से दूसरे प्रमंडल में हस्तान्तरण कर सकते हैं।

iii) चिन्हित प्रखण्ड के बजाय दूसरे प्रखण्ड का चयन कर सकते है।

iv) जिलों को आवंटित न्यूनतम लक्ष्य हर हाल में पूर्ण करना है।

v) इसके अतिरिक्त निम्न जिलों के लक्ष्य संशोधित किए गए:–

a) पश्चिमी सिंहभूम इस वर्ष न्यूनतम 50,000 IHHL का निर्माण का लक्ष्य रखें तथा चाईबासा कार्य प्रमण्डल के प्रखण्डों को प्राथमिकता पर ODF करें।

b) पाकुड़ इस वर्ष न्यूनतम 30000 IHHL निर्माण का लक्ष्य रखें।

c) सरायकेला 60000 IHHL का न्यूनतम लक्ष्य रखें।

d) सभी प्रमंडल पूर्व निर्देश के आलोक में प्रतिमाह न्यूनतम 3500 तथा लक्षित जिला न्यूनतम 6000 IHHL निर्माण आवश्यक रूप से करें।

e) दुमका 35–40 हजार तथा दुमका प्रखण्ड मुख्यालय को आच्छादित करें।

f) सभी जिला, जिला मुख्यालय प्रखण्ड का मार्च 17 तक ODF करें।

(9) i) इस वर्ष **प्रथम चरण में ODF हेतु लक्षित 7 जिलों** यथा खूँटी, लोहरदगा, कोडरमा, रामगढ़, हजारीबाग, साहेबगंज, जामताड़ा है। प्रगति संतोषजनक नहीं है। मात्र रामगढ़/साहेबगंज में आच्छादन > 40% है।

ii) सभी प्रखण्डों के सभी ग्राम पंचायतों मे कार्य शुरू करें।

iii) प्रतिदिन प्रत्येक ग्राम पंचायत/ग्रामवार IHHL का लक्ष्य निर्धारित करें।

iv) कंडिका 6 का अनुपालन हो।

v) Mason, Materials की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

vi) प्रतिदिन 300 IHHL का निर्माण सुनिश्चित प्रत्येक जिले में हो।

vii) खूँटी /साहेबगंज की प्रगति अद्यतन काफी चिन्ताजनक है, एवं clear road map & action plan का भी अभाव है।

(10) जिलों में नियुक्त प्रशिक्षु IAS अधिकारियों, अनुमंडल पदाधिकारियों को उपायुक्त अपने स्तर से एक–एक प्रखण्ड पूर्ण ODF करने की जिम्मेवारी सौंप दें; उक्त अधिकारी आवंटित प्रखण्ड के ODF करने हेतु जिम्मेवार होंगे। मुख्य सचिव के Video Conference से संबंधित पदाधिकारी अवश्य भाग लें।

(11) यदि जिले में विभाग के पदस्थापित कार्यपालक अभियंता, उपायुक्त/DWSC की नजर में कार्य को जिम्मेदारी निभाने में सक्षम नहीं हैं, तो उपायुक्त सदस्य सचिव के रूप में कार्यपालक अभियंता को प्रदत सभी शाक्तियों–वितीय, प्रशासनिक, वापस लेकर, जिले के किसी अन्य सक्षम वरीय पदाधिकारी को कार्यहित में यह कार्य सौंप सकते हैं। दोषी कार्यपालक अभियन्ता के विरूद्ध कार्रवाई का प्रस्ताव भी दें।

(12) विभिन्न जिलों के नये प्रयोग एवं प्रयासों का आकलन कर, एक दूसरे से सीखा जा सकता है, Exchange के रूप में Visit कर कार्य देखा जा सकता है। निम्न प्रयास अच्छे प्रतीत हो रहे थे एवं अनुकरण किया जा सकता है।

i) लोहरदगा उपायुक्त द्वारा ग्रामस्तर पर 10 महिलाओं की गुलाबी गैंग टीम, 9 पुरूषों की नवरत्न टीम छोटा सिपाही टीम इत्यादि का गठन कर, ग्राम/पंचायत स्तर पर स्वच्छताग्राहियों की उपलब्धता सुनिश्चित की है।

ii) कोडरमा में फेरों सीमेंट के building blocks द्वारा IHHL को गति दिया।

iii) लोहरदगा/दुमका/ हजारीबाग द्वारा building materials ईंट/सीमेंट/ बालू की सस्ते दर पर उपलब्धता एवं ग्रामीण स्वच्छता आदि के रूप में PDS को जोड़ने का प्रयास किया है।

V

iv) पलामू द्वारा दस (10) हजार IHHL- MNREGA के तहत स्वीकृत एवं कार्यान्वित है। यह MNREGA के राशि से ग्रामीण विकास विभाग तथा 18.09.16 को CM के DDCs/BDOs conference में दिए निदेर्शो के अनुपालन का प्रयास है।

v) रामगढ़ / चतरा / देवघर / धनबाद द्वारा DMFT की Tagging की गई है।

vi) सरायकेला Slip Back –मनरेगा एवं बोकारो / चाईबासा DMFT से slip back का समाधान कर रहे है।

vii) जामताड़ा slip Bank 14th FC से समाधान कर रहे हैं।

(13) निदेशक, SBM(G) गोड्डा व गढ़वा जिले का भ्रमण कर वहाँ प्रगति की समीक्षा करें। इन जिलों में कार्य को Speed-up किया जाए।

(14) i) सभी उपायुक्त slip back/क्षतिग्रस्त शौचालयों हेतु निर्धारित प्रपत्र में राज्य स्तर पर प्रस्ताव भेजें। ऐसे जिला जहाँ DMFT फण्ड उपलब्ध है, वहाँ इस मद से क्षतिग्रस्त शौचालय ODF-GP / प्रखण्ड में प्राथमिकता address करें ताकि ODF सत्यापन स्थापित प्रोटोकाल के अनुरूप हो सके।

ii) जो DMFTN/MNREGA/14th FC/ MLA, क्षेत्रीय विकास योजना संभव नहीं है। इसे राज्य सरकार से संशाधन माँगे।

iii) सचिव उद्योग, खान एवं संसाधन भूत्तव ने स्पष्ट किया कि Non Core area में पूरा जिला आच्छादित है।

iv) गुमला में एक गॉव में slip back विषय को रू० 10,000 / इकाई address किया गया। IHHL के साथ स्नानगृह भी बना है। समुदाय द्वारा कार्य प्रथम पूर्ण किया गया, राशि MLA/NND से बाद में दिया गया। अनुकरणीय उदाहरण है।

v) गुमला के प्रयास का स्थल देखकर, slip back GP/ Village के प्रमुख लोगों को दिखा कर, यह model adopt दिया जा सकता है।

(15) i) UNICEF, पाकुड़ तथा चतरा जिलें में जनवरी 2017 से सहयोगी संस्था के रूप में कार्य करें।

ii) चाईबासा को भी सहयोग करें।

iii) जामताड़ को Unicef अभी से सहयोग करें।

(16) i) सभी जिला अन्तर्गत ODF घोषित ग्राम पंचायतों/ग्रामों का बेसलाईन प्रविष्टि अद्यतन कर एवं सुधार कर एवं शीघ्र ODF प्रोटोकॉल के अनुरूप सत्यापन करा कर, online करें।

ii) वित्तीय वर्ष 2014–15 एवं 2015 –16 में ली गई GP को true sense में ODF – 15 Nov. 2016 तक करना सुनिश्चित हो। 30.11.2016 तक community verification एवं 31 दिसम्बर तक District Level ODF verification सुनिश्चित किया जाय। वर्त्तमान स्थिति असंतोषजनक है। 18 –30 माह तक एक GP को ODF न होना, पूर्णतः unacceptable स्थिति है।

iii) कंडिका 12 में अंकित उदाहरण पर विचार करें।

iv) Village Sanitation index की कार्यवाही कर ब्यौरा online किया जाय।

v) Block ODF पर विशेष ध्यान दे।

(17) सभी जिलों को सूचित किया जाता है कि आगामी समीक्षा संलग्न चेक स्लिप के द्वारा की जाएगी।

(18) विभिन्न जिलों द्वारा **कनीय अभियन्ता/सहायक अभियन्ता** की अनुपलब्धता का Issue उठाया यथा गढ़वा /चतरा/पलामू, इत्यादि **अभियन्ता प्रमुख** DWSD इसे Address करें।

(19) i) उपायुक्त बोकारो ने चास, जरीडीह क्रमशः कार्यपालक अभियन्ता/कनीय अभियन्ता के लापरवाही का विषय उठाया। उपायुक्त प्रतिवेदन भेजें। सम्बन्धित पदाधिकारी/कर्मी को निलम्बित किया जाय।

ii) चक्रधरपुर के कार्यपालक अभियन्ता/ साहेबगंज के कार्य विरूद्ध शिथिलता स्पष्ट दिखती है, कार्रवाई की जाय।

iii) धनबाद DC ने GSF के द्वारा दिए manpower द्वारा कार्य नहीं करने का मामला उठाया गया। GSF इसे address करें।

(20) सभी जिला 10 दिनों के अन्दर निम्न कार्य अवश्य करें :–

(i) इस वर्ष **लक्षित ग्राम पंचायतों** में राजस्व ग्रामवार **Nodal Person तथा क्रियान्वयन एजेन्सी** तय करें; अब तक मात्र कुछ जिलों द्वारा ही इस पर कार्य किया गया है।

(ii) शौचालय निर्माण हेतु प्रेरित करें तथा इसमें जिला में स्थित कन्ट्रोल रूम द्वारा SMS/Call भी करें।

(iii) प्रखण्ड /पंचायत /ग्रामवार Resource Mapping यथा SBM(G), MNREGA DMFT, MLA/UND, 14th FC से New Coverage का ब्यौरा दें।

(iv) Slip Back का True Sense ODF का action plan –DMFT, MNEREGA 14th FC,MLA /UND, राज्य योजना का क्या प्रस्ताव है, स्पष्ट करें।

(v) राज्य योजना से slip Back का प्रस्ताव प्रेषित करें, मुख्यतः Non DMFT जिला यथा दुमका/साहेबगंज, पाकुड़, कोडरमा, गिरिडीह, सरायकेला, पलामू, सिमडेगा, गढ़वा, खूँटी लेकिन MLA/ UND/ MNREGA से Map के बाद एक कोष से GP Cover करें।

(vi) ODF प्रोटोकाल के अनुरूप ODF घोषित कर Online प्रवृष्टि की जाय।

(vii) सभी जिला कम से कम निम्न प्रकार प्रखण्ड ODF करें।

क) 15 नवम्बर 16 –17 (एक)

(ख) 31 दिसम्बर 16 – (दो)

(ग) 31 मार्च 17 – (तीन) तथा verified ODF 31 दिसम्बर तक (एक) फरवरी 17 तक (दो) तथा मार्च तक (तीन) ।

(21) (i) Self Financed Toilet की कम प्रगति निराशाजनक है, अभी तक **16 जिलों** द्वारा शून्य प्रगति दर्ज है। इस पर रामगढ़/धनबाद/ बोकारो/ कोडरमा/ जमशेदपुर/ हजारीबाग/देवघर/ राँची विशेष ध्यान दें।

(ii) विभाग द्वारा पूर्व में जारी निर्देशों के अनुरूप सरकारी सेवकों/संविदाकर्मियों/ PDF डीलर/अन्य कॉरपोरेट कर्मी/जन प्रतिनिधि आदि को विभागवार ट्रैक सिस्टम बना कर पहचान करना। यह कार्य 31 अक्टूबर 2016 तक कर 30 नवम्बर 2016 तक सक्षम व्यक्ति का self Financing अन्तर्गत 100% आच्छादन हो।

(iii) जलसहिया जन प्रतिनिधि एवं भारत सरकार के कर्मी/संस्थान को self financed में प्राथमिकता से शामिल करें।

(iv) Self Construction को प्रोत्साहित किया जाय।

(v) VOs/ SHG को प्रोसाहित करें।

(vi) गुणवत्ता पूर्ण RCC roof को प्रोसाहित करें। गुमला /पाकुड़ गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें।

viii) प्रत्येक GP में 25 मेंशन सेट अवश्य कार्य करें।

ix) वेस लाइन सर्वे का सतत शुद्धि करणा कर मात्र योग्य की अनुदान दें।

x) गिरिडीह वेस लाइन update करने में Specific information Collect कर रहे हैं सभी जिले ऐसा करें। यथा सरकारी कर्मी की सं०/संविदा कर्मी/सेवानिवृत/ PDS /डीलर/चार चक्का वाहन/ट्रैक्टर/ट्रक /बस मालिक / सक्षम कृषक /प्राइवेट नौकरी करने वाले, इत्यादि।

आगामी समीक्षा बैठक इन्हीं बिन्दुओं के आधार पर की जाएगी उपायुक्त उक्त निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें।

अनु0 यथोपरि।

24/10/16
सरकार के प्रधान सचिव
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

ज्ञाप संख्या: Video Conference-180/10(P-II)-1162/SBM(G) दिनांक : 24-10-16
प्रतिलिपि : Unicef/GSF/Water Aid/WSP/ Tata Trust/ UNDP/ Pradan को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अनु0 यथोपरि।

24/10/16
सरकार के प्रधान सचिव
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

ज्ञाप संख्या: Video Conference-180/10(P-II)-1162/SBM(G) दिनांक : 24-10-16
प्रतिलिपि : सभी उपायुक्त–सह–अध्यक्ष, जिला जल एवं स्वच्छता समिति, झारखण्ड/सभी अधीक्षण अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, झारखण्ड/सभी कार्यपालक अभियंता–सह–सदस्य सचिव, जिला जल एवं स्वच्छता मिशन प्रकल्प, झारखण्ड को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अनु0 यथोपरि।

24/10/16
सरकार के प्रधान सचिव
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

ज्ञाप संख्या: Video Conference-180/10(P-II)- 1162 /SBM(G) दिनांक : 24-10-16
प्रतिलिपि : मनरेगा आयुक्त को सूचनार्थ प्रेषित।

अनु0 यथोपरि।

24/10/16
सरकार के प्रधान सचिव
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत जिलों से समीक्षा हेतु 'चेक स्लीप'

जिला का नाम :......................

| क्र०सं० | समीक्षा बिन्दु | लक्ष्य | उपलब्धि | प्रतिशत उपलब्धि | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | जिला स्तर पर मानव बल | | | | |
| | प्रखण्ड स्तर पर मानव बल | | | | |
| | पंचायत स्वच्छता हेतु मानव बल | | | | |
| 2. | i) ODF हेतु चयनित प्रखण्ड की सं० | | | | |
| | ii) GP " | | | | |
| | iii) RV " | | | | |
| 3. | i) ODF हेतु चयनित प्रखण्ड में eligible IHHL as BLS 2012 | | | | |
| | ii) After verification eligible /suitable IHHL की सं० | | | | |
| | iii) Non eligible House hold without Toilet as BLS 2012 | | | | |
| | • जलसहिया | | | | |
| | • PRI सदस्य | | | | |
| | • प्राईवेट कंपनी कर्मी इत्यादि। | | | | |
| | • Rich कृषक / पक्का घर मालिक / ट्रैक्टर / कार मालिक | | | | |
| | iv) Govt. servant / संविदा / सेवानिवृत without Toilet as BLS 2012 | | | | |
| | • राज्य (संख्या) | | | | |
| | • केन्द्र (संख्या) | | | | |
| | • केन्दीय उपक्रम (संख्या) | | | | |
| | v) PDS Dealer (संख्या) | | | | |
| 4. | मैशन की आवश्यकता 25 / per G.P. • संख्या | | | | |
| 5. | ग्राम स्तर तक पर क्रियान्वयन एजेंसी का चयन | | | | |
| | • VWSC | | | | |
| | • VOs | | | | |
| | • SHG | | | | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 6. | क्षतिग्रस्त शौचालयों पर रणनीति (Rs. 10,000/ (अधिकतम) ODF प्रस्तावित क्षेत्र | | | | |
| | • IHHL सं॰ | | | | |
| | • राशि की आवश्यकता | | | | |
| | • राशि उपलब्धता | | | | |
| | • प्रस्तावित GP under DMFT की सं॰ | | | | |
| | • GP सं॰ MNREGA | | | | |
| | • GP सं॰ 14th FC | | | | |
| | • GP सं॰ MLA | | | | |
| | • GP सं॰ State fund | | | | |
| | • आवश्यक राशि | | | | |
| 7. | कन्ट्रोल रूम की स्थापना | | | | |
| | • फोन नं॰ | | | | |
| | • कार्यरत कर्मी की सं॰ | | | | |
| | • प्रभारी पदा॰ का नाम/ पदनाम | | | | |
| | • प्रखण्ड का वाटस ग्रुप की सं॰ | | | | |
| 8. | सामग्री की व्यवस्था की स्थिति | | | | |
| | • सीमेन्ट | | | | |
| | • बालू | | | | |
| | • ईट | | | | |
| | • शौचालय पिट कवर | | | | |
| | • छत | | | | |
| 9. | ODF GP की स्थिति का चयनित | | | | |
| | 2014 - 15 | | | | |
| | 2015 - 16 | | | | |
| 10. | ग्रामीण स्वच्छता सूचकांक की Online की स्थिति | | | | |

**दिनांक 18.11.2016 को सम्पन्न स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही प्रतिवेदन।**

---

**उपस्थिति : यथा पंजी।**

दिनांक 18.11.2016 को धुर्वा स्थित NIC में आयोजित Video Conferencing में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की समीक्षा विभागीय प्रधान सचिव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। जिसमें धनबाद / देवघर / बोकारो / गिरिडीह / सिमडेगा / जमशेदपुर / चाईबासा / लातेहार / दुमका जिलों के कार्यपालक अभियंता तथा नोडल पदाधिकारी, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) उपस्थित थे।

**Video Conferencing में निम्नलिखित बिन्दुओं पर चर्चा करते हुए निदेश दिया गया :–**

1. स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) से सम्बंधित वित्तीय वर्ष 2016–17 में जिला / प्रमंडलवार शौचालय निर्माण की गति की समीक्षा की गई जिसमें प्रायः सभी जिलों में शौचालय निर्माण की प्रगति को असंतोषजनक पाया गया तथा सिमडेगा, लातेहार के पास कोई कार्य योजना ही नहीं है। प्रधान सचिव द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त की गई । सभी जिलों / प्रमंडलों को शौचालय निर्माण के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए अपनी कार्ययोजना को पुनरीक्षित कर प्रत्येक माह कम से कम 3,500 शौचालयों का निर्माण सुनिश्चित कराने के लक्ष्य दिये गये। साथ ही साथ प्रतिदिन के सूचित लक्ष्य हेतु भी कार्य योजना तैयार कर, कार्यान्वयन किया जाय। प्रत्येक माह ODF community यथा GP/Village बनाया जाय। जन सहभागिता सुनिश्चित हो।

   (अनु0 उपस्थित सभी कार्यपालक अभियंता एवं नोडल पदाधिकारी)

2. IMIS में Baseline को ठीक करने के लिए जो Duplicate Entry को हटाने की भी समीक्षा की गई तथा सभी जिलों द्वारा हटाई गई Duplicate Entry को भी बोकारो छोड़कर असंतोषजनक पाया गया तथा इसे यथा शीघ्र ठीक करने के निदेश दिये गये। सभी एक बार Electoral Roll में जिस तरह deletion होता है। NIC से समन्वय कर प्रक्रिया देखकर करें। पूर्णतः संतुष्ट हो ताकि GOI द्वारा आपत्ति का मौका न मिले।

| Particulars | No. deleted during de-duplication exercise |
|---|---|
| Bokaro | 18831 |
| Dumka | 1998 |
| Giridih 1 | 3524 |
| Giridih 2 | 929 |
| Khunti | 3216 |
| Latehar | 16 |
| Lohardaga | 1259 |
| Pakur | 4221 |
| Chaibasa | 3983 |
| Ramgarh | 850 |
| Ranchi West | 4475 |
| Simdega | 573 |
| **TOTAL** | **43875** |

(अनु0 उपस्थित सभी कार्यपालक अभियंता एवं नोडल पदाधिकारी)

3. DPMU तथा BPMU की चयन प्रक्रिया की समीक्षा की गई तथा सभी उपस्थित कार्यपालक अभियंताओं को चयन प्रक्रिया दिनांक 30 नवम्बर 2016 तक हर हाल में पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। इस लापरवाही हेतु स्पष्टीकरण पूछा जाय। यह पूर्णतः अनुचित है। निदेशक, SBM(G) इसे expedite कराये।

(अनु0 निदेशक, SBM(G) / उपस्थित सभी कार्यपालक अभियंता एवं नोडल पदाधिकारी)

4. धनबाद–1 (i) DMFT Fund का उपयोग करते हुए 3500 शौचालय निर्माण प्रतिमाह प्रति प्रमंडल करने के निर्देश दिये गये।

(ii) गोबिन्दपुर प्रखण्ड में पुनः सर्वेक्षण कर बेसलाईन डाटा को ठीक करते हुए, ODF किया जाय। शौचालयमुक्त हाऊस का Self financed में Entry की जाय।

(iii) मुख्य सचिव द्वारा दिये गये प्रतिदिन के लक्ष्य को पूर्ण किया जाय।

(iv) धनबाद–II का अनुकरण करे तथा सीखे।

(iv) कनीय अभियंता / सहायक अभियंता / VWSCs को idea एवं learning exchange हेतु धनबाद–2 में भेजे।

5. दुमका–1 प्रमंडल में निम्न कार्य में प्रगति ठीक नहीं है –

(i) कार्यपालक अभियंता को DPM – JSLPS के साथ आवश्यक समन्वय कर शौचालय निर्माण की गति को तेज करने के निदेश दिये गये।

(ii) फोटो अपलोड की स्थिति राज्य में सबसे खराब है, इस पर असंतोष व्यक्त किया गया।

(iii) 15 दिन में स्थिति सुधारें।

(iv) प्रखण्ड ODF True Sense में किया जाय।

(v) ग्राम पंचायत - ODF की संख्या बढ़ाये तथा declared ODF करें।

(अनु0 उपस्थित कार्यपालक अभियंता दुमका–1)

6. (i) बोकारो प्रमंडल के नोडल पदाधिकारी द्वारा यह कहा गया कि उन्होंने रणनीति बनाकर प्रत्येक ग्रामपंचायत में 25–25 राजमिस्त्रीयों का दल बनाकर लगभग 500 शौचालय प्रतिदिन निर्माण का लक्ष्य बनाया है।

(ii) बोकारो के दोनों प्रमंडलों को शौचालय निर्माण के कार्यो में गति लाने के निर्देश दिये गये।

(iii) प्रधान सचिव द्वारा निदेशित किया गया कि DMFT से प्राप्त 150 करोड़ की राशि का अधिकतम उपयोग स्वच्छ भारत मिशन के कार्यो के लिए किया जाय।

(iv) सचिव, उद्योग एवं खान द्वारा 23.10.16 को DCs को दिए निर्देश का पालन किया जाय।

(v) बोकारो के प्रयास के समानुपातिक result नहीं है।

(vi) मुख्य सचिव द्वारा निर्धारित प्रतिदिन के लक्ष्य को प्राप्त करें।

7. (i) गिरिडीह–1 को भी उनके लक्ष्यों के अनुरूप अपने कार्य की गति को बढ़ाना आवश्यक है।

(ii) गिरिडीह जिला को स्वतः शौचालय निर्माण को प्रमुखतः से कार्यान्वित करने के निर्देश दिये गये।

(iii) गिरिडीह–1 में beneficiary से निर्माण पर रोक सम्बन्धित पत्र Mail करने का निर्देश दिया गया।

(निदेशक / उपायुक्त, गिरिडीह समीक्षा करें)

8. (i) आदित्यपुर प्रमंडल को DMFT राशि का उपयोग करते हुए लगभग छः हजार Slip Back शौचालयों के निर्माण को यथाशीघ्र पूरा करने के निर्देश दिये गये।

(ii) True ODF किया जाय।

(iii) ODF Verification पर विशेष ध्यान दें।

(iv) मुख्य सचिव के निर्देशों का पालन करें।

(v) उपायुक्त के साथ विमर्श कर प्रशिक्षण एवं अध्ययन भ्रमण राज्य के अन्दर एवं बाहर का पदाधिकारी/कर्मचारी/VOs/VWSC/SHG का चयन कर इसे मूर्तरूप दें।

9. IHHL निर्माण की प्रगति –

As on 18-11-2016

| Sr. No. | District Name | Divison Name | Minimum Target FY 2016-17 | Physical Progress Online as on 18-11-2016 | Physical Achievement in percentage (%) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | BOKARO | TENUGHAT | 40703 | 7031 | 17.27 |
| 2 | DEOGHAR | MADHUPUR | 25200 | 5810 | 23.06 |
| 3 | DHANBAD | DHANBAD-1 | 54367 | 4752 | 8.74 |
| 4 | DUMKA | DUMKA-I | 11642 | 5784 | 49.68 |
| 5 | GIRIDIH | GIRIDIH-I | 46441 | 7487 | 16.12 |
| 6 | LATEHAR | LATEHAR | 20634 | 4583 | 22.21 |
| 7 | PASCHIM SINGHBHUM | CHAKRADHARPUR | 19743 | 2665 | 13.50 |
| 8 | PURBI SINGHBHUM | ADITIYAPUR | 20000 | 5905 | 29.53 |
| 9 | SIMDEGA | SIMDEGA | 24362 | 5234 | 21.48 |
| Total :- | | | 263092 | 49251 | 18.72 |

उक्त से सम्बन्धित जिला स्वतः मूल्यांकन 7 माह बीतने के बाद करें। दुमका–1 कम लक्ष्य के कारण उपलब्धि प्रतिशत अधिक है वास्तविक में काफी कम है।

10. सिमडेगा/लातेहार/चक्रधरपुर की स्थिति दयनीय है। प्रपत्र 'क' गठित कर उपसचिव (आरोप) को भेजे ताकि प्रभावी कार्रवाई की जाय।

11. अभियंता प्रमुख का ध्यान कनीय अभियंता के पदस्थापन पर आकृष्ट किया जाय। कनीय अभियंता के Transfer की विसंगतियाँ दूर हो। कई कार्यपालक अभियंता ने कनीय अभियंताओं की कमी पर प्रश्न उठाया है।

12. कार्यपालक अभियंता सिमडेगा ने अपने खराब Performance के लिए कनीय अभियंता की कमी बताया जबकि 3 कनीय अभियंता/2 सहायक अभियंता है एवं मात्र 3 प्रखण्ड ODF Targeted है। कनीय अभियंता/सहायक अभियंता में से एक को सहायक प्रखण्ड स्वच्छता पदाधिकारी बनाना है। यह कार्य कार्यपालक अभियंता को ही करना है। इस तरह कार्यपालक अभियंता पूर्णतः अक्षम है।

13. लातेहार के पास कोई प्रभावी कार्य योजना नहीं थी, multiplicity of implementing agencies यथा आँगनबाड़ी सेविका, VWSC, SHG, VOs है। कार्यपालक अभियंता का कोई Control एवं Monitoring System नहीं है। इनका उतर पूर्णतः असन्तोषजनक है।

14. अधोहस्ताक्षरी के स्तर से उपायुक्त सिमडेगा/लातेहार का ध्यान आकृष्ट किया जाय कि उनके जिले की प्रगति काफी खराब है। व्यक्तिगत रूचि एवं विशेष ध्यान दें।

15. गोड्डा/गुमला/चक्रधरपुर से वार्त्ता नहीं की गई है।

16. मधुपुर की कार्य योजना प्रभावी प्रतीत हो रही थी 15 दिसम्बर तक execution कर 5000 IHHL का लक्ष्य 15 नवम्बर से 15 दिसम्बर में प्राप्त करें। 8340 की Entry शीघ्र करने की सूचना दी गई।

17. VOs का पूर्ण इस्तेमाल प्रारम्भ नहीं किया गया है।

25/11/16

(अमरेन्द्र प्रताप सिंह)
प्रधान सचिव
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

ज्ञापांक :Video Conference – 180/10 (Part-II) - 1258 /SBM(G) दिनांक : 28-11-16

**प्रतिलिपि** : उपस्थित सभी कार्यपालक अभियंता–सह–सदस्य सचिव, जिला जल एवं स्वच्छता मिशन प्रकल्प, झारखण्ड को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

25/11/16
प्रधान सचिव
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

ज्ञापांक : Video Conference – 180/10 (Part-II) - 1258 /SBM(G) दिनांक : 28-11-16

**प्रतिलिपि** : निदेशक, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), झारखण्ड, रांची को सूचनार्थ प्रेषित।

25/11/16
प्रधान सचिव
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

**दिनांक 22.11.2016 को सम्पन्न स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की Video Conferencing की कार्यवाही प्रतिवेदन।**

---

दिनांक 22.11.2016 को नेपाल हाऊस स्थित NIC में आयोजित Video Conferencing में JSLPS के ग्राम संगठनों/स्वयं सहायता समूहों के द्वारा IHHL निर्माण तथा स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। जिसमें निम्न पदाधिकारियों द्वारा भाग लिया गया :–

1. **अमरेन्द्र प्रताप सिंह, I.A.S**
   प्रधान सचिव
   पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, रांची।
2. **श्री परितोष उपाध्याय, I.F.S**
   मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी
   Jharkhand State Livelihood Promotion Society,
   ग्रामीण विकास विभाग
   झारखण्ड सरकार।
3. **दिनेश कुमार सिंह**
   संयुक्त सचिव–सह–संयुक्त निदेशक
   स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा0)
   पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड।
4. **श्री विष्णु परिदा**
   Chief Operating Officer
   Jharkhand State Livelihood Promotion Society,
   ग्रामीण विकास विभाग
   झारखण्ड सरकार।

जिसमें निम्न जिलें दुमका/गिरिडीह/गोड्डा/गुमला/खूँटी/लातेहार/लोहरदगा/पाकुड़/पलामू/पश्चिम सिंहभूम/राँची/सिमडेगा/बोकारो/रामगढ़ जिलों के कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, DPM JSLPS तथा नोडल पदाधिकारी, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) उपस्थित थे।

**Video Conferencing में निम्नलिखित बिन्दुओं पर चर्चा करते हुए निदेश दिया गया :–**

1. स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत ग्राम संगठनों / SHGs के माध्यम से जो शौचालय निर्माण किये जा रहे है वह काफी कम है। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा यह सूचित किया जा चुका है कि शौचालय निर्माण के कार्यों में ग्राम संगठनों को प्राथमिकता दी जानी है किन्तु बहुत से जिलों में अभी भी ग्राम संगठनों को शौचालय निर्माण के लिए काफी कम राशि उपलब्ध करायी जा रही है। SHGs को जारी किये जाने वाली राशि की उच्चतम सीमा 1 लाख रुपये है जबकि VOs को VWSCs के समतुल्य दर्जा प्राप्त है। VOs कई SHG का समूह है, राज्य मुख्यालय से CEO-DPM ने कम से कम 100 शौचालयों के लिए राशि की आवश्यकता स्पष्ट किया। इस विषय पर प्रधान सचिव पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा सभी उपस्थित जिलों को निर्देशित किया गया कि :–

   (i) सभी सक्रिय ग्राम संगठनों को प्राथमिकता के आधार पर स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के क्रियान्वयन अवश्य में जोड़ा जाय। मुख्य सचिव के Video Conferencing के निर्देशो का प्रभावी अनुपालन किया जाय।

   (ii) सभी ग्राम संगठनों को 100 शौचालय निर्माण के लिए राशि कार्यपालक अभियंता द्वारा एक बार में DPM की अनुशंसा पर जारी की जा सकती है। VO से शौचालय निर्माण के फण्ड का Review तथा Allocation का निर्णय जिला स्तरीय (DWSCs) सप्ताहिक समीक्षा की बैठकों में लिया जाय।

   (iii) ऐसे जिला जहाँ DMFT फण्ड से शौचालय निर्माण का कार्य कराया जा रहा है, वहाँ भी जिन ग्राम पंचायतों में VO उपलब्ध है, उन ग्राम पंचायतों में VOs के माध्यम से शौचालय निर्माण के कार्यों को प्राथमिकता दी जाय। इसे अवश्य जोड़ा जाय।

   (iv) MGNREGA से जो शौचालय निर्माण किये जाने है तथा Slip Back को address किया जाना है उन स्थानों पर भी VOs को शौचालय निर्माण के कार्य में लगाया जाना है।

   (v) ऐसी ग्राम पंचायतें जो ODF हो चुकी है। उन्हें True Sense ODF बनाने के लिए VOs के माध्यम से मनरेगा / 14th / FC /MLA Fund/DMFT etc. से address किये जाने वाले Slip Back को भी VOs के माध्यम से कार्य कराया जाय।

(vi) जहाँ पूर्व में VWSC कार्यरत है, वहाँ Target के अनुरूप VOs को भी शौचालय निर्माण के लिए अवश्य सम्बद्ध किया जाय। इस संबंध में समन्वय से सम्बंधित आवश्यक मुद्दों को जिला स्तरीय (DWSC) सप्ताहिक समीक्षा की बैठकों में लिया जाय। VWSC & VOs / SHG एक दूसरे के पूरक (Complementary) है, न कि विरोधी।

(अनु0 DC/DWSC/EE/DPM)

(vii) ऐसी ग्राम पंचायत जो ODF है, उसे Declared ODF का कार्य पूर्ण किया जाय।

(viii) Post ODF में VOs / SHG / स्वच्छता दूत / VWSC का role काफी बढ़ जाता है जो सतत् Monitoring कर, ग्राम सभा एवं Motivation से sustain करें।

(ix) Declared ODF में SLWM/Water Security Plan/ village Sanitation index पर प्राथमिकता से कार्य किया जाय।

(x) Declared ODF में VWSCs/VOs/SHG अन्य स्कीम Food Security, उज्जवला, Water source testing, अन्य Govt. Schemes की benefit सुनिश्चित हो।

2. यह पाया गया कि दुमका, गिरिडीह, गुमला, लातेहार, सिमडेगा, पाकुड़, पलामू, पश्चिम सिंहभूम, राँची, बोकारो तथा रामगढ़ जिलों में VOs को शौचालय निर्माण के लिए कम राशि दी गई है तथा सभी VOs को अब तक कार्य आवंटित नहीं किया गया है। प्रधान सचिव पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा सभी को निर्देशित किया गया कि सभी VOs से डिमांड लेकर एक बार में राशि जारी की जाय। सभी को engage करें / DPM सुनिश्चित करें।

(i) गिरिडीह जिलें को निदेशित किया गया कि डुमरी तथा बैंगाबाद प्रखण्ड के क्रमशः 45 तथा 56 VOs शौचालय निर्माण के कार्यों से यथाशीघ्र जोड़ा जाय। कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, VOs द्वारा दी गई डिमांड को sbmg.jhar@gmail.com पर भेंजे। सभी VOs को नहीं जोड़ना लापरवाही है।

चूँकि अब निर्मल भारत अभियान, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के रूप में परिवर्तित हो गया है व पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय के पत्रांक [illegible]1013/16/2004 –SBM (G) दिनांक 18.12.2014 से नवीन दिशा–निर्देश जारी कर उसके अंतर्गत प्रावधानों को लागू कर दिया गया है। मार्गदर्शिका के कंडिका 7.3 के आलोक में, राज्य योजना स्वीकृति समिति (State Scheme Sanctioning Committee - SSSC) का नाम राज्य स्तरीय योजना स्वीकृति समिति (State Level Scheme Sanctioning Committee - SLSSC) के रूप में परिवर्तित किया गया है एवं इसके स्वरूप में संशोधन किया गया है। स्वच्छ भारत मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु गठित इस शीर्षस्थ समिति, राज्य स्तरीय योजना स्वीकृति समिति (State Level Scheme Sanctioning Committee - SLSSC) का होगा, जिसमें मुख्य सचिव के अध्यक्षता में निम्नलिखित सदस्य भी नामित होंगेः–

1. मुख्य सचिव, झारखंड सरकार – अध्यक्ष
2. प्रधान सचिव/सचिव, स्वास्थ्य, चिकित्सा, शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखंड – सदस्य
3. प्रधान सचिव/सचिव, समाज कल्याण एवं बाल विकास विभाग, झारखंड – सदस्य
4. प्रधान सचिव/सचिव, वित्त विभाग, झारखंड – सदस्य

Archana

5. प्रधान सचिव/सचिव, ग्रामीण विकास एवं विभाग, झारखंड – सदस्य

6. प्रधान सचिव/सचिव, पंचायती राज विभाग एवं नेशनल रूरल इम्प्लॉयमेंट प्रोग्राम, झारखंड – सदस्य

7. प्रधान सचिव/सचिव, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखंड – सदस्य

8. प्रधान सचिव/सचिव, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखंड – सदस्य

9. प्रधान सचिव/सचिव, मानव संसाधन विकास विभाग, झारखंड – सदस्य

10. भारत सरकार, पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय के प्रतिनिधि – सदस्य

11. विशेष सचिव–सह–निदेशक, विश्व बैंक संपोषित, पेयजल एवं स्वच्छता कार्यक्रम, DWSD, झारखंड – सदस्य

12. अभियंता प्रमुख, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखंड – सदस्य

13. मुख्य अभियंता–सह–कार्यकारी निदेशक, SPMU, झारखंड – सदस्य सचिव

14. यूनिसेफ, झारखंड के प्रतिनिधि – सदस्य

15. स्वच्छता क्षेत्र के विशेषज्ञ (Hydrogeology/IEC/MIS/Media /NGOs) – विशेष आमंत्रित सदस्य

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के दिशा–निर्देश के कंडिका 7.3 के अनुसार किये जाने वाले कार्य निम्नवत् हैं:–

1. स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) हेतु गठित SLSSC राज्य में परियोजना जिलों में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के कार्यान्वयन का पर्यवेक्षण, संबंधित विभागों के बीच तालमेल व समन्वय स्थापित करना है।
2. वित्तीय वर्ष के पूर्व राज्य सरकार के द्वारा स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) का Annual Implementation Plan (AIP) तैयार करना तथा आगामी वित्तीय वर्ष में ग्राम/ग्राम पंचायत/जिलावार प्लान बनाकर उसे क्रियान्वित किया जाना।
3. राज्य द्वारा निर्मित Annual Implementation Plan (AIP) को वित्तीय वर्ष के पूर्व, पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा अनुमोदन करवाना। मंत्रालय द्वारा अनुमोदन के पश्चात् उसे SLSSC की बैठक में पारित करवाना। तत्पश्चात् स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के IMIS पर लक्ष्यों की ऑनलाईन इंट्री की जाती है। इस इंट्री के

अनुरूप जिलों द्वारा वर्ष भर कार्य कर भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की निर्धारित फॉर्मेट में ऑनलाईन इंट्री करना।

4. स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) हेतु गठित SLSSC समेकित AIP के अनुरूप , पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय/राष्ट्रीय स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के साथ विचार–विमर्श, केन्द्र से अनुदान सहायता प्राप्त करना और आवश्यकतानुसार जिलों को संवितरण करेगी।

5. स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) में नियुक्त सभी सरकारी कर्मचारियों की पारिश्रमिक राशि को राज्य द्वारा एवं परामर्शियों की पारिश्रमिक राशि, मिशन के प्रशासनिक मद से भारित होगी।

6. स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के लिए गठित SLSSC, राज्य स्तर पर इसकी शीर्षस्थ समिति है जो राज्य स्तर पर जिला परियोजनाओं व अन्य प्रस्तावों की जाँच करने, अनुमोदित करने एवं राज्य सरकार द्वारा लिये गये निर्णयों को क्रियान्वयन करवाने का कार्य भी करेगी।

7. वर्ष में कम–से–कम दो बार स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) हेतु गठित SLSSC की बैठक आहूत होनी चाहिए। बैठक में पूर्व में स्वीकृत योजनाओं की अवयववार भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की समीक्षा की जानी चाहिए। आवश्यकतानुसार त्रैमासिक बैठक का आयोजन भी किया जा सकता है।

8. स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) हेतु गठित SLSSC बैठक को आयोजित करवाने, निर्णयों को त्वरित व प्रभावी रूप से क्रियान्वित करवाने का उत्तरदायित्व सदस्य सचिव का होगा।

प्रस्ताव पर माननीय मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव का अनुमोदन क्रमशः दिनांक 18.5.15 एवं 15.5.15 को प्राप्त है।

(हस्ताक्षर) 19/05/15
(अमरेन्द्र प्रताप सिंह)
सरकार के सचिव
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखंड

ज्ञापांकः SSSC गठन-213/11-819/SWSM दिनांक 19.5.15
प्रतिलिपिः– उपरोक्त सभी पदाधिकारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(हस्ताक्षर) 19/5/15
(अमरेन्द्र प्रताप सिंह)
सरकार के सचिव
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखंड

Archana

झारखण्ड सरकार
## पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

पत्रांक : स्वच्छ भारत मिशन Mob. App. – 1099/14– 1632 /SWSM, दिनांकः 23/9/15

**प्रेषकः** **अमरेन्द्र प्रताप सिंह,**
सरकार के सचिव,

**सेवा में,**

1. सभी उपायुक्त–सह–अध्यक्ष,
   जिला जल एवं स्वच्छता समिति, झारखंड

Email

2. सभी कार्यपालक अभियंता–सह–सदस्य सचिव,
   जिला जल एवं स्वच्छता मिशन प्रकल्प, झारखण्ड।

**विषयः– स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), झारखंड के अंतर्गत जलसहिया/स्वच्छता दूत/प्रेरक को शौचालय निर्माण करवाने एवं उपयोग हेतु लाभार्थी को प्रेरित /प्रकृति परिवर्तन करने के लिए दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि में बढ़ोत्तरी करते हुए 150/– रू॰ प्रति मामले विभिन्न घटकवार कार्यो – निर्माण/ उपयोग/ प्रकृति परिवर्तन इत्यादि कार्य तथा शौचालय के फोटो अपलोड करने के सम्बंध में।**

**प्रसंगः–भारत सरकार द्वारा जारी स्वच्छ भारत मिशन की नवीन मार्गदर्शिका के पैरा 5.2.3 एवं 7.7.1 एवं भारत सरकार के पत्रांक सं॰ W-11019/02/2014-SBM(G) दिनांक 17 नवम्बर, 2014 एवं No.S-18011/50/2015-SBM-G दिनांक 06.08.2015 तथा दिनांक 22.01.2015 को नई दिल्ली में केन्द्रीय विभागीय मंत्री व केन्द्रीय सचिव के साथ आयोजित बैठक की कार्यवाही।**

**महाशय/महाशया,**

उपर्युक्त विषयान्तर्गत उल्लेख है कि झारखंड में स्वच्छता दूत के रूप में प्रत्येक ग्राम में 'जलसहिया' की नियुक्ति की गयी है, जिन्हें विभाग के पूर्व पत्रांक TSC-98/09-691/SWSM दिनांक 13.07.2012 के आलोक में शौचालय का निर्माण एवं व्यवहार के लिए 75 रूपये मात्र प्रति शौचालय की दर से प्रोत्साहन राशि, आई॰ई॰सी॰ के मद से निम्न प्रकार दी जा रही हैः–

(क) शौचालय हेतु Demand Generation एवं निर्माण के उपरांत – 45.00 प्रति शौचालय।

(ख) एक माह तक संपूर्ण परिवार द्वारा लगातार उपयोग होने पर – 30.00 प्रति शौचालय।

2. (i) भारत सरकार द्वारा जारी नवीन दिशा–निर्देश के पैरा 5.2.3 के अनुसार स्वच्छता संबंधी संचार के लिए पूर्णकालिक जिम्मेवार स्थानीय प्रेरक को आई॰ई॰सी॰ निधि से राज्य सरकार द्वारा निर्धारित निधि दी जा सकती है।

कृ॰ पृ॰ उ॰

(ii) भारत सरकार की मार्गदर्शिका 7.7.1 के अनुसार "स्वच्छता दूतों' सहित किसी भी व्यक्ति, जो शौचालयों का निर्माण करने के लिए परिवारों को प्रेरित करते हैं, जिसके परिणामस्वरूप में खुले में शौच की प्रकृति में बदलाव आता है को प्रति मामले 150/– रू० की प्रोत्साहन राशि दी जा सकती है। तथापि राज्य अपनी आवश्यकतानुसार उपर्युक्त निर्णय ले सकता है। इसके अलावा, स्थायित्व सुनिश्चित करने के लिए निर्माण पश्चात् मानदेय के प्रावधान की भी व्यवस्था की जानी चाहिए"।

3. (i) भारत सरकार के पत्रांक W-11019/02/2014-SBM(G) दिनांक 17 नवम्बर, 2014 के अनुसार वर्तमान में उपलब्ध व्यक्तिगत मोबाईल फोन से फोटो खींचकर अपलोड किये जा सकते हैं।

(ii) वर्तमान में भारत सरकार के पत्रांक S-18011/50/2015-SBM-G दिनांक 06.08.2015 द्वारा IHHL अंतर्गत 01.04.2014 के बाद NBA/SBM (G) के तहत बने सभी शौचालय का फोटो अपलोड करना है।

(iii) दिनांक 22.01.2015 को भारत सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय द्वारा राज्यों के विभागीय मंत्री व सचिवों के साथ आयोजित बैठक में निर्णय लिया गया कि "राज्यों का दायित्व है कि वे ये सुनिश्चित करें कि स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत बने समस्त व्यक्तिगत शौचालयों के फोटोग्राफ mSBM application के द्वारा मंत्रालय की वेबसाईट पर अपलोड करें। इस हेतु SBM (G) के प्रशासनिक मद से न्यूनतम आवश्कतानुरूप मोबाईल खरीदें जा सकते हैं"।

4. (i) भारत सरकार द्वारा दिनांक 22 जनवरी, 2015 को नई दिल्ली में आयोजित बैठक में Agreed Actionable Points के अनुसार न्यूनतम मोबाईल स्वच्छ भारत मिशन के प्रशासनिक मद से खरीदे जा सकते हैं। यह प्रत्येक प्रखंडवार एक मोबाईल क्रय किया जा सकता है।

(ii) इस सुविधा प्राप्त करने वाले सहायक प्रखंड स्वच्छता पदाधिकारी कम से कम 100 फोटो प्रतिमाह अवश्य अपलोड करें।

(iii) उपायुक्त–सह–अध्यक्ष, जिला जल एवं स्वच्छता समिति की सहमति से क्रय किया जायेगा तथा उपयोग करने वाले पदाधिकारी को नामित किया जायेगा। विहित प्रक्रिया के तहत मोबाईल फोन का निबंधन अवश्य किया जायेगा।

5. अतएव कार्य की सुविधा हेतु सरकार सम्यक विचारोपरांत स्वच्छता दूत/प्रेरक/जलसहिया को देय प्रोत्साहन राशि में निम्न प्रकार व्यय किया जायः–

(i) शौचालय हेतु डिमांड जेनरेशन एवं निर्माण के बाद देय प्रोत्साहन राशि – रू॰ 75/– प्रति शौचालय।

(ii) एक वर्ष तक संपूर्ण परिवार द्वारा इस्तेमाल करने पर रू॰ 25/– प्रति शौचालय।

(iii) तीन वर्ष तक उपयोग तथा रख–रखाव हेतु प्रेरित करने पर रू॰ 25/– प्रति शौचालय।

(iv) निर्माण के बाद फोटो अपलोड करने पर रू॰ 25/– प्रति शौचालय।

(v) स्वच्छता दूत/प्रेरक/जलसहिया स्वतः फोटो अपलोड में सक्षम न हो तो अन्य द्वारा कार्य करने पर रू॰ 25/– प्रति शौचालय संबंधित रजिस्टर्ड मोबाईल से फोटो अपलोड करने वाले को देय होगा।

(vi) सरकारी मोबाईल प्राप्त तथा सरकारी सेवक एवं रू॰ 20000/– माह से अधिक सरकारी मानदेय प्राप्त करने वाले कर्मी द्वारा यह कार्य करने पर यह राशि देय नहीं होगी।

(vii) रू॰ 25/– फोटो अपलोड करने के मानदेय में अन्य कोई TA/DA इत्यादि नहीं देय होगा।

(viii) यह राशि आई॰ई॰सी॰ मद से देय होगी।

6. यह निर्देश 2.10.2014 से प्रभावी होगा।

प्रस्ताव पर विभागीय मंत्री का अनुमोदन प्राप्त है।

अनु॰: यथोपरि।

AP 23/09/15
(अमरेन्द्र प्रताप सिंह)
सरकार के सचिव

ज्ञापांकः स्वच्छ भारत मिशन Mob. App. – 1099/14–1632 /SWSM, दिनांकः 23/9/15

प्रतिलिपिः–क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रक्षेत्र, दुमका/राँची/ सभी अधीक्षण अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, झारखंड/सभी राज्य समन्वयक/मेंटर/नोडल ऑफिसर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। Email

अनु॰: यथोपरि।

AP 23/09/15
(अमरेन्द्र प्रताप सिंह)
सरकार के सचिव

ज्ञापांकः स्वच्छ भारत मिशन Mob. App. – 1099/14–1632 /SWSM, दिनांकः 23/9/15

प्रतिलिपिः–श्री रवीन्द्र बोहरा, राज्य समन्वयक (SBM-G)/श्री नितिन कुमार, राज्य समन्वयक (IT) राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन, झारखंड, राँची को अनुलग्नक के साथ प्रेषित। अतः निदेशित किया जाता है कि इसे विभागीय वेबसाइट पर भी अपलोड कराना सुनिश्चित करें। Email

अनु॰: यथोपरि।

AP 23/09/15
(अमरेन्द्र प्रताप सिंह)
सरकार के सचिव

ज्ञापांक: स्वच्छ भारत मिशन Mob. App. – 1099/14–1682 /SWSM, दिनांक: 23/9/15

Email प्रतिलिपिः–संयुक्त सचिव / डॉ॰ निपुन विनायक, उपसचिव, पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय, भारत सरकार, ईमेल : vinayaknipun@gmail.com को सूचनार्थ समर्पित।

23/09/15

(अमरेन्द्र प्रताप सिंह)

सरकार के सचिव

सरस्वती प्रसाद, आइ.ए.एस
संयुक्त सचिव
*Saraswati Prasad, I.A.S*
Joint Secretary

भारत सरकार
पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय
Government of India
Ministry of Drinking Water and Sanitation
12th Floor, Paryavaran Bhavan, C.G.O. Complex
Lodhi Road, New Delhi - 110 003
Tel. No. : 24362705 Fax : 24361062
E-mail : js.tsc@nic.in

**No.W-11019/02/2014-SBM(G)** **17th November, 2014**

To
**Principal Secretary / Secretary**
**i/c of Rural sanitation**
**All States / UTs**

**Sub: Use of Mobile based Application for uploading Photographs and Coordinates of Toilet constructed and under Swachh Bharat Mission (Gramin).**

Sir,

1. In a major initiative to strengthen the Monitoring system under the Swachh Bharat Abhiyan the NIC cell of this Ministry has developed a mobile based monitoring system, through which Photographs and Coordinates of IHHLs constructed under NBA/SBM(G) can be uploaded on the SBM(G)-MIS.

2. An instruction sheet explaining the process is enclosed.

3. Photograph of all IHHLs along with the Beneficiary that have been constructed and reported from 1.4.2014 under NBA and after 2.10.2014 under SBM(G) shall have to be taken and uploaded on the SBM(G) - MIS.

4. The uploading of the photograph should ideally be done along with the reporting of each IHHL during data entry of progress every month. Backlog entry of IHHLs reported constructed on the MIS from 1.4.2014 till October 2014, may also be taken up in war footing immediately.

5. For the present, private mobiles available with individuals may be used for this activity. Mobile data usage charge for the purpose may be met from administrative expenses admissible with SBM(G).

6. It is requested that this activity be monitored regularly at the level of Principal Secretary/Secretary i/c Rural sanitation.

Yours faithfully,

(Saraswati Prasad)

Copy to : All State SBM(G) Coordinators
PPS to Secretary MDWS

सभी के लिए स्वच्छता
और स्थायी पेयजल आपूर्ति

Sustainable Sanitation and
Drinking Watersupply for all.

**Instructions for and use under Swachh Bharat Mission (Gramin).**

1. Mobile OS should be Android version 3.2 or higher
2. Register users for using mobile apps using SBM MIS through district/state login in http://tsc.gov.in. After the registration process is successfully completed - Login ID and password will be created and same will be communicated to the surveyor data collector for uploading the photographs.
3. Allocation of GP/ Villages level Household data to surveyor or data collector using SBM MIS through district/state login will done after step 2 is complete
4. Download mobile App from ministry's websites (mdws.gov.in or tsc.gov.in)
5. Install the APK on mobile device
6. Enable GPS for capturing Latitude & longitude through mobile device
7. Login through mSBM App
8. After successfully login in choose option HHS Toilet Photo & follow all the steps.
9. Choose Usage of toilet to capture parameters of usages of toilet.
10. State District MIS users will approve the uploaded photographs before showing on the ministry's website.
11. Uploaded Photographs of toilets can be seen/viewed in the report Format 28 of SBM MIS
12. For technical help contact Shri Pramod Kumar, MDWS - NIC 011-24366372.

# कार्यालय निदेशक

## स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)

पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, राँची

डोरंडा बाजार पानी टंकी परिसर, प्रथम तल, डोरंडा बाजार, राँची–834002 फैक्स नं.–0651–2481593 Email-sbm.jhar@gmail.com

पत्र संख्याः DWSC खाता संचालन -46/2016 - 260 / SBM-G, दिनांक : 17-02-16

**प्रेषकः**

**राजेश कुमार शर्मा**, भा.प्र.से.
निदेशक,
स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा)
झारखण्ड, राँची।

**सेवा में,**

1. **सभी उपायुक्त–सह–अध्यक्ष**
   जिला जल एवं स्वच्छता समिति, झारखण्ड।
2. **सभी अधीक्षण अभियंता**
   पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, झारखण्ड।
3. **सभी कार्यपालक अभियंता**
   पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, झारखण्ड।

**विषयः जिला जल एवं स्वच्छता समिति के खाता संचालन के सम्बंध में।**

**प्रसंगः इस कार्यालय के पूर्व पत्रांक TSC/CO/124/11-158/SWSM दिनांक 22.03.2011**

**महाशय,**

उपर्युक्त विषयान्तर्गत निदेशित किया जाता है कि प्रासंगिक पत्रानुसार पूर्व में स्वच्छ भारत मिशन, पूर्व नाम सम्पूर्ण स्वच्छता अभियान के तहत एक जिला में एक ही बैंक खाता होगा, तथा जिन जिलों में दो कार्यपालक अभियंता (असैनिक) कार्यरत है, वहाँ दोनों कार्यपालक अभियंता सह सदस्य सचिव के रूप में कार्य करेंगें।

उक्त में संसोधन करते हुए 1 अप्रैल, 2016 से यह व्यवस्था प्रभावी होगी :–

1. जिन जिलों में दो कार्यपालक अभियंता(असैनिक) कार्यरत है (अर्थात ग्रामीण क्षेत्र में दो विभागीय प्रमण्डल है वहाँ स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा॰) के कार्य दो अलग बैंक खाता संचालित होगा।
2. शेष सभी जिलों में एक ही बैंक खाता संचालित होगा।
3. कार्यपालक अभियंता कैश बुक व लेखा संधारण करेंगे।
4. स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा॰) मार्गदर्शिका व समय–समय पर पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा देय निदेशों के अनुरूपव्यय किया जाएगा।
5. व्यय सम्बन्धी प्रतिवेदन तैयार करने, ऑन लाईन इन्ट्री व लेखा परीक्षा की जिम्मेवारी कार्यपालक अभियंता की होगी।
6. अन्तर जिला निधि हस्तांतरण के लिए निदेशक, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा॰) पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के अधिकृत होंगे।

7. यह व्यवस्था आगामी वित्तिय वर्ष 2016–17 से अर्थात 01.04.2016 से प्रभावी होंगी।

8. अप्रैल, 2016 के प्रथम सप्ताह में उपायुक्त द्वारा दो कार्यपालक अभियंता (असैनिक) वाले जिलों (यथा– बोकारो, धनबाद, पूर्वी सिंहभूम, प० सिंहभूम, गिरिडीह, राँची, देवघर, दुमका) के दोनों कार्यपालक अभियंताओं के साथ बैठक कर राशि (बैंक खाता व असमायोजित अग्रीम) के सम्बंध में लक्ष्य व प्रगति के आधार पर निर्णय लिया जाएगा व नये खाता की सूचना निदेशक को उपलब्ध करा दी जाए।

यह सूनिश्चित किया जाए कि 10 अप्रैल, 2016 के पश्चात उक्त जिलों में SBM-G के तहत दो अलग–अलग बैंक खाता व कैशबुक संधारित होंगा। इसके अतिरिक्त SBM-G से सम्बन्धित किसी प्रकार के खाते का व्यवहार नहीं होगी यदि किसी Division अथवा जिलें में इस प्रकार के खातें है तो उन्हे मार्च, 2016 से पूर्व बन्द कर दिया जाए।

माननीय विभागीय मंत्री का अनुमोदन दिनांक 16.02.2016 से प्राप्त है।

विश्वासभाजन,

17/2/16

**(राजेश कुमार शर्मा)**
निदेशक, SBM(G)
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

ज्ञाप संख्या: DWSC खाता संचालन - 46/2016 - 260 /SBM-G दिनांक: 17.02.16

प्रतिलिपिः अभियंता प्रमुख /सभी मुख्य अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड/ निदेशक, वर्ल्ड बैंक परियोजना को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

17/2/16

निदेशक, SBM(G)
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

ज्ञाप संख्या: DWSC खाता संचालन - 46/2016 - 260 /SBM-G दिनांक: 17.02.16

प्रतिलिपिः माननीय मंत्री, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड को सूचनार्थ समर्पित।

17/2/16

निदेशक, SBM(G)
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

ज्ञाप संख्या: DWSC खाता संचालन - 46/2016 - 260 /SBM-G दिनांक: 17.02.16

प्रतिलिपिः प्रधान सचिव, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड को सूचनार्थ समर्पित।

17/2/16

निदेशक, SBM(G)
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

झारखण्ड सरकार

# पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

पत्र संख्याः SBM(G)-98/2009 ((Part-II)- 585 / SBM-G, दिनांक : 22-06-16

**प्रेषकः** **अमरेन्द्र प्रताप सिंह,** (भा०प्र०से०)
प्रधान सचिव
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग।

**सेवा में,**

***Email/Fax***

1. सभी उपायुक्त–सह–अध्यक्ष
 जिला जल एवं स्वच्छता समिति, झारखण्ड।
2. सभी कार्यपालक अभियंता–सदस्य सचिव
 जिला जल एवं स्वच्छता मिशन प्रकल्प, झारखण्ड।

**विषयः** **IHHL के निर्माण एवं राशि हस्तांतरण के सम्बंध में।**

**प्रसंग :** **इस कार्यालय के पूर्व पत्रांक NBA(TSC)-98/09(Part-I)1651/SWSM दिनांक 30.09.2015**

महाशय,

इस कार्यालय द्वारा पूर्व में निर्गत पत्रांक NBA(TSC)-98/09 (Part-I)1651/SWSM **दिनांक 30.09.2015** की कण्डिका 3(i) तथा (iv) में उपायुक्त एवं कार्यपालक अभियंता को निर्देश है कि इसकी सूचना सभी प्रखण्ड स्वच्छता पदाधिकारी तथा सहायक प्रखण्ड स्वच्छता पदाधिकारी को भी दी जाय/सभी प्रशिक्षण में स्पष्ट की जाय। कतिपय सुधार का प्रस्ताव अधोहस्ताक्षरी एवं निदेशक SBM(G) द्वारा विभिन्न जिलों के भ्रमण तथा DC/DDM/नवार्ड/NRLM तथा SHG ग्रुप/NGO पदाधिकारी के साथ हुए विमर्श में प्राप्त हुआ था। सम्बंधित पदाधिकारी द्वारा यह स्पष्ट किया गया कि नई मार्गदर्शिका के तहत् SHG को ग्रेड नहीं किया जाता है, "पंचसूत्र" के आधार पर पहचान किया जाता है। वर्तमान स्थापित व्यवस्था एवं समय–समय पर ग्रामीण विकास विभाग/नवार्ड द्वारा निर्धारित मानक यथावत लागू रहेंगे। इसी तरह स्वनिर्मित एवं Uses वाले मामलों में भुगतान में विलम्ब की सूचना देवघर, मधुपुर एवं अन्य जगह से प्राप्त थी। इसी कम में निम्नानुसार संशोधन किया जाता है :–

(A) कंडिका 3(i) में SHG के graded होने की बाध्यता को समाप्त किया जाता है तथा यह निदेश दिया जाता है कि NRLM के तहत पंचसूत्र का पालन करने वाले SHG को ही निर्माण कार्यों से जोड़ा जाए।

(B) कंडिका 3(iv) के अनुरूप पूर्व में निर्माण पूर्ण होने तथा फोटो IMIS पर upload होने पर ही राशि देने का प्रावधान था। सम्यक विचारोपरान्त अब निर्माण पूर्ण होने एवं uses का प्रतिवेदन प्राप्त होने पर प्रति शौचालय 10,000/– (दस हजार रुपये) तथा IMIS पर फोटो upload होने पर शेष 2,000/– (दो हजार रुपये) लाभुक के खाते में e-transfer किया जायेगा।

(C) यह प्रयास किया जाय कि लाभुक द्वारा स्वतः निर्माण प्रारम्भ होने के साथ ही फोटो अपलोड का दायित्व सम्बंधित प्रेरक/पदाधिकारी को आवंटित कर दिया जाय ताकि निर्माण पूर्ण तथा Uses के बाद पूरी राशि रू० 12000/–(बारह हजार) एक मुश्त स्थानान्तरित हो। इस हेतु विशेष प्रयास किया जाय। उपायुक्त/DWSC/EE/प्रखण्ड स्वच्छता पदाधिकारी एवं सहायक प्रखण्ड स्वच्छता पदाधिकारी सुनिश्चित करें।

शेष कंडिकाएँ यथावत रहेंगी।

विश्वासभाजन,

22/06/16

**(अमरेन्द्र प्रताप सिंह)**
प्रधान सचिव
पेयजल एवंस्वच्छता विभाग

ज्ञाप संख्याः SBM(G)-98/2009 ((Part-II)- 585 / SBM-G, दिनांक : 22-06-16.

**Email/Fax** प्रतिलिपि : UNICEF/Water-Aid/GSF/WSP-SA/BRC, Jharkhand / सभी मुख्य अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड / सभी जिला के विभागीय नोडल पदाधिकारी / सभी अधीक्षण अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, झारखण्ड को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रधान सचिव
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

ज्ञाप संख्याः SBM(G)-98/2009 ((Part-II)- 585 / SBM-G, दिनांक : 22-06-16

**Email/Fax** प्रतिलिपि : सभी प्रमण्डलीय आयुक्त, झारखण्ड सरकार को सूचनार्थ समर्पित।

प्रधान सचिव
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

## झारखण्ड सरकार
# पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

पत्र संख्या: / SBM-G दिनांक :

**प्रेषक:** **अमरेन्द्र प्रताप सिंह**
प्रधान सचिव
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग।

**सेवा में,**
प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी),
झारखण्ड, राँची–834002

**विषय:** **SBM(G) के वित्तीय कार्यों में प्रमंडलीय लेखा पदाधिकारियों की सहभागिता के संबंध में।**

महाशय,

विदित है कि स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) भारत सरकार की एक अग्रणी तथा महत्वाकांक्षी Flagship योजना है। यह योजना भारत सरकार तथा राज्य सरकार के 60:40 प्रतिशत के अनुपात की राशि से कार्यान्वित हो रही है।

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के दिनांक 2 अक्टुबर 2014 से लागू होने के पूर्व यह कार्यक्रम वर्ष 1999 से 31.03.2012 तक सम्पूर्ण स्वच्छता अभियान (TSC) तथा 01.04.2012 से 30 सितम्बर, 2014 तक निर्मल भारत अभियान (NBA) के नाम से चल रहा था। यह योजना केन्द्र सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता प्राप्त योजना है।

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के दिनांक 02.10.2014 से लागू होने के पश्चात इस कार्यक्रम की प्रगति में काफी गति आयी है। भारत सरकार तथा राज्य सरकार का लक्ष्य है कि झारखण्ड राज्य को वर्ष 2019 तक खुले में शौच से मुक्त (ODF) कर दिया जाना है। यह राज्य इस ओर तेजी से अग्रसर है। प्रमंडलों में आपके अधीनस्थ DAO प्रति नियुक्ति पर पदस्थापित है। मा0 प्रधानमंत्री ने योजना का शुभारम्भ 2 अक्टूबर 2014 को किया तथा अन्तिम समय सीमा 2 अक्टूबर 2019 तय किया है। प्रायः मा0 प्रधानमंत्री के मन की बात episode में स्वच्छता का जिक्र सतत् रहता है। इससे सरकार की प्राथमिकता स्पष्ट है।

प्रमंडलीय लेखा पदाधिकारियों द्वारा SBM(G) से संबंधित लेखाओं के संधारण में भागीदारी कई प्रमंडलों में नहीं हो रही है। जबकि भारत सरकार के ही अन्य राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम (NRDWP) के लेखा संबंधी कार्य में वह भागीदार रहते हैं। भारत सरकार पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय द्वारा जारी स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के दिशा निर्देश की धारा 7.3.6 में यह प्रावधान किया गया है कि **''एस.बी.एम.(जी.) के**

कृ०पृ०उ०......

**लिये लेखा व्यवस्था एस.डब्लू.एस.एम. के लिये मौजूदा व्यवस्था और पेयजल और स्वच्छता मंत्रालय एवं राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर किये गये संशोधन के अनुसार होगी।"** राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन के अंतर्गत चलने वाले NRDWP के कार्यक्रम के लेखा व्यवस्था में प्रमंडलीय लेखा पदाधिकारी भागीदार रहते हैं।

अतः अनुरोध है कि DWSD के कार्य प्रमंडलों के सभी लेखा व्यवस्था में प्रमंडलीय लेखा पदाधिकारियों की भागीदारी सुनिश्चित होनी चाहिए। ऐसे में आप सभी DAOs को स्पष्ट निर्देश देना चाहेंगे कि केन्द्र प्रायोजित फ्लैगशीप स्कीम NRDWP, SBM(G) एवं NNP के कार्यों में पूर्ण भागीदारी DAOs सुनिश्चित करें ताकि गुणवत्ता पूर्ण लेखा संधारण रहें।

अनु0 यथोक्त।

विश्वासभाजन,

ह0/–

**(अमरेन्द्र प्रताप सिंह)**
प्रधान सचिव
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

ज्ञापांक : राँची-07/ग्रा०स्व०-102/03(Part-I)-1301/SBM(G), दिनांकः 07-12-16
प्रतिलिपि : सभी अधीक्षण अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड/सभी कार्यपालक अभियंता, जिला जल एवं स्वच्छता मिशन प्रकल्प झारखण्ड को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

7/12/16

निदेशक, SBM(G)
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

ज्ञापांक : राँची-07/ग्रा०स्व०-102/03(Part-I)-1301/SBM(G), दिनांकः 07-12-16
प्रतिलिपि : सभी उपायुक्त –सह–अध्यक्ष जिला जल एवं स्वच्छता समिति, झारखण्ड/अभियंता प्रमुख, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड/मुख्य अभियंता–सह–कार्यकारी निदेशक, राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन, झारखण्ड को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

7/12/16

निदेशक, SBM(G)
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

ज्ञापांक : राँची-07/ग्रा०स्व०-102/03(Part-I)-1301/SBM(G) दिनांकः 07-12-16
प्रतिलिपि : अपर मुख्य सचिव योजना–सह–वित्त विभाग से सादर अनुरोध है कि पेयजल एवं स्वच्छता विभाग में प्रतिनियुक्त प्रमंडलीय लेखा पदाधिकारियों को NRDWP के साथ–साथ SBM(G) का लेखा संधारण हेतु अपने स्तर से प्रधान महालेखाकार, झारखण्ड को अनुरोध किया जाय।

7/12/16

निदेशक, SBM(G)
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

झारखण्ड सरकार

# पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

पत्र संख्याः NBA(TSC)-98/2009 (Part-I) – 1213/SWSM दिनांक : 23.7.15

**प्रेषकः** **अमरेन्द्र प्रताप सिंह**
सरकार के सचिव।

**सेवा में,**

*Email*

सभी अधीक्षण अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, झारखण्ड।
सभी कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झारखण्ड।

**विषयः** **स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) कार्यक्रम में सहायक अभियंता/कनीय अभियंताओं की भूमिका तथा दायित्व के सम्बंध में।**

**प्रसंग :** **विभागीय पत्रांक 1190 दिनांक 10.07.15**

**महाशय,**

विदित है कि उपर्युक्त विषयान्तर्गत क्षेत्रीय कार्याशालाओं का आयोजन किया गया था, जिसमें सहायक अभियंता/कनीय अभियंता की भूमिका तथा दायित्व पर चर्चा की गई थी। इन कार्यशालाओं में सभी सहायक अभियंता/कनीय अभियंता को स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) में शौचालय निर्माण सम्बंधी जानकारी दी गई तथा उनकी निर्दिष्ट भूमिका की चर्चा की गई। इस संबंध में निम्न दिशा–निर्देश जारी किये जाते है :–

1. सभी कार्यपालक अभियंता अपने प्रमंडल के एक प्रखण्ड का दायित्व सम्बंधित सहायक अभियंता/कनीय अभियंताओं को विभागीय पत्रांक 1190 दिनांक 10.07.2015 के कंडिका 7(ii) के अनुसार करेंगे। पंचायतों के लिए किसी एक सहायक अभियंता या कनीय अभियंता को सम्बंधित प्रखण्ड की संपूर्ण जिम्मेदारी दी जाय। उपायुक्त /कार्यपालक अभियंता संयुक्त रूप से आदेश निर्गत करेंगे।

2. ग्राम सभा/पंचायत स्तर पर बैठक में सम्बन्धित सहायक अभियंता/कनीय अभियंता अपने लक्षित पंचायतों की बैठकों में भाग लेंगे तथा ग्रामीणों को तकनीकी जानकारी देंगे।

3. सम्बन्धित सहायक प्रखण्ड स्वच्छता पदाधिकारी कंडिका–8 से 11 तक पर विभागीय पत्रांक 1190 दिनांक 10.07.15 का पालन करेंगे। सघन पर्यवेक्षण करें तथा तकनीकी सहयोग करेंगे।

4. सहायक अभियंता/कनीय अभियंता VWSC को रोकड़ बही/कैश बुक की इन्ट्री पर विशेष ध्यान देने में/संधारण में आवश्यक मार्ग दर्शन देंगे। पूरे ग्राम का शौचालय

बन जाने तक अंतिम उपयोगिता प्रमाण पत्र के साथ रोकड़ बही/कैश बुक की कार्बन कॉपी या जेरोक्स कॉपी देने में मदद करेंगे। इसका साधारण प्रमंडल स्तर पर प्रकल्प में किया जाए।

5. IMIS Entry / Base line Survey की Entry पर विशेष ध्यान देकर सुयोग्य लाभुक चयन में भूमिका निभाये।

6. सहायक अभियंता/कनीय अभियंता अपने लक्षित पंचायतों में कम से कम प्रत्येक सप्ताह भ्रमण करेंगे तथा VWSC की बैठकों का कार्यवाही बनाना सुनिश्चित करेंगे।

7. सहायक अभियंता/कनीय अभियंता राज मिस्त्री प्रशिक्षण के दौरान मौजूद रहेगें तथा सुनिश्चित करेंगे कि प्रशिक्षण के दौरान कम से कम एक शौचालय जरूर बने तथा सभी ग्रामीण इसे देखें/उनकी सहभागिता रहे। राजमिस्त्री प्रशिक्षण के दौरान सहायक अभियंता/कनीय अभियंता तकनीकी पहलुओं पर ध्यान देंगे तथा राजमिस्त्री को लीच पिट मॉडल के फायदे को जरूर बतायें। साथ ही यह भी सुनिश्चित करें कि प्रशिक्षित मिस्त्री ही शौचालय निर्माण में भाग लेंगे।

8. यूनिसेफ द्वारा विकसित शौचालय चेकलिस्ट को प्रयोग में लाते हुए सहायक अभियंता/कनीय अभियंता तकनीकी गुणवत्तापूर्ण शौचालय का निर्माण सुनिश्चित करेंगे। लाभुक परिवार की सहभागिता सुनिश्चित करायें।

9. सम्बन्धित सहायक अभियंता/कनीय अभियंता अपने लक्षित पंचायतों में हो रहे शौचालय निर्माण के उपरान्त फोटो लेकर आई एम.आई.एस. (IMIS) में इसकी इन्ट्री सुनिश्चित करेंगे।

10. प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के सहयोग से मनरेगा द्वारा बन रहे शौचालयों की एम. आई.एस इन्ट्री भी सुनिश्चित करेंगे।

11. लाभुक स्वतः शौचालय निर्माण करे, इसको बढ़ावा दें। ग्राम सभा में इसके महत्व को बताए। ऐसे लाभुक की एक अलग सूची बने। उन्हें तकनीकी सहयोग दिया जाय। राशि निर्माण पूर्ण होने पर तथा IMIS प्रवृष्टि होने के बाद ही, RTGS से खाते में लाभुक को भुगतान किया जाय।

12. सरकारी कर्मियों/धनी/सक्षम की तथा पूर्व से शौचालय युक्त घरों की सूची बनाकर baseline तथा IMIS को Update करें।

13. सरकारी कर्मी/सक्षम परिवार को प्रेरित कर शौचालय स्व व्यय पर घर के अन्दर निर्माण को Technical सहयोग से पूर्ण कराये। ऐसे परिवार को उपायुक्त द्वारा प्रशंसा पत्र भेजा जाय।

14. आगनबाड़ी सेविका / सहायिका / जलसहिया एवं अन्य समतुल्य को RF के तहत मार्गदर्शिका के तहत आच्छादित किया जाय। उनके DDO की सहमति प्राप्त की जाय ताकि राशि की recovery किस्तों में हो। इसका व्यौरा विधिवत संधारित हो।

15. क्षेत्र भ्रमण हेतु DWSC से प्रशासनिक मद की राशि से पर्यवेक्षण हेतु वाहन आवश्यकता आधारित स्वीकृति प्राप्त कर किया जाय।

उपरोक्त बिन्दुओं पर ध्यान देते हुए अपने लक्षित पंचायतों में दिसम्बर 2015 तक 75% तथा फरवरी 2016 तक 100% शौचालय निर्माण सुनिश्चित किया जाये।

विश्वासभाजन,

22/07/15
(अमरेन्द्र प्रताप सिंह)
सरकार के सचिव

ज्ञाप संख्या : NBA(TSC)-98/2009 (Part-I) – 1213/SWSM दिनांक 23-7-15
प्रतिलिपि : मुख्य अभियंता–सह–कार्यकारी निदेशक, पी0एम0यू0 / सभी उपायुक्त, झारखण्ड को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

22/07/15
(अमरेन्द्र प्रताप सिंह)
सरकार के सचिव

ज्ञाप संख्या : NBA(TSC)-98/2009 (Part-I) – 1213/SWSM दिनांक : 23-7-15
**Email** प्रतिलिपि : यूनिसेफ, झारखण्ड को सूचनार्थ प्रेषित। निदेशक है कि प्रत्येक प्रमंडल के लिए IHHL Check List की ~~5,000 प्रति~~ पर्याप्त प्रति मुद्रण की जाये।

22/07/15
(अमरेन्द्र प्रताप सिंह)
सरकार के सचिव

प्रतिलिपि : श्री नितिन – PMU विभागीय website पर upload करें।

**पेयजल एवं स्वच्छता विभाग**

**एवं**

**ग्रामीण विकास (पंचायती राज) विभाग, झारखण्ड सरकार**

पत्रांक Convergence कैम्प-1186/15- 1628/SWSM दिनांक 23.9.15

सेवा में,

सभी उपायुक्त, झारखण्ड
सभी जिला पंचायती राज पदाधिकारी, झारखण्ड
सभी कार्यपालक अभियन्ता , पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

**विषय – 2 अक्टुबर 2015 को ग्राम सभा का आयोजन तथा ''स्वच्छता'' विषय पर विशेष चर्चा करने के संबंध में।**

महाशय,

आप अवगत है कि प्रत्येक वर्ष 2 अक्टुबर को ग्राम सभा का आयोजन नियमित रूप से किया जाता है। स्वच्छ भारत मिशन का शुभारम्भ 2 अक्टुबर 2014 को किया गया है। इसके तहत राज्य में MNREGA/SBM (G) के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में IHHL का निर्माण विशेष रूप से किया जा रहा है। इसका व्यापक असर ग्रामीण क्षेत्रों में व्यवहार परिवर्तन में देखा जा रहा है। आप अवगत है कि राष्ट्रपिता के 150 जन्मदिवस 2 अक्टुबर 2019 को सम्पूर्ण राज्य को स्वच्छ झारखण्ड घोषित करना है।

राज्य सरकार द्वारा गत एक वर्ष में स्कूलों में 100 प्रतिशत स्वच्छता/शौचालयों का लक्ष्य प्राप्त किया जा चुका है। लगभग दो लाख परिवार व्यक्तिगत रूप से IIHL योजना के तहत आच्छादित हो चुके है। प्रयास जारी है इस वर्ष के अन्त तक लगभग 600 पंचायत को स्वच्छता के तहत आच्छादित करना है। ग्रामीण विकास विभाग एवं पेयजल स्वच्छता विभाग सतत् आपके सहयोग एवं जन भागीदारी से इस लक्ष्य को प्राप्त करने का प्रयास कर रहा है। गुणवता पूर्ण शौचालय निर्माण एवं इसके सतत एवं सपरिवार उपयोग में जन सहभागिता आवश्यक है। इस विषय पर ग्राम सभा में विशेष चर्चा से जन सहभागिता बढेगी एवं स्वस्थ माहौल बनेगा।

पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय ने **25 सितम्बर से 11 अक्टुबर 2015** तक **राष्ट्रीय स्वच्छता जागरूकता पखवाड़ा** आयोजन करने का निर्णय लिया है। राज्य में पंचायती राज व्यवस्था लागू होने के उपरान्त पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की योजनाओं के समुचित कियान्वयन एवं निगरानी में निर्वाचित प्रतिनिधियों तथा समुदाय का पूर्ण सहयोग मिल रहा है। इस कार्यकम का कार्यान्वयन DWSM, DWSC तथा VWSC द्वारा ही किया जा रहा है। इन प्रयासो को सुव्यवस्थित करने हेतु **2 अक्टुबर 2015 को राज्य की सभी पंचायतों में स्वच्छता पर ग्राम सभा** में विशेष चर्चा करना प्रस्तावित है । इन ग्राम सभाओं में आंगनबाड़ी, स्कूलों तथा व्यक्तिगत स्वच्छता पर चर्चा की जानी चाहिए। इस चर्चा तथा निर्णय को ग्राम सभा के कार्यवाही का विशेष अंग बनाया जाय।

उक्त आलोक में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, पंचायती राज विभाग, झारखण्ड सरकार द्वारा यूनिसेफ के सहयोग से एक संक्षिप्त मार्गदर्शिका तैयार की गई है। स्वच्छता पर विशेष चर्चा में अंकित बिन्दुओं के आलोक में चर्चा करना सार्थक होगा। स्थानीय स्तर पर गुणवत्ता सत्यापन में चेक लिस्ट काफी प्रभावी रहेगी।

अनुरोध है कि 2 अक्टुबर 2015 को राज्य की सभी पंचायतो को इस दिशा में प्रेरित करते हुए ग्राम सभा में विशेष चर्चा स्वच्छता पर आयोजित करने में ग्राम सभा से अनुरोध करना चाहेगे एवं पंचायत सेवक के अतिरिक्त सभी जल सहिया/आंगनबाड़ी सेविका/ सरस्वती वाहिनी/VEC के सदस्यों को भी आमंत्रित किया जाय। कृप्या ग्राम सभा आयोजित कराना सुनिश्चित किया जाय ।

**संलग्नः स्वच्छता पर विशेष ग्राम सभा का प्रारूप।**

23/09/15

**सचिव**
**ग्रामीण विकास (पंचायती राज) विभाग**
**झारखण्ड सरकार**

**सचिव**
**पेयजल एवं स्वच्छता विभाग**
**झारखण्ड सरकार**

हमारा काम

पेयजल एवं स्वच्छता विभाग तथा पंचायती राज विभाग, झारखंड सरकार का आग्रह




पेयजल एवं स्वच्छता विभाग तथा पंचायती राज विभाग, झारखंड सरकार ने 02अक्टूबर 2015 को राज्य की विभिन्न पंचायतों में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) पर विशेष ग्राम सभा करने का आग्रह किया है।

इसमें पंचायत प्रतिनिधियों एवं जनसमुदाय के साथ ही ग्राम पेयजल स्वच्छता समिति के सभी सदस्यों, पेयजल एवं स्वच्छता संबंधी सभी कर्मियों, आंगनबाड़ी, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े सभी कर्मियों को शामिल होना है।

आइए, हम स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) पर विशेष ग्राम सभा का महत्व समझें, इसके तरीके जानें और इस मिशन को सफल बनाने का संकल्प लें।

ग्राम सभा बुलाने का दायित्व मुखिया का है। इसलिएस्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) पर विशेष ग्राम सभा बुलाने की सूचना मुखिया द्वारा जारी की जायेगी।




सामान्य क्षेत्र में मुखिया इसकी अध्यक्षता करेंगे। पेसा क्षेत्र में ग्राम प्रधान इस विशेष ग्राम सभा की अध्यक्षता करेंगे।

इसमें सभी ग्रामीणों के साथ ही पेयजल एवं स्वच्छता, आंगनबाड़ी, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं इत्यादि से जुड़े सभी कर्मियों को भी बुलाएं।

unicef

**राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन, झारखंड**
डोरण्डा, रांची

## एजेंडा नंबर एक

**स्वच्छता का महत्व –10 मिनट**

- स्वच्छता ही जीवन है। स्वच्छ तन में ही स्वच्छ मन बसता है। अस्वच्छ होने से बीमारियां होती हैं।
- कई बार हम अस्वच्छता को समझ नहीं पाते। पुरानी आदतों के कारण हमें कोई अस्वच्छता दिखाई नहीं पड़ती।
- कभी–कभी हमें अपने पेयजल में अस्वच्छता नहीं दिखती। कुछ लोगों को खुले में शौच जाना एक सामान्य बात लगती है। बहुते से लोगों को भोजन से पहले हाथ धोने की आदत नहीं।
- गंदगी के कारण वातावरण दूषित होता है। हमारे भोजन और मुंह के माध्यम से किटाणु हमारे शरीर में प्रवेश करते हैं।
- अस्वच्छता एवं शारीरिक अस्वस्थता के कारण हमारा मानसिक स्वास्थ्य भी खराब होता है।
- स्वच्छता होने से हमारा शरीर, हमारा घर और हमारा गांव, हर चीज अच्छा रहता है।

## एजेंडा नंबर दो

**खुले शौच एवं अशुद्ध जल से नुकसान –10 मिनट**



- जिन गांवों में खुले में शौच होता है, वहां का वातावरण दूषित होता है। सड़क किनारे या खेत में किया गया मल विभिन्न तरीकों से हमारे भोजन और हमारे शरीर में प्रवेश करता है।
- ऐसे गांवों में तरह–तरह के किटाणुओं के कारण अनगिनत रोग होते है।
- खुला में शौच के कारण मानव मल पर मक्खियां बैठती हैं। उन मक्खियों के पैर में मानव मल का अंश चिपक जाता है। इसके बाद वही मक्खियां दुकानों, होटल और हमारे घरों में आकर खाद्य पदार्थों पर बैठती हैं।
- इस तरह हमारा भोजन अशुद्ध होता है और हम अनजाने में मानव मल के अंशों को अपने शरीर में प्रवेश करने की घिनौना गलती करते हैं।
- खुला में शौच के कारण हमारा जल भी अशुद्ध होता है।
- स्वच्छ पेयजल का महत्व नहीं समझने के कारण बहुत से लोग अशुद्ध जल का उपयोग भोजन बनाने और पीने के लिए करते हैं। इसके कारण उन्हें तरह–तरह की बीमारी होती है।
- खुले में शौच के कारण हमारी प्रतिष्ठा कम होती है। खासकर महिलाओं को अपमानित होना पड़ता है। बहू–बेटियां शर्म से मुंह नहीं उठा पातीं। मेहमानों के आने पर हमारी इज्जत गिरती है।

## एजेंडा नंबर तीन

**हमारी पंचायत में स्वच्छता की स्थिति –10 मिनट**

- अपनी पंचायत के प्रत्येक गांव में स्वच्छता एवं पेयजल की क्या स्थिति है, इस पर खुलकर चर्चा करें।
- किस गांव के कितने घरों में शौचालय है? जिन घरों में शौचालय है, उन घरों के सारे लोग शौचालय में ही जाते हैं या कि उनमें से भी कुछ लोग बाहर जाते हैं?
- जिन घरों में शौचालय नहीं है, वे लोग कहां जाते हैं?
- खात तौर पर उन घरों की महिलाओं को कहां जाना पड़ता है? अगर किसी महिला को दिन में जरूरत हो तो क्या परेशानी आती है?
- गांव में कोई मेहमान या शहर में रहने वाले लोग आते हैं तो क्या परेशानी आती है?
- पंचायत के किस–किस गांव में किसी योजना के तहत शौचालय बनाये गये? उनकी स्थिति क्या है?
- अपनी पंचायत के प्रत्येक गांव में पेयजल की क्या स्थिति है? क्या पीने और भोजन के लिए उपयोग में लाया जा रहा पानी शुद्ध है?
- अपनी पंचायत की हर आंगनबाड़ी, स्कूल, स्वास्थ्य उपकेंद्र, पंचायत भवन इत्यादि में स्वच्छता एवं पेयजल की क्या स्थिति है?

## एजेंडा नंबर चार

**स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) क्या है –20 मिनट**

- स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) क्यों शुरू किया गया है और इसके तहत क्या किया जाता है?
- स्वच्छ ग्राम का क्या मतलब है? क्या आपके आसपास किसी पंचायत में ऐसा स्वच्छ ग्राम बना है?
- इस योजना के तहत जागरूकता और प्रचार–प्रसार संबंधी काम किस तरह होते हैं?
- व्यक्तिगत शौचालय, सामुदायिक शौचालय और पेयजल संबंधी योजना के प्रमुख नियम क्या हैं?
- आपके प्रखंड एवं पंचायत में इन योजनाओं के तहत क्या काम हो रहा है।

## एजेंडा नंबर पांच

**ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति की संरचना– 10 मिनट**

- आपकी पंचायत के गांवों में ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति के कौन कौन सदस्य हैं?
- इस समिति के प्रमुख काम क्या हैं? अब तक इसके द्वारा क्या काम किये गये? अब तक इसे किस किस मद में कितनी राशि मिली है?
- जलसहिया मुख्य तौर पर क्या–क्या काम करती है? वह अपना काम सही तरीके से कर रही है या नहीं? समिति के अन्य सदस्य इसमें क्या मदद करते हैं?
- आपकी पंचायत के हम गांव को स्वच्छ ग्राम बनाने की दिशा में ग्राम पेयजल स्वच्छता समिति द्वारा क्या कदम उठाये जा रहे हैं।
- ग्राम पेयजल स्वच्छता समिति को किसी प्रकार की परशानी आ रही हो तो उस पर भी चर्चा करें।

## एजेंडा नंबर छह

### पंचायत का दायित्व –15 मिनट

- झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग ने पंचायतों को क्या अधिकार एवं दायित्व सौंपे हैं?
- आपकी पंचायत द्वारा पंचायत के प्रत्येक गांव में पेयजल एवं स्वच्छता के संबंध में अब तक क्या प्रयास किये गये हैं?
- स्वच्छ ग्राम बनाने तथा पेयजल योजना लागू करने में पंचायत प्रतिनिधियों की क्या भूमिका है।
- क्या आप किसी ऐसी पंचायत के बारे में जानते हैं जहां के प्रतिनिधियों ने पेयजल एवं स्वच्छता के मामले में अच्छा काम किया है?
- आपकी पंचायत में अब तक पेयजल एवं स्वच्छता के संबंध में कौन से अच्छे काम हुए हैं?

## एजेंडा नंबर सात

### कैसे बनाएं स्वच्छ ग्राम –15 मिनट

- आपकी पंचायत के किस किस गांव को स्वच्छ ग्राम बनाना संभव है? जिस गांव में ऐसा करना है, वहां के निवासियों की सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति तथा जागरूकता कैसी है? क्या सभी लोग इसके लिए तैयार होंगे?
- पहले अपनी पंचायत के किसी एक गांव को ही स्वच्छ गांव बनाने के लिए चुनें। इसके अनुभव के बाद अन्य गांवों को भी स्वच्छ ग्राम बना सकते हैं।
- जिस गांव को चुना जाये, वहां के निवासियों से चर्चा करके इसके संबंध में पूरी प्रकिया को अच्छी तरह से समझना होगा। इसके लिए आवश्यक फार्म भरकर जमा करना होगा। इसमें पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कर्मियों की मदद मिलेगी।

## एजेंडा नंबर आठ

### खुली चर्चा, कार्ययोजना एवं संकल्प–30 मिनट

- इतनी बात के बाद हर विषय पर खुली चर्चा हो। ग्रामसभा के सदस्यों को खुलकर अपनी बात रखने का अवसर मिले। स्वच्छ ग्राम बनाना जरूरी है या नहीं, ऐसा करना संभव है या नहीं, इस पर बोलने का अवसर दें। अगर कोई अपनी परेशानी बताये या इन योजनाओं को बेकार कहे तो उन्हें भी सुनें क्योंकि अगर अभी उस पर बात नहीं करेंगे तो उनके मन में गलत धारणा बैठी रह जायेगी। ऐसे में आपका मिशन सफल होने में बाधा आयेगी।
- खुली चर्चा के बाद स्वच्छ ग्राम की कार्ययोजना कैसे बनेगी, यह तय कर सकते हैं और अपनी पंचायत के किसी एक गांव को स्वच्छ ग्राम बनाने का संकल्प ले सकते हैं।

## सामान्य जानकारी

**स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)का लक्ष्य एवं कार्य**

- सूचना, शिक्षा, और संचार द्वारा स्वच्छता की आदत विकसित करना।
- देश के हर पंचायत में स्वच्छता लाकर 2019 तक स्वच्छ भारत बनाना।
- ग्रामीण क्षेत्रों में विद्यालय और आंगनवाड़ी केन्द्रों में स्वच्छता की व्यवस्था करना
- छात्र–छात्राओं में स्वास्थ्य शिक्षा और साफ–सफाई की आदत बढ़ाना।
- स्वच्छता कार्यक्रम में किफायती एवं सार्थक तकनीक को बढ़ावा देना।
- ग्रामीण क्षेत्रों में संपूर्ण स्वच्छता के लिए ठोस और तरल कचरा प्रबंधन करना।
- व्यक्गितगत एवं सामुदायिक शौचालय का निर्माण

**स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) का संस्थागत ढांचा**

**जिला स्तर पर**–जिला जल एंव स्वच्छता मिशन। इसके अध्यक्ष जिला परिषद के अध्यक्ष होते हैं।
जिला जल एंव स्वच्छता समिति– इसके अध्यक्ष जिला के उपायुक्त होते हैं। सदस्य सचिव कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता विभाग होते हैं। अन्य जिला स्तर के पदाधिकारीगण समिति के सदस्य हैं।

**प्रखंड स्तर पर** –प्रखंड संसाधन केन्द्र (BRC)
हर जिले में एक एनजीओ का चयन होता है।वह प्रखंड संसाधन केन्द्र का संचालन करता है। हर प्रखंड में एक समन्वयक तथा एक या दो संकुल समन्वयक होते हैं। इनके द्वारा ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति को सहयोग किया जाता है।

**ग्राम स्तर पर**–ग्रामीण जल एंव स्वच्छता समितिः
हर गांव में एक ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति बनायी गयी है।यह समिति स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) चलाती है।
इसका अध्यक्ष मुखिया होते हैं। जल सहिया कोषाध्यक्ष है। समिति के खाते में उपलब्ध राशि की निकासी अध्यक्ष या उपाध्यक्ष एवं कोषाध्यक्ष के संयुक्त हस्ताक्षर से किया जाना है।

**व्यक्तिगत शौचालय का निर्माणः**

- स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत चयनित ग्राम पंचायतों में12000रू. की प्रोत्साहन राशि मिल सकती है।
- मनरेगा अन्तर्गत चयनित ग्राम पंचायतों में भी 12000रू. की राशि से शौचालय का निर्माण कराया जा सकता है।

**किन्हें मिलेगा व्यक्तिगत शौचालय?**

- **अनुसूचित जाति**
- **अनुसूचित जनजाति**
- **वासभूमि के साथ भूमिहीन मजदूर**
- **छोटे व सीमांत किसान**
- **शारीरिक रूप से विकलांग परिवार**
- **महिला प्रमुख परिवार**
- **सभी बीपीएल परिवार**



**खुला शौच मुक्त ग्राम बनाने की प्रकिया**

- ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति के माध्यम से ग्राम स्तर पर बैठक करना।
- बैठक की अध्यक्षता मुखिया करेंगे।
- बैठक में चर्चा हो कि गांव को खुला शौच मुक्त कैसे बनाया जाये और हरेक घर में शौचालय का निर्माण कैसे हो।
- सभी परिवारों को व्यक्तिगत शौचालय बनाने के लिए राजी करना।
- बैठक में शौचालय निर्माण एवं तकनीक पर चर्चा कर सबकी सहमति लेना।
- ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति के रजिस्टर में बैठक की कार्यवाही लिखा जाना है।
- इसके बाद ग्राम का सर्वे करके सभी लाभार्थी की सूची तैयार करें।
- अब हर घर में शौचालय बनाने का प्रस्ताव तैयार करना है। इसके लिए पराक्रमी राशि या अग्रिम राशि की मांग करना है।
- प्रस्ताव की प्रति जिला जल एवं स्वच्छता मिशन के कार्यालय में जमा होगी।
- मनरेगा अन्तर्गत चयनित पंचायतों के प्रस्ताव की एक प्रति प्रखंड कार्यालय में मनरेगा कार्यक्रम पदाधिकारी के पास जमा करके मनरेगा के तहत सहयोग की मांग करें।

**जय स्वच्छता** **जय झारखण्ड**

**राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन, झारखंड**
डोरंडा, रांची
अधिक जानकारी के विभाग से सम्पर्क करें:
टोल फी न0 18003456502 एवं 18003456516

# कार्यालय निदेशक
# स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)

पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, रांची

डोरंडा बाजार पानी टंकी परिसर, प्रथम तल, डोरंडा, राँची.834002 फैक्स/नं. 0651-2481593, Email-sbmg.jhar@gmail.com

पत्र संख्याः SBM(G)/शिकायत (बोकारो)–61/16 – 470 /SBM(G) दिनांक : 05.05.16

**प्रेषकः** राजेश कुमार शर्मा
निदेशक, SBM-G
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग।

**सेवा में,**

*Email*

1. **सभी उपायुक्त–सह– अध्यक्ष**
   जिला जल एवं स्वच्छता समिति, झारखण्ड (बोकारो को छोड़कर)।
2. **सभी अधीक्षण अभियंता,**
   पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, झारखण्ड।
3. **सभी कार्यपालक अभियंता**
   पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झारखण्ड।

**विषयः** **स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के दिशा निर्देशिका पर क्रियान्व्यन के सम्बंध में।**
**प्रसंग :** **सरकार के प्रधान सचिव, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग का ज्ञापांक–87/ P. Sec., दिनांक 03.03.2016**

महाशय,

उपरोक्त विषयक प्रासंगिक प्रधान सचिव के पत्र का अवलोकन किया जाय। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) केन्द्र प्रायोजित महत्वाकांक्षी योजनाओं में एक है, जिसके लक्ष्य के विरूद्ध उपलब्धि हेतु क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान देना अत्यंत आवश्यक है। किन्तु श्रीमती चिंता देवी, जिला परिषद सदस्या–07, बोकारो द्वारा की गयी शिकायत अत्यंत गम्भीर है।

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के दिशा निर्देशिका में लाभुक द्वारा स्वयं या ग्रामीण एजेंसी (VWSC) के सहयोग से घरेलु व्यक्तिगत शौचालय का निर्माण पर विशेष जोर दिया गया है, जैसे – "SBM(G) Guidelines para – 5.4.3. Construction of Individual Household Latrines – Ideally the construction activities should be taken up by the individual beneficiaries themselves with support from/or through agencies in the village". VWSC द्वारा औपचारिक अथवा अनौपचारिक रूप से ठेका देकर किसी व्यक्ति विशेष को भुगतान कर IHHL का निर्माण कराया जाना बिल्कुल गलत है। यह दिशा निर्देशिका में निहित नहीं है। विदित हो कि विभाग की भी ऐसी मंशा नहीं है। शौचालय निर्माण में लाभुकों की सहभागिता शत्प्रतिशत होनी चाहिए। ऐसे VWSC के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाय।

अतः निदेशित किया जाता है कि यथा सम्भव सम्बंधित लाभुकों को प्रेरित किया जाय कि वे स्वयं IHHL का निर्माण करें। निर्माण कार्य पूर्ण होने पर IMIS में फोटो अपलोडिंग होने पर ही लाभुकों के बैंक खाता में RTGS के माध्यम से भुगतान किया जाय। पंचायत स्तर पर अवैध वसूली करने करने वाले एवं कमीशन लेने वाले पर कार्रवाई की जाय। प्रखण्ड सहायक स्वच्छता पदाधिकारी, जल सहिया, जिला समन्वयक अगर दोषी हों तो उन्हें भी चिन्हित कर उनके विरूद्ध समुचित कार्रवाई सुनिश्चित की जाय।

विश्वासभाजन

अनु0ः यथोपरि।

**(राजेश कुमार शर्मा)**
निदेशक, SBM(G)
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

ज्ञाप संख्या : SBM(G)/शिकायत (बोकारो)–61/16 – 470 /SBM(G) दिनांक : 05-05-16.
प्रतिलिपि : सरकार के प्रधान सचिव, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, राँची को सूचनार्थ समर्पित।

निदेशक, SBM(G)
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

## 5.3 Capacity Building

5.3.1 This component is for building capacities of stakeholders and sanitation workers, the Swachhata Doots/Sena, members of PRIs, VWSCs, functionaries of BPMU, DWSM, ASHA, Anganwadi workers, SHG members, masons, CSOs/NGOs etc. The training is to be on various approaches of IEC promoting Behavioural change including Triggering (CLTS), SLTS, IPC and House to House communication etc., masonry work, plumbing, as well as for construction and maintenance of toilets and for Solid and Liquid Waste Management works.

Central and State level Training Institutes ,Resource Centers /Key Resource Centers (KRCs), District Resource Centers, and empanelled NGOs/CBOs and agencies with experience in capacity building should be engaged for such trainings.

5.3.2 The Annual Action Plan of each district shall have details of the annual Capacity Building Action plan covering every GP in the district, with identification of the training institute/agency, training components and of the intended trainees, with definite timelines. The Capacity building exercise shall be monitored by district authorities, Swachhata mission of the States and at the District and State levels.

5.3.3 Funding for the Capacity Building Action plan will be from the IEC budget of upto 0.75% of each Districts total project cost, out of which 0.25% can be spent at the State level. The sharing pattern of expenditure will be in the ratio of 75:25 between GOI and the State Government.

## 5.4 Construction of Individual Household Latrines

5.4.1 A duly completed household sanitary latrine **shall comprise of a Toilet Unit including a substructure which is sanitary** (that safely confines human feaces and eliminates the need of human handling before it is fully decomposed), a super structure, with water facility and hand wash unit for cleaning and handwashing. The Mission aims to ensure that all rural families have access to toilets. There are various models of toilets available based on safe sanitation technologies like the Twin Pit, Septic tank, Bio toilets amongst others. The Ministry encourages the development of other safe technologies, and States shall disseminate information about available technologies and their costs to the beneficiary to enable him to make an informed choice. States can also consider the construction of 'Row' toilets and Complexes for a group of families, mainly where it is not possible to construct IHHLs. It should be ensured that the toilets constructed for Individual households meet the minimum design specifications to ensure their sustainability. Care shall be taken to ensure that these toilets are not over designed and over constructed. I.e. building extra large pits which are not required, to keep them affordable and also to prevent problems like contamination of drinking water. States have to ensure through effective communication that such tendencies are restricted. Appropriate information has to be provided to the beneficiary regarding the maintenance of the toilets provided. **The Toilets must have a superstructure acceptable to the beneficiaries,** as the poor quality of toilets constructed has been one of the main complaints against earlier sanitation programmes. Various options for the Superstructure should be explored and information about the options available provided to the beneficiary for him to choose from.

For optional design specifications of some of the onsite technologies of toilets, a Handbook on Technical Options for on-site Sanitation, issued by the Ministry may be referred at http://www.mdws.gov.in/sites/upload_files/ddws/files/pdfs/Final%20Handbook.pdf. This publication shall be updated from time to time.

5.4.2 Incentive as provided under the Mission for the construction of Individual House Hold Latrines (IHHL) shall be available for all Below Poverty Line (BPL) Households and Above Poverty Line (APL) Households restricted to SCs/STs, small and marginal farmers, landless labourers with homestead, physically handicapped and women headed households.

